हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 292 ● शनिवार 06 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

मैं कहता हूं-भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं-भ्रष्टाचारी बचाओ : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान की धरती से विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, "'मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे (विपक्षी) कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।" लोकसभा चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने हमेशा कांग्रेस के पापों की कीमत चुकाई है। लेकिन अब, जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब लिया जा रहा है, तो वे सभी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे विपक्षी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा, "मैं इन भ्रष्ट परिवार वालों से कहना चाहता हूं कि आप कितना भी झूठ फैला लें, मोदी डरने वाला नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशहित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने कोर्ट में जाकर कहा था कि प्रभु श्रीराम तो काल्पनिक हैं। अभी कुछ महीने पहले ही अयोध्या में, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मन रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा, "कांग्रेस और उसके सहयोगी गरीबों, दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के कल्याण और सम्मान की उपेक्षा करते हुए, अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से बाबा साहेब आम्बेडकर की उपेक्षा की है, दशकों तक भारत रत्न के साथ उनकी मान्यता में बाधा डाली और आपातकाल लगाया, संविधान को बंधक बना लिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे आईएनडीआई गठबंधन पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने में विफल रहा और इसके विपरीत, मोदी ने इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। भाजपा ने देश के पहले दलित राष्ट्रपति और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को नियुक्त किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के दुस्साहस की ओर भी इशारा किया और कहा कि हमारी सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के दौरान, कांग्रेस और उसके सहयोगी सेना की बहादुरी का सबूत मांग रहे थे। इस अहंकारी गठबंधन ने हमारे सशस्त्र बलों का अपमान किया और देश को विभाजित करने की कोशिश की। यही कांग्रेस पार्टी की असली पहचान है। उन्होंने आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, "आज दुश्मन भी जानता है- भारत घर में घुसकर मारता है। एक राज्य के रूप में राजस्थान के महत्व और पूरे देश में इसके जुड़ाव पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के मिशन पर काम कर रहा है। इस विकसित भारत मिशन में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है।

सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाना होगा : नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जनसेवा के महायज्ञ को जारी रखने के लिए हमें अपनी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी नमो ऐप के जरिए कर्नाटक के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि ये वो दिन है जो जनसेवा का संकल्प और मजबूत करता है। जनसेवा के इस महायज्ञ को जारी रखने के लिए सरकार में वापसी उतनी ही जरूरी है और जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी उतना ही जरूरी है। इसलिए 10 वर्षों तक कार्य करके हमने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, हमें उन सबको जनता तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहता है। छह अप्रैल और सात मई की तारीखें आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाली हैं। भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते मैं यहां आपसे बात करने आया हूं। प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता को भाजपा पर पूरा भरोसा है। 'चार जून, 400 पार' की गूंज हमें घर-घर में सुनाई दे रही है। कार्यकर्ताओं से बूथ जीतने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बूथ जीतना है।

समानता के मुद्दे पर भारत को इस ग्रह पर किसी से उपदेश की जरूरत नहीं: उपराष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि भारत को समानता के मुद्दे पर इस ग्रह पर किसी से उपदेश की आवश्यकता नहीं है। देशों से अपने भीतर झांकने का आह्वान करते हुए उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कुछ देशों में अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं है जबकि हमारे यहां ब्रिटेन से भी पहले एक महिला प्रधानमंत्री थीं। अन्य देशों में सुप्रीम कोर्ट ने बिना महिला जज के 200 वर्ष पूरे कर लिये लेकिन हमारे यहां है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में उनके व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चरण-एक के समापन पर 2023 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने युवा दिमाग से ऐसे "तथ्यात्मक रूप से अस्थिर राष्ट्र विरोधी आख्यानों के रणनीतिक आयोजन" का खंडन करने का आह्वान किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में शासन व्यवस्था बेहतर हुई है। लोकतांत्रिक मूल्य और सार गहरा हो रहा है, क्योंकि कानून के समक्ष समानता को अनुकरणीय तरीके से लागू किया जा रहा है और भ्रष्टाचार अब एक व्यापारिक वस्तु नहीं रह गया है। पहले यह अनुबंध, भर्ती, अवसर तक पहुंचने का एकमात्र तंत्र था। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश को निराशा से बाहर निकाला गया है। भारत आशा और संभावना की भूमि बन गया है। यह कहते हुए कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। भारत की वैश्विक छवि बढ़ रही है। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने आईएएस परिवीक्षार्थियों से कहा कि लोग उन्हें आदर्श के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि आपको ऐसे कार्यों से मिसाल पेश करनी होगी, जो अनुकरणीय हों। युवा दिमागों को प्रेरित करें और किसी भी क्षमता में बड़ों की प्रशंसा प्राप्त करें। सभ्यतागत मूल्यों को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बताते हुए उप राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से सेवा-भाव और समानुभूति-सेवा और सहानुभूति की भावना के साथ काम करने को कहा। नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में फैलाई जा रही झूठी कहानी और गलत सूचना के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने रेखांकित किया कि सीएए न तो किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित करना चाहता है और न ही यह पहले की तरह किसी को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है। यह सीएए पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण की सुविधा प्रदान करता है। सीएए उन लोगों पर लागू होता है जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आमद का निमंत्रण नहीं है।

ख़ास ख़बर

पीएम मोदी 7 अप्रैल को जबलपुर से मप्र चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे

नई दिल्ली। मप्र में वैसे तो लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई। राजनीति पार्टियां अपने अपने तरीक से चुनाव प्रचार में जुट गईं। लेकिन अभी स्टार प्रचारकों का दौरा शुरु नहीं हुआ है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जबलपुर निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो करके मध्य प्रदेश में सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। लोकसभा चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पीएम मोदी का यह पहला प्रदेश दौरा होगा। भाजपा की शहर इकाई के अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री सात अप्रैल की शाम को जबलपुर में एक रोड शो करेंगे। पार्टी की बालाघाट जिला इकाई के प्रमुख राम किशोर कावरे ने कहा कि इसके दो दिन बाद पीएम मोदी बालाघाट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। राज्य के महाकोशल क्षेत्र (दक्षिण-पूर्व) में स्थित बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी मतदाता हैं। पीएम मोदी यहां से महाकौशल को साधने की कोशिश करेंगे। उनके इस दौर को लेकर भाजपा उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए कदमों पर ही इसराइल का समर्थन करेगा अमेरिका

वाशिंगटन। गाजा में चल रहे युद्ध में इजराइली कार्रवाई को लेकर गाजा में इजराइली हवाई हमले में सात खाद्य सहायताकर्मियों के मारे जाने के कुछ दिन बाद बाइडन और नेतन्याहू ने फोन पर बातचीत की। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि गाजा युद्ध के लिए अमेरिकी समर्थन आम नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए उठाए गए नए कदमों पर निर्भर करेगा। बाइडन और नेतन्याहू की फोन पर बातचीत के बाद व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति ने इजराइल को आम नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत को लेकर साफ कर दिया है। उन्होंने साफतौर पर कहा कि गाजा के संबंध में अमेरिकी नीति इस संबंध में इजराइल की तत्काल कार्रवाई के आकलन से ही निर्धारित की जाएगी। पिछले दिनों गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में परमार्थ समूह के लिए काम करने वाले छह अंतरराष्ट्रीय सहायता कर्मियों और उनके फलस्तीनी वाहन चालक की मौत हो गई थी। जिसे लेकर अमेरिकी प्रशासन काफी नाराज था।

लोकसभा चुनावः कांग्रेस ने जारी किया घोषणा-पत्र

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। चुनाव में सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने अपने घोषणा पत्र में कई वादे भी कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने भी आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में नौकरी, महिला को न्याय किसानों और मजदूरों के लिए वादे किए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस नेता राहुल गाँधी,सोनिया गाँधी ने घोषणा पत्र लॉन्च किया। कांग्रेस ने जनमानस को लुभाने के लिए 5 न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा की है।

ये न्याय और गारंटी के बारे में ऐसे जानिए: किसान न्याय में कांग्रेस ने स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू की जाएगी। कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग का गठन किया जाएगा। वहीं किसान बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा भेजा जाएगा। इसी तरह किसानों से सलाह मशविरा कर नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी और किसानी के लिए जो भी चीज़ होगी उस पर से जीएसटी हटेगा जाएगा। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं से कई बड़े वादे किए हैं जिसमें नौकरी पक्की के लिए हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार मिलेगा। नौकरी के लिए कांग्रेस ने 30 लाख सरकारी नौकरियां निकाली जाएंगी और सभी खाली पद कैलेंडर के अनुसार भरे जाएंगे। इसी तरह पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाई जाएंगी। वहीं कांग्रेस ने गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड तैयार किया जाएगा। जारी घोष्णा पत्र में कांग्रेस ने महिलाओं को लेकर अपने घोषणा पत्र में नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। वहीं केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण दिया जाएगा। शक्ति का सम्मान में आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स की सैलरी इजाफा किया जाएगा। महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में अधिकार मैत्री बनाई जाएगी। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले हॉस्टल खोले जाएंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में श्रमिकों के लिए भी कई वादे किए हैं जिसमें 400 रुपए कम से कम दैनिक मज़दूरी, मनरेगा में भी श्रमिको श्रम का सम्मान दिया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य के लिए 25 लाख रुपए के हेल्थ-कवर में मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना बनाई जाएगी। असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा लागू की जाएगी। वहीं सभी को रोजगार मिले इसके लिए मुख्य सरकारी कार्यों में ठेका प्रथा पर मजदूरी बंद की जाएगी। वहीं कांग्रेस ने सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती की जाएगी। संवैधानिक संशोधन द्वारा 50% सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक़ दिलवाया जाएगा।

UN भारत में चुनाव की चिंता न करेः जयशंकर

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर UN को चिंता करने की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्री जयशंकर ने केरल के तिरुवनंतपुरम में लोकसभा चुनाव के लिए अपने मंत्रिमंडल सहयोगी और भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के लिए प्रचार के दौरान UN की एक टिप्पणी का जवाब दिया। उन्होंने कहा, "किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत में चुनाव कैसे होना चाहिए। मेरे साथ भारत के लोग हैं। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसलिए, इसके बारे में चिंता न करें। दरअसल, 29 मार्च को UN जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, "हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए।" दुजारिक से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भारत में बने सियासी माहौल पर सवाल किया गया था। इसके जवाब में स्टीफन ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने की बात कही थी। दरअसल, UN समेत अमेरिका और जर्मनी लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि "भारत की चुनावी और कानूनी प्रक्रिया पर किसी दूसरे देश की टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। भारत में चुनावी प्रक्रिया कानून के शासन के हिसाब से चलती है। किसी भी सहयोगी देश, खासकर जो खुद लोकतांत्रिक है, उसे इस प्रक्रिया का सम्मान करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।"

21 मार्च को ED ने दिल्ली CM केजरीवाल को गिरफ्तार किया था : शराब नीति घोटाला मामले में केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। वे 28 मार्च तक ED की हिरासत में हैं। केजरीवाल ED कस्टडी से सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कोर्ट में पेशी के समय कहा था कि वे इस्तीफा नहीं देंगे और जरूरत पड़ी तो जेल से सरकार चलाएंगे।

प्रधानमंत्री की 7 अप्रैल को नवादा में, गृहमंत्री शाह की 9 को औरंगाबाद में चुनावी रैली

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के नवादा जिले में 07 अप्रैल को चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 09 अप्रैल को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि औरंगाबाद में जनसभा के बाद शाह फिर पटना लौटेंगे और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 04 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने जमुई में चुनावी जनसभा को संबोधित किया था।

शराब घोटाला भाजपा का रचा हुआ कुचक्र से ज्यादा कुछ नहीं : संजय सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

जेल से छूटने के बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह पहली बार पत्रकारों से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। काम करने वाले एक मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है। संजय सिंह ने आगे कहा, 'आज आपके सामने यह बताने के लिए आया हूं कि कैसे कुचक्र रचकर और साजिश रचकर अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार किया गया है। मंगूटा रेड्डी ने कुल 3 और उसके बेटे ने 7 बयान दिए। 16 सितंबर को पूछा गया कि क्या आप अरंविद केजरीवाल को जानते हो तो उसने माना कर दिया था। उसके बेटे को 5 महीने के लिए जेल भेजा दिया जाता है। 10 फ़रवरी से 16 जुलाई को 7वां बयान होता है और उसका बयान बदल जाता है। वह अरविंद के खिलाफ बयान देता है। संजय सिंह ने दावा किया कि बाप-बेटे के 9 बयान में अरविंद के खिलाफ कुछ नहीं था। बाद में दबाव बनाकर बयान दिलवाया गया। संजय सिंह ने ईडी की ओर से दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले पर की गई कार्रवाई पर जमकर बरसे। आम आदमी पार्टी के सांसद ने कहा, 'साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। काम करने वाले सीएम को जेल में डाला। शराब घोटाले में बीजेपी के बड़े नेता शामिल हैं। दबाव डालकर केजरीवाल पर बयान दिलवाया गया। जबरन केजरीवाल का नाम बुलवाया गया है। मंगूटा परिवार में केजरीवाल का कहीं जिक्र नहीं है। दबाव के बाद 7वें बयान में अपना बयान बदला। संजय सिंह को तो जमानत मिल गई है, लेकिन मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी भी जेल में बंद हैं। संजय सिंह ने जांच एजेंसी की इस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि आप नेताओं को जानबूझकर जेल में डाला गया है। बता दें कि सीएम केजरीवाल को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।बता दें कि दिल्ली के कथित शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था।

सीबीआई को मिली के. कविता से पूछताछ की अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने सीबीआई को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दे दी है। सीबीआई ने याचिका दायर कर कविता से पूछताछ की अनुमति मांगी थी। कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि सीबीआई को एक दिन पहले जेल अधिकारियों को जानकारी देनी होगी। कोर्ट ने 4 अप्रैल को के. कविता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। जमानत याचिका पर 8 अप्रैल को फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट ने 26 मार्च को के. कविता को 9 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। पेशी के दौरान के. कविता ने कहा था कि यह मनी लांड्रिंग का नहीं, बल्कि राजनीतिक लांड्रिंग का मामला है। यह एक मनगढ़ंत और झूठा मामला है। हम बेदाग, बेकसूर साबित होंगे। ईडी के मुताबिक के कविता ने सौ करोड़ की हेराफेरी की थी। आरोप है कि इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं।

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से तंग जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती हैः सुले

एजेंसी। नई दिल्ली

सांसद एवं एनसीपी संस्थापक शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले को एनसीपी ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला उनकी भाभी और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। यह सीट देश में चर्चा का विषय बनी है लोगों में उत्सुकता है कि देखें ननद-भौजाई में कौन बाजी मारता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि देश में लोग बदलाव चाहते हैं, क्योंकि वे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई से तंग आ चुके हैं। उन्होंने वर्तमान सरकार पर महिला एवं किसान विरोधी होने का आरोप भी लगाया। सुले ने बिजली की दरों में वृद्धि के खिलाफ अपनी पार्टी की शहर इकाई द्वारा आयोजित प्रदर्शन से इतर कहा कि देश में लोग बदलाव चाहते हैं, क्योंकि वे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी एवं महंगाई से तंग आ चुके हैं। चूंकि केंद्र में बैठी यह सरकार महिला एवं किसान विरोधी है। सुले से एनसीपी नेता एकनाथ खडसे के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वह इसके बारे में कुछ नहीं कह सकती हैं, क्योंकि वह अपने क्षेत्र में सूखे की स्थिति से निपटने में व्यस्त हैं। जब सुले से इस खबर के बारे में पूछा गया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 30 फीसदी से अधिक छात्रों को नौकरी नहीं मिली है तो उन्होंने कहा कि यह देश में बढ़ती बेरोजगारी को दर्शाता है। बता दें बारामती में चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। मतों की गणना चार जून को होगी।

जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत पर श्वष्ठ की बड़ी कार्रवाई

रांची । झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। जमीन घोटाले में जेल में बंद सोरेन के खिलाफ श्वष्ठ ने जांच तेज कर दी है। श्वष्ठ ने हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया, जिसकी कीमत करीब 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये जमीन रांची के बरियातू में है। ईडी ने गुरुवार को बताया कि पूर्व ष्टरू सोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत ये कार्रवाई की गई है। जमीन घोटाले में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे के बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की। इस मामले में अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ घोटाले का आरोप है। ईडी ने कहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी झारखंड के राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी एवं सरकारी रिकॉर्ड संरक्षक प्रसाद हैं। प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। प्रसाद अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए सोरेन समेत कई लोगों को अपराध की कमाई करने, जमीन पर अवैध कब्जे, अधिग्रहण समेत जैसी गतिविधियों में उनकी मदद की है। श्वष्ठ की जांच में पाया गया है कि जमीन के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ किया गया ताकि इसका फायदा भूमाफिया उठा सके। बता दें कि ईडी ने हेमंत सोरेन के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ 5500 पन्नों की चार्जशीट दायर की है।

संक्षिप्त समाचार

हाजीपुर में चिराग पासवान को पशुपति पारस का समर्थन

पटना, एजेंसी। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति पारस ने हाजीपुर लोकसभा सीट पर अपने भतीजे चिराग पासवान का समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत ही उनका मकसद है। ऐसे में हाजीपुर सीट से भले ही चिराग पासवान या एनडीए के किसी भी दल का नेता लड़े, पारस का उन्हें समर्थन रहेगा। पशुपति पारस ने चिराग पासवान से दुश्मनी पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आपसी लड़ाई अलग है, लेकिन चुनाव में एकजुट होकर जीतना जरूरी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में हाजीपुर लोकसभा सीट पर आगामी चुनाव में चिराग पासवान का समर्थन करने की बात कही। पारस ने कहा कि भले ही लोजपा हो, चिराग पासवान हो, बीजेपी हो, जेडीयू हो, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी हो या जीतनराम मांझी का दल हो, सभी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। चिराग पासवान से अदावत के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हम नीति और सिद्धांत से चलने वाले लोग हैं। किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी या व्यक्तिगत विरोध है, तो गठबंधन में उसे शामिल नहीं करते हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि बिहार की सभी सीटें जीतकर देश में तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बने। बता दें कि हाजीपुर सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पारस की अपने भतीजे चिराग से लंबी अदावत चली। यहां से पारस अभी सांसद हैं। एनडीए के सीट बंटवारे में बीजेपी ने इस बार हाजीपुर समेत रालोजपा की सभी सीटें चिराग पासवान के गुट वाली लोजपा रामविलास को दे दी। एक भी सीट नहीं मिलने के बाद पारस बीजेपी से नाराज हो गए थे, उनके महागठबंधन में जाने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। हालांकि, एक दिन पहले उन्होंने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को आगामी चुनाव में उनका समर्थन रहेगा।

सनहौला में थ्रेशर के पलटने से मजदूर की मौत

भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी। थाना क्षेत्र के देवकुंडा गांव में थ्रेशर पलटने से 21 वर्षीय बीरबल कुमार पिता जयराम सिंह की मौत हो गई। एक पैर से विकलांग बीरबल बुधवार की देर रात ट्रॉली थ्रेशर लेकर गेहूं तैयारी करने जा रहा था। देवकुंडा पूल के निकट थ्रेशर पलटने से वह दब गया। चाचा दिवाकर सिंह के बयान पर सन्हौला थाना में अप्राकृतिक मौत की मुकदमा दर्ज किया गया है।

सुल्तानगंज- अतिक्रमित जमीन खाली कराने की कार्रवाई शुरू

भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी। नगर परिषद वार्ड 25 स्थित बैकुंठपुर मोहल्ले में गुरुवार से अंचल प्रशासन ने बिहार सरकार की अतिक्रमित जमीन को खाली कराने की कार्रवाई प्रारंभ की। सीओ रवि कुमार ने बताया कि तीन डिसमिल जमीन पर तीन लोगों ने पक्का व कच्चा मकान बना लिया है। पूर्व में वहां के लोगों ने लोक शिकायत निवारण में शिकायत किए जाने पर अतिक्रमण हटाने की हटाने की कार्रवाई शुरू करते हुए मौके पर अंचल राजस्व कर्मचारी, अमीन व सुरक्षा गार्ड के साथ मजदूरों को भेजा गया। देर-शाम तक अतिक्रमित जमीन पर मकान के हिस्से को तोड़ा गया है। अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराकर इसकी रिपोर्ट लोक शिकायत निवारण को भेजा जाएगा।

यादव नगर में स्मैकियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। स्मैकियों के उत्पात से परेशान सदर थाना के यादव नगर मोहल्ला के लोगों ने गुरुवार को स्मैकियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। बताया जाता है कि मोहल्ला में महिला और लड़कियों पर अकसर स्मैकियों द्वारा फब्तियां और छेड़खानी की जा रही थी। एक मैदान में छह स्मैकिया जमघट लगाए हुए थे। रास्ते से आने-जाने वाली इलाके की महिलाओं पर फब्तियां कस रहे थे। लोगों को जब जानकारी मिली तो मुहल्लेवासी वहां पहुंच कर स्मैकिया को दौड़ा-दौड़ा कर पीट कर भगा दिया। सूचना पर सदर थाने की गश्ती पुलिस भी वहां पहुंची। मुहल्लेवासियों ने पुलिस पदाधिकारियों से स्मैकियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की।

शिक्षा विभाग का नया आदेश: 8वीं पास करने वाले छात्रों को अपने ही पंचायत में लेना होगा नामांकन

सीतामढ़ी, एजेंसी। सीतामढ़ी में शिक्षा विभाग द्वारा एक और नया आदेश जारी किया गया है। दरअसल, अब सरकारी स्कूलों से 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का 9वीं कक्षा में नामांकन अपने पंचायत में कराना होगा। अगर किसी कारण आपको पंचायत से बाहर नामांकन कराना है, तो डीईओ से अनुमति लेना होगा। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसमें विभागीय गाइडलाइन के तहत जारी शैक्षणिक सत्र में 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का 9वीं कक्षा में नामांकन पोषक क्षेत्र के अपने ही पंचायत के हाई स्कूल में कराने की रणनीति तय की गई। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा डीपीओ रिशु राज सिंह ने हाई स्कूलों के हेडमास्टरों को जानकारी देते हुए कहा कि अब टैग मिडिल स्कूल से 8वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों का नामांकन संबंधित टैग हाई स्कूलों में किया जाना जरूरी है। डीपीओ ने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में सभी पंचायतों में एक-एक उच्च माध्यमिक स्कूल की स्थापना की जा चुकी है। साथ ही इन उच्च माध्यमिक स्कूलों में योग्य शिक्षक ससमय आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जा रही है। ऐसे में संबंधित पंचायत के मिडिल स्कूलों से 8वीं पास करने वाले बच्चों को 9वीं कक्षा में नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने की जगह अब उनके अपने ही पंचायत स्थित हाई स्कूल में नामांकन कराने का अवसर मिलेगा।

286 उच्च माध्यमिक स्कूल स्थापित

हेडमास्टरों ने पोषक क्षेत्र के निर्धारण साथ ही हेडमास्टरों को निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी 254 पंचायतों और नगर निकाय क्षेत्र समेत कुल 286 उच्च माध्यमिक स्कूल स्थापित है। इसकी जानकारी देते हुए माध्यमिक शिक्षा डीईओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में उच्च माध्यमिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के अनुसार वर्तमान में जिले के सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक स्कूल संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य रहा है कि उक्त पंचायत में छात्र-छात्राओं को 9वीं कक्षा में पढ़ने के लिए अधिक दूरी तय कर दूर के स्कूल में नामांकन कराने की स्थिति नहीं बने। सरकार की इस नीति के अनुरूप बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रथम और द्वितीय चरण में अध्यापक नियुक्ति परीक्षा के अधार पर विषयवार अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया में टीचर योगदान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व से कार्यरत शिक्षक भी इन स्कूलों में उपलब्ध है और विषयवार शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए बीपीएससी से तीसरे चरण की बहाली प्रक्रिया भी जारी है।

किसी कारण पोषक क्षेत्र यानी पंचायत से बाहर के हाई स्कूल में नामांकन कराने वाले बच्चों को डीईओ से अनुमति प्राप्त करना होगा। यानी 8वीं कक्षा पास स्कूल से ट्रांसफर प्रमाण पत्र पर डीईओ से काउंटर साइन कराना अनिवार्य होगा। डीईओ के काउंटर साइन के बगैर पंचायत और पोषक क्षेत्र के बाहर के हाई स्कूल में नामांकन संभव नहीं होगा। विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में अगर कोई स्टूडेंट अपने पंचायत से अन्यत्र दूसरे पंचायत में नामांकन लेने के लिए जाना चाहता है। उन्हें स्कूल ट्रांसफर प्रमाण पत्र(टीसी) निर्गत नहीं किया जाएगा। केवल विशेष परिस्थिति में कारण दर्शाते हुए विद्यार्थी और उनके पेरेंट्स द्वारा अनुरोध करने की स्थिति में डीईओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित स्कूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा।

कपड़ा दुकान में काम करता था मृतक, छानबीन में जुटी पुलिस

पटना में गंगा नदी में युवक ने लगाई छलांग, मौत

पटना, एजेंसी। पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश कुमार (30)के तौर पर हुई है। घटना लॉ कॉलेज घाट मरीन ड्राइव के पास की है। जानकारी के मुताबिक युवक के गंगा नदी में छलांग लगाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ कार्यालय को दी। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के पदाधिकारी राजेंद्र सहनी गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। आनन-फानन में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकाश कपड़ा दुकान में काम करता था। गंगा नदी में वो खुद कूदा है या किसी ने गिरा दिया है। इस बारे में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

कोचिंग से लौट रही थी घर, नालंदा में इलाज के दौरान तोड़ा दम

नालंदा, एजेंसी। नालंदा में एक छात्रा की सड़क हादसे में गुरुवार को मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईमठ गांव के समीप की है। मृतका की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के मानिक बीघा गांव निवासी शिवधारी महतों की (16) वर्षीया पुत्री करीना कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।

घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि करीना कुमारी पढ़ाई कर घर लौट रही थी इसी बीच सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन भी गड्ढे में जा पलटा। स्थानीय लोगों की मदद से करीना को इलाज के लिए कल्याण वीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में करीना की मौत हो गई। वहीं मौके का फायदा उठाकर वाहन चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। मौत की पुष्टि की उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार

सड़क हादसे में घायल छात्रा की मौत, चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर

वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। करीना कुमारी तीन बहन और दो भाई है। पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई के अलावे प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी में जुटी हुई थी। नरसन्ढा स्थित कोचिंग से 12th कक्षा की पढ़ाई कर शाम में साइकिल से घर लौट रही थी। चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं वाहन को जब्त करते हुए थाना लाया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, मुंगेर में बाइक की चपेट में आया वृद्ध

स्थानीयों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया

मुंगेर, एजेंसी। मुंगेर में गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक 62 साल की वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस घटना में आरोपी बाइक चालक सिट्टू कुमार सहित बाइक को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घटना जिला अंतर्गत कासिम बाजार थाना क्षेत्र के चुआबाग स्थित मोकबिरा चांय टोला की है। मृतक की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मोकबिरा चांय टोला निवासी मदन महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जबकि घटना की जानकारी लगने के बाद मुंगेर विधायक प्रणव कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले और सांत्वना दिए। इधर, घटना के संबंध में परिजनों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मदन महतो अपने घर के पास मुख्य सड़क को पार कर दूसरे तरफ जा रहे थे। तभी सामने की ओर से आ रहे तेज बाइक चालक ने अपना संतुलन खोते हुए वृद्ध को धक्का मार दिया। इस घटना में उसे शरीर में गहरी चोट लगने की वजह से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि परिजनों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि घटना के बाद विधायक के पहल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए यातायात थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हालांकि, घटना देर शाम होने की वजह से मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को नहीं हो पाया। शुक्रवार की सुबह उसका पोस्टमॉर्टम होगा। इधर, घटना से नाराज परिजन और आक्रोशित गामीणों द्वारा आरोपी बाइक चालक के साथ मारपीट की गई। जिसे पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर उसका भी सदर अस्पताल में इलाज कराया। यातायात थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हुई है। ग्रामीणों द्वारा आरोपी बाइक चालक को भी पकड़ लिया गया और पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। हमलोग शव का पोस्टमॉर्टम कराने में लगे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पटना में चल रहा था बंद हो चुके 2000 के नोटों को बदलने का खेल, 9.74 लाख जब्त; 12 हिरासत में

पटना , एजेंसी। राजधानी पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन के पास लखनऊ मिलेट्री इंटेलिजेंस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रुपए 2000 के नोट, जो कि 9 लाख 74 हजार रुपए के नोटों के साथ 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है. इंटेलिजेंस को 5 करोड़ के नोट बदले जाने की सूचना मिली थी.

2000 रुपए के बदलने के खेल का पर्दाफाश: बता दें कि मिलेट्री इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम को ने गोपनीय सूचना के आधार पर पाटलिपुत्र थाना अंतर्गत, पाटलिपुत्र जंक्शन के पास पाटलिपुत्र हेरिटेज अपार्टमेंट के रूम नंबर 208 में छापेमारी कर बरामद किया. इस दौरान मौके से 9 लाख 74 हजार रुपए रिकवर किए गए. ये रुपए 2000 के बंद हो चुके नोटों के रूप में थे, जिन्हें बदलने के गोरखधंधे का खुलासा हुआ है. इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है.

2016 में लागू हुई थी नोटबंदी : बता दें कि साल 2016 में मोदी सरकार ने नोटबंदी लागू की थी. तब पुराने 500 और 1000 रुपए के नोटों को बंद कर दिया गया था. जब दोबारा नोट छापे जाने लगे तो 2000 रुपए के नोट छापे गए. लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल 19 मई 2023 को देश की सबसे बड़ी करेंसी 2000 रुपये के नोटों को बंद कर सर्कुलेशन से बाहर कर दिया था. लेकिन उससे पहले इन नोटों का सर्कुलेशन सरकार ने बैंकों के जरिए रोक दिया था.

बालू उठाव के लिए बनाए गए गड्ढे में डूबा बच्चा, मौत

आक्रोशितों ने 2 पोकलेन और ट्रैक्टर में लगाई आग...फायर बिग्रेड की गाड़ी को भी आग के हवाले किया

बांका, एजेंसी। बांका में गुरुवार को गहरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। गड्ढा बालू संवेदक द्वारा बालू उठाव करने के लिए बनाया गया था। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया। गुस्साए लोगों ने मौके पर दो पोकलेन और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। घटना जिले के आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया। इसमें सभी वाहन धूं-धूं कर जलने लगा।

इस दौरान कई घंटे तक जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। आक्रोशित लोगों को उग्र देखते हुए पुलिस प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। घटना की सूचना पर एसडीपीओ राजकिशोर कुमार भी पहुंचे। मामला उग्र देखते हुए आसपास के कई थाने की पुलिस और एसएसबी जवान मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। आवेदन के अनुसार बांका के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र के मोहनडीह गांव के पास नदी में बालू संवेदक द्वारा बालू उत्खनन किया गया था। इसके कारण गहरे गड्ढे में डूबने से धर्मेंद्र शर्मा उर्फ संतोष शर्मा का बेटा प्रिंस कुमार की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रिंस कुमार उक्त नदी की ओर गया हुआ था। काफी देर तक वापस लौट कर घर नहीं आया। इसको देखते हुए परिजन और ग्रामीण खोजबीन के लिए नदी के पास पहुंचे। इस दौरान आसपास नहीं मिलने के बाद उस जगह पर JCB से किए गए गड्ढे में खोजबीन शुरू की। इसके बाद गड्ढे के अंदर से बच्चे को निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बच्चे को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन द्वारा मेरीकुलस आर्गनाइजेशन मिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खुदाई करने का आरोप लगाया है। इसके कारण गहरे गड्ढे में बच्चे की डूबने से मौत हुई है। इसके बाद आक्रोशित मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने मिलकर पहले जमकर बवाल किया। इसके बाद उस जगह पर मौजूद दो पोकलेन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। आग लगाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। लेकिन आक्रोशित लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया। लोगों को उग्र देखकर पुलिस को मौके से पीछे हटना पड़ गया। इसकी सूचना के बाद एसडीपीओ राज किशोर कुमार के साथ काफी संख्या में आसपास थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बैठक कर आक्रोशित लोगों को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया। कई पुलिस बल मृतक प्रिंस कुमार के घर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उग्र ग्रामीणों को समझा बुझाकर अग्रिम करते हुए मृत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका भेज दिया। घटना के संबंध में एसडीपीओ राज किशोर कुमार ने बताया कि एक बच्चे की डूबने से मौत हुई है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पोकलेन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। मौके पर आग बुझाने आई दमकल गाड़ी को भी आग के हवाले कर दिया गया। आवेदन के अनुसार पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना को लेकर हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

पटना में गंगा नदी में युवक ने लगाई छलांग, मौत, कपड़ा दुकान में काम करता था मृतक

पटना। पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश कुमार (30)के तौर पर हुई है। घटना लॉ कॉलेज घाट मरीन ड्राइव के पास की है। जानकारी के मुताबिक युवक के गंगा नदी में छलांग लगाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ कार्यालय को दी। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के पदाधिकारी राजेंद्र सहनी गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। आनन-फानन में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकाश कपड़ा दुकान में काम करता था। गंगा नदी में वो खुद कूदा है या किसी ने गिरा दिया है। इस बारे में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

'आपकी बेटी 20 लाख गबन के आरोप में पकड़ी गई', पिता भागते हुए पहुंचे बेटी के कॉलेज

पटना। पटना साइबर अपराधियों ने थानेदार बनकर पटना वीमेंस कॉलेज की छात्रा के पिता अनिश कुमार को कॉल किया। फोन नंबर में पाकिस्तान का कोड लगा था। आईएएस कॉलोनी में रहने वाले अनिश से फोन पर कहा-आपकी बेटी सान्या सिंह और एक अन्य को 20 लाख गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रकम देंगे तो छोड़ देंगे। सान्या की पिटाई की भी बात कही। एक लड़की रो रही थी। उसकी आवाज सान्या से कुछ मिल रही थी। आरोपी ने अपना नाम विनोद पांडेय बताया, पर यह नहीं बताया कि किस थाने का थानेदार है। विनोद ने +923448538876 से गुरुवार को 11:15 बजे कॉल किया था। उस वक्त सान्या कॉलेज में थी। कॉल आने के बाद अनिश परेशान हो गए। वे कॉलेज गए तो सान्या वहीं थी। उसके बाद वह सान्या के साथ कोतवाली थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज करा दी। फोन करने वाले के डीपी में डीजी रैंक के अधिकारी की फोटो लगी थी। उसे देखकर अनिश परेशान हो गए। अनिश ने बताया कि साइबर अपराधियों ने अपनी बात को सही साबित करने के लिए किसी लड़की से बात भी कराई। उधर, से एक लड़की रोते हुए बचाने की गुहार लगा रही थी। रोने की आवाज सान्या जैसी लगी।

RJD ने स्टार प्रचारकों की जारी की सूची

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। लिस्ट में लालू परिवार के 4 लोग शामिल हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव समेत कुल 40 नेताओं का नाम है। जारी सूची के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिह, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, राज्यसभा सांसद मनोज झा, पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत, विधायक भाई बीरेंद्र, रणविजय साहू, रामवृक्ष सदा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी का भी नाम शामिल हैं।

गाड़ी से महिला डॉक्टर का बैग चोरी

पटना। पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में जंक्शन गोलंबर के पास गाड़ी से महिला डॉक्टर का बैग चोरी हो गया। पीड़िता के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। छानबीन की जा रही है। डॉक्टर वीणा देवी ने बताया कि एक व्यक्ति से बात करने के लिए गाड़ी से उतरी थी। मुश्किल से एक-दो मिनट उनसे बात की। उन्हें कुछ कागजात देना था। जब गाड़ी के पास आई तो बैग ही नहीं था। बैग में आधार कार्ड, ऑनर बुक समेत जरूरी दस्तावेज, 1600 रुपए कैश, मोबाइल और घर की चाबी थी। मोबाइल की कीमत 1 लाख 14 हजार रुपए है। उन्होंने आगे कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज में मेरी पहले पोस्टिंग थी। पति भी डॉक्टर रहे चुके हैं। रिश्तेदार भी पुलिस विभाग में बड़े अधिकारी हैं। इस संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि बैग गायब होने का आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बैग में मोबाइल फोन और 1600 रुपए थे। जल्द से जल्द सामान समेत बैग बरामद करने की हमारी कोशिश रहेगी।

पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

पटना। पटना के फुलवारी शरीफ में पुलिस हिरासत में एक युवक जीतेश कुमार की मौत हो गई थी। अब इस मामले की जांच अपराध अनुसंधान विभाग करेगी। परिजनों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया था। अपहरण के मामले में पुलिस ने जीतेश को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि फुलवारी शरीफ पुलिस युवक को एसडीपीओ कार्यालय लेकर गई थी। जहां उसे इतना मारा गया कि वो बेहोश हो गया। पुलिस युवक को लेकर एम्स पहुंची थी, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फुलवारी शरीफ के बरहमपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने 7 जनवरी को जितेश कुमार और रंजीत ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। सुरेंद्र सिंह ने अपने बेटे को अगवा करना का आरोप लगाया था। जांच के दौरान नामजद आरोपी जीतेश कुमार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय में पूछताछ के लिए लाया गया था। वहीं, मृतक के पिता का कहना है कि 31 मार्च को शाम के समय करीब 5 बजे बांस घाट गंगा किनारे मेरा बेटा अपने दोस्त मुकेश कुमार के साथ बैठा है। सुरेन्द्र सिंह के दबाव में पुलिस ने दोनों को वहां से गिरफ्तार कर लिया। वहां से एसडीपीओ कार्यालय लेकर गई। पुलिस ने मेरे लड़के को इतना मारा कि उसकी मौत हो गई।

इलेक्टोरल बॉन्ड वर्ल्ड का सबसे बड़ा घोटाला, शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा- यह घोटाला पीएम मोदी के कार्यकाल में हुआ



पटना। पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टीएमसी प्रत्याशी शुत्रघ्न सिन्हा ने इलेक्टोरल बॉन्ड को वर्ल्ड का सबसे बड़ा घोटाला बताया है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इतना बड़ा घोटाला पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ है। पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इस सवाल का शुत्रघ्न सिन्हा ने अपने अंदाज में जबाब दिया। उन्होंने सिर्फ एक शब्द कहा- खामोश। पीएम मोदी का बयान 10 साल का विकास ट्रेलर था। अब असली विकास होगा। इस पर कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग आएंगे तो विकास होगा। महंगाई की मार हो या पेट्रोल डीजल की बात। सब ठीक किया जाएगा। बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग बौखलाए हुए हैं। हमारे पुराने सहयोगी रहे हैं। उनके पास भ्रष्टाचार की वाशिंग मशीन है। जिसमें जो जाता है। वो साफ हो जाता है।

बिहार में सरकारी स्कूलों की टाइमिंग पर विवाद, MLC संजय सिंह ने शिक्षा मंत्री को लिखा

स्कूल का संचालन सुबह से करने की मांग



एजेंसी, पटना।

बिहार में सरकारी स्कूलों की टाइमिंग का मुद्दा फिर से गरमा गया है। एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्री को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में 1 अप्रैल से स्कूलों को मॉर्निंग नहीं किए जाने की बात कही है। अपर मुख्य सचिव के के पाठक के आदेश पर गर्मी के दिनों में भी स्कूल सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक चल रहे हैं।

प्रो. संजय कुमार सिंह ने पत्र में लिखा, 'पिछले कुछ महीनों से बिहार विधान मंडल के कई सदस्यों के द्वारा प्रदेश के विद्यालयों के समय सारणी में बदलाव किए जाने के संबंध कई बार सीएम, शिक्षा मंत्री और विभाग को पत्र लिखा गया है। स्कूल के समय सारणी में बदलाव का मामला विधान मंडल के बजट सत्र में भी उठाया गया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी विधान मंडल में विद्यालयों के समय सारणी को पूर्व की तरह सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक करने की घोषणा की थी। दो बार घोषणा किए जाने के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। इससे अधिकतर विद्यालयों में पढ़ने और पढ़ाने वाले को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्री: उन्होंने आगे लिखा कि शिक्षा विभाग के निदेशक प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा का पूर्व में निर्देश है कि प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के प्रथम द्वितीय सोमवार से 6:30 से 11:30 बजे तक, वर्ग संचालन होगा। अभी से ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है, लू जैसी स्थिति है। हीट बेब की भी संभावना है। इस परिस्थिति में सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। इस गर्मी में विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि छात्रों और शिक्षकों के प्रति संवेदनशील होकर स्कूल का संचालन मॉर्निंग में होना चाहिए।

पांच दिन बाद भी अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर थाना से चंद कदम दूर इमलीतल में 31 मार्च को दिनदहाड़े अपने कार्यालय में सो रहे व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मार घायल कर दिया था। घटना के 120 घंटे बीत जाने के बाद भी घटना में नामजद अपराधी राहुल पुलिस की पकड़ दे दूर है। वही, मिली जानकारी के अनुसार घटना के तुरंत बाद पुलिस ने दानापुर दियारा में छापेमारी करते हुए दो युवकों को हिरासत में ले पूछताछ की थी। लेकिन पुलिस को अपराधी को लेकर कोई सुराग नहीं मिला। जिससे पीड़िता का पूरा परिवार डरा सहमा है।

आरोपी दे रहा धमकी: पीड़ित विनोद राय ने बताया कि पुलिस अपराधी को पकड़ने में लापरवाही कर रही है। आरोपी अभी भी परिवार वालों के जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिससे पूरा परिवार डर के साए में जी रहे है। घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पीड़ित ने पुलिस पर आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा उसका फर्द ब्यान लेने तक अस्पताल नहीं आई। आरोपी राहुल लगातार धमकी दे रहा है कि जेल जाने के पहले हत्या करके जेल जाएंगे। मेरी पत्नी लगातार पुलिस से अपराधी को गिरफ्तारी के लिए गुहार लगा रही है। लेकिन पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वही, गुरुवार को मैं और मेरी पत्नी दानापुर एएसपी दीक्षा से मुलाकात कर अपराधी की गिरफ्तारी के लिए गुहार लगाया है। उनके द्वारा गिरफ्तारी का केवल आश्वासन दिया गया है। हमारा परिवार काम धंधा छोड़कर घर में बैठे हुए है। वही, उनकी पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि थाना पर जाने पर प्रशासन द्वारा कहा जा रहा है कि हम अपने स्तर पर जहां भी जानकारी मिल रहा है वहां छापेमारी कर रहे है। आपको यदि अपराधी के बारे में पता चले तो आप ही बताइए। आप खुद से अपराधी के ठिकानों का पता लगाइए। तब हमलोग पकड़ेंगे। यदि आपको लगता है कि आपका काम नहीं हो रहा है तो गांधी मैदान एसएसपी के पास जाकर इस बाबत आवेदन दीजिए। इस संबंध में दानापुर एएसपी दीक्षा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मामले में तकनीकी अनुसंधान से जांच की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास की जा रही है।

लालू की बेटी रोहिणी की चुनाव आयोग से शिकायत

एजेंसी, पटना।

सारण से आरजेडी प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग से आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि रोहिणी ने रोड शो में अपनी मां और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के सुरक्षा कर्मियों का दुरुपयोग किया है। भाजपा न्यायिक मामले के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इसकी शिकायत बीजेपी के चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रमुख एसडी संजय ने मेल के जरिए किया है। जदयू विधायक और IPRD मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी आज कांग्रेस में शामिल हो गए। महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी ने कांग्रेस के सदाकत आश्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के हाथों कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बेटे के कांग्रेस में शामिल होने पर महेश्वर हजारी ने सफाई देते हुए कहा है कि मेरे बेटे के राजनीतिक फैसले पर मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना क्योंकि वह अब बड़ा हो गया है। अपना फैसला खुद ले सकता है। जहां तक मेरी बात है मेरी पूरी निष्ठा जदयू और नीतीश कुमार के साथ है। जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं बखूबी निभा रहा हूं। वीआईपी और राजद के बीच बात बनती दिख रही है। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने लालू यादव और तेजस्वी से मुलाकात की है। मुलाकात के बाद राजद और वीआईपी में बात बन सकती है। सूत्रों के मुताबिक बातचीत अंतिम चरण में चल रही हैं। माना जा रहा है कि डेढ़ घंटे की बातचीत का परिणाम सकारात्मक रहा है। मुकेश सहनी को राजद ने एक से दो सीटों का ऑफर दिया है। बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन एक बार फिर से पप्पू यादव के समर्थन में आ गए हैं। आनंद मोहन ने लालू फैमिली और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा। आनंद मोहन ने आज शिवहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस ने पप्पू यादव के करियर को बर्बाद किया है।

कंकड़बाग में गैस वेंडरों की हड़ताल, पटना सिटी में प्रदर्शन, वेंडर की हत्या के बाद सड़क पर आए कर्मी

एजेंसी, पटना।

राजधानी पटना के कंकड़बाग इलाके के गैस वेंडरों ने आज से हड़ताल कर दिया है। मृत वेंडर के लिए मुआवजे की राशि और गैस वैंडरों की सुरक्षा की मांग को लेकर यह हड़ताल की गई है। साथ ही पटना सिटी में भी वेंडरों ने नंदलाल छपरा मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जहां कंकडबाग के गैस वेंडर सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि इंडियन ऑयल, गैस एजेंसी में हमलोग काम करते हैं। हमारे वेंडर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसके बाल बच्चे के परवरिश के लिए मुआवजे की मांग करते हैं। दूसरी मांग सुरक्षा की है। हमलोगों को किसी से सुरक्षा नहीं मिलती है। प्रशासन भी सुरक्षा नहीं देता है।

घर में नहीं हो रहा गैस डिलीवर: वेंडर नीरज कुमार ने बताया कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। हड़ताल बुलाई गई है, इस दौरान किसी घर में गैस डिलीवर नहीं किया जायेगा।

नहीं खाली हुआ ट्रक: कंकड़बाग इलाके में गैस वैंडरों की हड़ताल का व्यापक असर पड़ा है। सुबह से गैस डिलीवर नहीं हुआ है। यहां तक की जो गैस आया है, उसे भी ट्रक से नहीं उतारा गया है। सुबह में वेंडर बाइपास पर उतरे थे। कुछ देर के लिए जाम भी किया था। लेकिन 25 से 30 मिनट के बाद प्रशासन के द्वारा उन्हें हटा दिया गया।

पटना सिटी में भी सड़क जाम कर वेंडरो ने किया प्रदर्शन: वही, दूसरी तरफ पटना में गैस वेंडर के हत्या के विरोध में वेंडरो ने पटना सिटी नंदलाल छपरा मार्ग जामकर प्रदर्शन किये। सड़क जाम कर रहे गैस वेंडरो ने हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही गैस वेंडर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गैस वेंडर का काम काफी जोखिम भरा होता है। कोरोना कल में भी गैस वेंडरो ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कार्य का निष्पादन किया है। इसके बावजूद भी गैस वेंडरो को सुरक्षा के नाम पर कुछ भी मुहैया नहीं है। उन्होंने प्रशासन से गैस वेंडरो को सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

सड़क हुआ जाम: बता दें कि गुरुवार के दिनदहाड़े अपराधियों के द्वारा इंडियन ऑयल के गैस वेंडर रंजीत कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसे लेकर शहर के गैस वेंडरों में काफी आक्रोश है। जिसको लेकर आकर सभी वेंडर हड़ताल पर है।

सहयोगी ही निकला गैस वेंडर रंजीत का हत्यारा

30 हजार की सुपारी देकर कराई हत्या, मुख्य साजिशकर्ता समेत 5 अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना पुलिस ने गैस वेंडर रंजीत हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। रंजीत के सहयोगी राहुल ने ही 30 हजार रुपए की सुपारी देकर उसकी हत्या कराई थी। पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता राहुल समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान राहुल ने पुलिस को बताया कि वो रंजीत के साथ करीब 3 सालों से काम कर रहा था। रंजीत हमेशा मेरे साथ गाली गलौज करता था। कुछ दिन पहले मेरा पैर टूट गया था, उस दौरान भी रंजीत ने बहुत तंग किया था। परेशान होकर 30 हजार रुपए की सुपारी देकर उसकी हत्या करा दी। गुरुवार को दिनदहाड़े कंकड़बाग थाना इलाके के एलआईजी पार्क के पास बाइक सवार बदमाशों ने गैस वेंडर रंजीत की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मर्डर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि वेंडर अपने एक साथी के साथ हाथ गाड़ी पर सिलेंडर लेकर जा रहा है। पीछे से एक बाइक पर दो लोग आते हैं। गाड़ी पर पीछे बैठा शख्स पास पहुंचते ही वेंडर को गोली मार देता है।

रंजीत के 4 और 7 साल के 2 बच्चे हैं: रंजीत की हत्या के बाद उसके परिजनों ने सड़क पर डेड बॉडी रखकर जाम कर दिया था। रंजीत के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। एक 4 साल का बेटा और 7 साल की बेटी। परिजन प्रशासन से 10 लाख मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस मामले में पटना SSP राजीव मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को एक बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने एल०आई०जी० पार्क थाना कंकडबाग के पास अनामिका इंडेन गैस एजेंसी के वेंडर रंजीत राम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर इस घटना का सफल उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल 4 लोग और एक बाइक बरामद किया है। पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल हथियार देने वाले एक अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया है। अनामिका गैस एजेंसी में काम करने वाला वेंडर मृतक रंजीत राम के साथ काम करने वाला राहुल कुमार और उसके एक रिश्तेदार सोनु कुमार के साथ मृतक रंजीत हमेशा मारपीट और गाली-गलौज करता था।

सड़क पर CPR देकर सिविल सर्जन ने बचाई जान, पटना के जेपी पथ पर हुआ था हादसा

एजेंसी, पटना।

पटना के जेपी गंगापथ पर कल गुरुवार को दोपहर के समय स्कूटी से हुई दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। हादसे में एक व्यक्ति का सिर फट गया और वह सड़क पर ही बेहोश हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक सिविल सर्जन ने अपनी गाड़ी रोकी और CPR देकर उसकी जान बचाई। इसके बाद दोनों को पीएमसीएच भेज दिया गया। घायलों में एक व्यक्ति का नाम पिंटू शर्मा(45) और दूसरे का नाम मुन्ना शर्मा (33) है। दोनों मरीज पटना सिटी स्थित खाजेकला थाना अंतर्गत के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट के दौरान पिंटू का सिर फट गया। वहीं मुन्ना को हल्की चोट आई थी। जानकारी के अनुसार, किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए थे। दरअसल, हादसे के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। इसी बीच दूसरी दिशा से जा रहे पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर मिथिलेश्वर कुमार ने भीड़ को देखकर अपनी गाड़ी को रुकवाई। मिथिलेश्वर कुमार डिवाइडर पार कर जब मरीज के पास पहुंचे तो उन्होंने सड़क पर ही मरीज की पहले जांच की। युवक की सांसे बेहद धीमी रफ्तार से चल रही थीं, उन्होंने तुरंत ही मरीज को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रीससिटेशन) दिया। जिसके बाद उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ। मरीज के हालात में सुधार होने के बाद उन्होंने पुलिस की गाड़ी रुकवाई और दोनों मरीजों को पीएमसीएच के आइसीयू में भर्ती कराया। वहीं, अब दोनों घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। सीपीआर का मतलब होता है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। यह एक तरह का फर्स्ट एड होता है। जो किसी व्यक्ति को उस वक्त दिया जाता है. जब उसे सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो बेहोश जो जाए। सीपीआर देने से उस वक्त मरीज की जान बचाई सकती है। जिस वजह से मरीज को अस्पताल ले जाने का उचित समय भी मिल जाता है।

कार ने महिला को टक्कर मारकर घसीटा, मौत

मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी इंजीनियर की पत्नी, भाग रहा ड्राइवर पकड़ाया

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ सर्विस लेन में चार पहिया वाहन ने मॉर्निंग वॉक में निकली महिला को टक्कर मार दी। हादसे में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बता दे, वाहन के टक्कर मारने से महिला सड़क पर गिर गई। जिसके बाद ड्राइवर उक्त महिला को घसीटते हुए कुछ दूर ले गया। स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर उक्त गाड़ी को पकड़ा। जिसके बाद घायल महिला को सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायल महिला को पहचान सगुना मोड़ स्थित रामरती अपार्टमेंट में रहने वाले पीडब्ल्यूडी इंजीनियर अनिल कुमार यादव की 62 वर्षीय पत्नी इंदुबाला देवी के रूप में हुई है। घटना को सूचना पाकर मृतक के पति अस्पताल पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इस बात की सूचना डायल 112 के साथ ही सगुना मोड़ पर मौजूद डायल 112 को दी। मौके पर पहुंच डायल 112 के साथ ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच गाड़ी के चालक के साथ ही एक अन्य को हिरासत में ले ट्रैफिक थाना ले गई। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में वहा मौजूद प्रत्यक्षदर्शी आशीष कुमार ने बताया कि बेली रोड से चार पहिया वाहन तेज रफ्तार में सर्विस लेन से सगुना मोड़ की तरफ जा रहा था। इसी दौरान दूसरी तरफ से सब्जी लेकर आ रही महिला को जोरदार टक्कर मारते हुए कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया। जिसके बाद हमलोगो ने खदेड़ का उसे पकड़ पुलिस के हवाले करते हुए। घायल महिला को सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया की चार पहिया वाहन चालक द्वारा एक महिला को टक्कर मार दी है। महिला का इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चालक के साथ ही एक अन्य को हिरासत लिया गया है। छानबीन की जा रही है।

पछुआ हवा के कारण सामान्य रहेगा मौसम

बिहार में 10 अप्रैल के बाद चलेगी लू, बक्सर का तापमान पहुंचा 42.2 डिग्री

एजेंसी, पटना।

बिहार में अभी उत्तर पछुआ हवा के कारण पटना समेत प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। आज भी पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। प्रदेश के तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। वही, गुरुवार को बक्सर जिला सबसे गर्म रहा। जहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। 8 और 9 अप्रैल को पटना समेत आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार पटना सहित प्रदेश के कई जिलों में 10 अप्रैल के बाद लू चलने की आशंका है। लोगों को सावधान रहने की चेतावनी दी गई है। स्वास्थ्य का खासा ध्यान रखने के लिए कहा गया है। बच्चों का भी ध्यान रखने के लिए भी कहा गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान बक्सर जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वही, इसके अलावा शेखपुरा का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री, खगड़िया 40.8 डिग्री, औरंगाबाद 41.5 डिग्री, पटना 39 डिग्री और मोतिहारी का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

जेल में कैदी की मौत, लोगों का हंगामा

पुलिस पर पथराव, डीएसपी ने पिस्टल लेकर दौड़ाया, परिजन बोले- पुलिस पिटाई से गई जान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की सुबह विचाराधीन कैदी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। वो पिछले तीन सप्ताह से मंडल कारा बिहार शरीफ में बंद था। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नईसराय निवासी छोटे राम के बेटे राजू कुमार (19) के रूप में की गई है। कैदी की तबीयत बिगड़ने पर आज सुबह आनन-फानन में जेल पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। राजू कुमार की मौत के बाद परिजन उग्र हो गए और शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने जेल भेजने से पहले तीन दिन तक उसकी बहुत पिटाई की थी। इसलिए उसकी जान गई। इधर हंगामा शांत कराने के दौरान भीड़ पर डीएसपी ने पिस्तौल तान दी। जिसके बाद भीड़ कम हुई। राजू कुमार को पुलिस ने 10 मार्च को ब्राउन शुगर और कैश के साथ पकड़ा था।

पुलिस पर पथरावः मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को हॉस्पिटल मोड़ पर रख कर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक को किसी प्रकार का रोग नहीं था, पुलिस के टॉर्चर से उसकी मौत हुई है। आक्रोशितों ने सड़क पर टायर जलाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को भीड़ ने रोड़ेबाजी कर खदेड़ा दिया है। भीड़ को देखते हुए पुलिस वाले पहले फरार हो गए हैं।

डीएसपी ने तानी पिस्टलः बवाल बढ़ता देख मौके पर एसडीओ, डीएसपी और तीन थानों की पुलिस पहुंची। हंगामा शांत कराने के दौरान भीड़ पर डीएसपी ने पिस्तौल तान दी। जिसके बाद भीड़ थोड़ी कम हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। फिलहाल जाम की स्थिति बनी हुई है।

खून की उल्टी होने पर अस्पताल लाया गया था- एसडीओः सदर एसडीओ ने कहा कि कैदी की खून की उल्टी हुई। इसके बाद कैदी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद परिजनों ने शव को लेकर सड़क पर रखकर हंगामा किया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई दोषी पाए जाते है तो कार्रवाई की जाएगी।

तीन दिनों तक थाने में रखकर की गई पिटाईः मृतक के भाई ने बताया कि 25 दिन पहले नगर थाना की पुलिस ने झूठे आरोप में उसके भाई को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई और तीन दिनों तक थाने में रखकर उसकी पिटाई की गई। जिसके कारण उसके भाई की तबीयत खराब हो गई। उन लोगों ने नगर पुलिस एवं जेल पुलिस से बेहतर इलाज के लिए गुहार लगाया था। लेकिन किसी के द्वारा कोई मदद नहीं की गई। शुक्रवार की सुबह जेल पुलिस से सूचना मिली कि उसके भाई की तबीयत ज्यादा खराब है। इसी सूचना पर वे लोग सदर अस्पताल पहुंचे जहां उनके भाई की मौत हो चुकी थी।

10 मार्च को पुलिस ने गिरफ्तार कियाः नालंदा नगर थाना की पुलिस ने कांड संख्या 202/24 में राजू कुमार समेत कुल 6 आरोपियों को 39 पुड़िया ब्राउन शुगर और 28 हजार कैश के साथ 10 मार्च को नगर थाना पुलिस ने गौरागढ़ स्थित नीम के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट में राजू जेल गया था। परिवार वालों के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। युवक 3 भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

खून की उल्टी होने के बाद ले जाया गया था अस्पतालः जेल सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि शुक्रवार की सुबह खून की उल्टी हुई इसके बाद विचाराधीन कैदी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो सप्ताह पूर्व ही ब्राउन शुगर के मामले में जेल आया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

संक्षिप्त समाचार

150 लीटर शराब के साथ एक धराया, दो बाइक जब्त

टनकुप्पा। थाना क्षेत्र के गजाधरपुर मिडिल स्कूल के पास से टनकुप्पा पुलिस ने 150 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मौके से पुलिस ने दो बाइक भी बरामद किया। पकड़े गए युवक की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के कनौदिया गांव निवासी महेश यादव के 22 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि गजाधरपुर मिडिल स्कूल पास दो बाइक पर शराब ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचते ही एक बाइक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दूसरे चालक को वाहन के साथ दबोच लिया। दोनों बाइक से 150 लीटर महुआ शराब बरामद की गई ।

कैबिनेट मंत्री व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान

टनकुप्पा। बिहार के कैबिनेट मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को टनकुप्पा प्रखंड क्षेत्र में चुनाव को लेकर जन संपर्क अभियान चलाया। साथ में बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष परशुराम प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मंत्री सहित समर्थकों ने वोटरों के घर-घर जाकर संपर्क कर अपने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर कई स्थानों पर समर्थकों ने मंत्री-विधायक सहित कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री सुमन ने बताया कि गुरुवार को टनकुप्पा बाजार, बरसौना बाजार व गांव सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

गया में 101 हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का रखा गया है लक्ष्य : तोगड़िया

गया। राम मंदिर बनना हमारे 40 वर्षों की लड़ाई है। हमने सालों तक गांव-गांव जाकर हिंदुओं को जगाने का काम किया है। पहले हिंदू एकता ना होने के कारण मंदिर तोड़े गए थे। आज हिंदू एक हुए तभी राम मंदिर बन पाया। राम मंदिर तो बना गया, लेकिन हिंदुओं को असुरक्षित करने वाली ताकत अभी देश में मौजूद है। हिंदू अभी भी खतरे में है। राम मंदिर जैसे कई कार्य अभी और करने हैं। उक्त बातें गया के धर्मसभा भवन में बुधवार को सम्पन्न हुई अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की सभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने कही। वह हिंदू नव वर्ष के अवसर पर गया के कार्यकर्ताओं के बीच मौजूद थे। सभा में उन्होंने कहा कि देश के हिंदुओं को एकजूट होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में 1 लाख एवं गया में 101 हनुमान चालिसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य बनाया गया है। अभी फिलहाल देश में 14-15 हजार का आंकड़ा पूरा हो चुका है। कार्यक्रम में उन्होंने संगठन द्वारा चलाए जा रहे गरीब-पिछड़ी बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर योजना, रक्तदान शिविर, एक मुट्ठी, हिंदू हेल्पलाइन नंबर आदि पर भी चर्चा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्र संगठन मंत्री अनिल कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शिववचन सिंह, राजेंद्र संस्कृत आश्रम के संचालक डॉ. स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, राजकुमार अग्रवाल के साथ-साथ बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता भी वहां मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ शिववचन सिंह को संगठन का जिलाध्यक्ष चुना गया। मतदान करो, ईवीएम की पर्ची देख आनंद लो अहिप प्रमुख प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। मतदान करें, ईवीएम में आने वाली पर्ची को देखकर आनंद लें। उन्होंने हिंदू एकता को मजबूत करने पर कई बातें कही। कहा कि हिंदू खतरे में है, जिसपर उन्होंने भाजपा नेता नुपूर शर्मा ने लेकर उदयपुर के कन्हैया हत्याकांड का भी जिक्र किया। वहीं, उन्होंने कश्मीर व मनीपुर के हालातों पर भी चर्चा की।

एक वोट से बदल सकती है देश की दशा व दिशा

गया। खेल विभाग, बिहार सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देश पर एक कार्यशाला भी हुआ। गया कॉलेज के यूनिट -1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मतदान के आवश्यकता व उसके प्रयोग पर चर्चा की। कहा कि एक मत से आप अपने क्षेत्र, राज्य व देश के दशा व दिशा को बदल सकते हैं। सभी लोगों को जाति, धर्म, संप्रदाय इत्यादि से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों को मतदान करने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। कहा गया कि जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है वे जरूर मतदान करें। गया कॉलेज एनएसएस द्वारा आयोजित यह चौथा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम था। खेल विभाग के प्रतिनिधि के रूप में नवीन कुमार, पीरामल फाउंडेशन के नीरज कुमार, बिहार आर्चरी कोच जयप्रकाश और हिंदी विभाग के डॉ. रवि कुमार इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वयंसेवकों में रोशनी, समीक्षा राज, श्रेया, हर्ष, शुभम, राहुल, पंकज, अमित, रजनीश, मोनू, इश्तियाक , सौरभ, मधु, सानू व रितिका आदि ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नेवारी के पुंज में अचानक लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं

गया। गया जिले के कोंच प्रखंड स्थित इच्छापुर गांव स्थित खेत में नेवारी के पुंज में आग लगने से हजारों नेवारी जलकर राख हो गई है। घटना के बाद ग्रामीणों में घंटे भर अफ़रा-तफ़री मच रही। स्थानीय ग्रामीण किसी तरह आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए,लेकिन आग और तेज़ होता गया। फ़िर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई,मौके पर अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची और नेवारी की पुंज में लगी भीषण आग को बुझाने में जुट गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू तो पा लिया मगर 30 हजार पीस नेवारी जलकर और राख हो गई, जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है। घटना को लेकर पीड़ित किसान ने कोच प्रखंड के सीओ को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कोंच प्रखंड के इच्छापुर गांव स्थित खेत में रहे नेवारी के पुंज में किसी तरह आग लग गई। इच्छापुर निवासी किसान बृजनंदन पासवान के खलिहान में नेवारी का पुंज लगाया गया था। यह पुंज भी बृजनंदन पासवान की ही थी। जिसमें कुल तीस हजार नेवारी थे जो जलकर राख हो गया। बृजनंदन पासवान ने बताया गुरुवार की शाम बाद अचानक गांज में आग लग गई, जिसमें नेवारी जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल कर्मियों को दी तत्पश्चात आग पर काबू पूर्ण रूप से पाया गया है। आग लगने का कारण समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हुआ है। बता दें कि आग लगने से काफी नुकसान हुआ है।

किसान संघर्ष समिति ने वोट बहिष्कार का किया ऐलान

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के विष्णुगंज में किसान संघर्ष समिति ने लोक सभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का फैसला लिया है। उनकी नाराजगी का मसला भूमि अधिग्रहण से जुड़ा है। नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम 4 बजे गांव के नजदीक ही जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जो कोर्ट ने आदेश दिया है उसके तहत न तो उन्हें उनकी जमीन का मुआवजा दिया जा रहा है और न ही उनकी जमीन पर रजिस्ट्री से सम्बन्धित लगाए गए प्रतिबन्ध को हटाया गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। आक्रोशित ग्रामीण हाथों में बैनर लेकर अधिग्रहण की रकम नहीं तो वोट नहीं के नारे लगा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी जमीन एयरपोर्ट विस्तार के नाम पर अधिग्रहण कर लिया गया लेकिन उन्हें रकम नहीं दी गई। ग्रामीणों ने कहा 17 लाख रुपये जो देने की बात कोर्ट और प्रशासन

द्वारा कहा गया था। वह दिया जाए नहीं तो उनकी जमीन अधिग्रहण मुक्त की जाए। ऐसा नहीं हुआ तो विष्णुगंज के किसान वोट नहीं करेंगे। समिति के पदाधिकारी नरेश चौधरी ने बताया कि 2009 में एयरपोर्ट विस्तार के लिए 48 हजार रुपए कट्ठा जमीन अधिग्रहण का सरकार की ओर से रेट तय किया गया था, जिसे ग्रामीणों ने अस्वीकार कर दिया। फिर ग्रामीण कोर्ट में गए कोर्ट से 17 लाख रुपए कट्ठा का फैसला आया। लेकिन सरकार हाईकोर्ट चली गई। अब तक सरकार की ओर से किसी भी किसान को मुआवजा नहीं दिया गया है। ऐसे में किसान को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वे अपनी खुद की जमीन भी जरूरत पड़ने पर बेच नहीं पा रहे हैं।

3 बच्चों के पिता की प्रेमिका से शादी, दोनों रहेंगी साथ

गया का युवक बोला-100 कमाऊंगा तो 75 रुपए दोनों को दूंगा, 25 रखूंगा

निज संवाददाता। गया

गया में गुरुवार की रात एक शादीशुदा प्रेमी (28) अपने प्रेमिका (20) से मिलने उसके घर पहुंचा। इस दौरान प्रेमिका के परिजनों से उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। फिर प्रेमी की पत्नी को मौके पर बुलाया गया। मामले को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों ने प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में शादी करा दी है। पति का कहना है कि अगर हम 100 कमाएंगे तो 75 दोनों पत्नी को मिलाकर देंगे और 25 रुपए हम रखेंगे। प्रेमी के 3 बच्चे हैं। वहीं, प्रेमी की पत्नी (25) का कहना था कि हम उस लड़की(प्रेमिका) की शादी अपने मायके में करवा देंगे। कहीं और भी करवा देंगे, लेकिन मेरे पति से नहीं। वहीं प्रेमिका के घरवालों का कहना था कि शादी कर इसको अपने साथ प्रेमी ले जाए। मामला गया के नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत अतरी थाना क्षेत्र के मनिहार गांव का है। तेलासीन पहाड़ स्थित

शिव मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार की दोपहर धर्मेंद्र कुमार और प्रेमिका सीमा कुमारी की दोनों के परिजनों के सामने शादी कराई गई।

20 किलोमीटर दूर प्रेमिका से मिलने पहुंचता थाः सीढ गांव के रहने वाला धर्मेंद्र कुमार अपनी प्रेमिका सीमा कुमारी से मिलने देर रात मनिहार गांव पहुंचा था। इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों ने दोनों को देख लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी अतरी थाना पुलिस को दी गई। बता दें कि प्रेमी को जब भी मौका मिलता था वे देर रात अपने घर से बाइक पर सवार होकर 20 किलोमीटर दूर मनिहार गांव प्रेमिका से मिलने पहुंच जाता था।

लड़की के परिजनों ने कहा- लड़का शादी करेः घटना को लेकर शुक्रवार को अतरी थाने में लोगों का मजमा लगा रहा। प्रेमी और प्रेमिका की ओर से दोनों पक्ष थाना परिसर में पहुंचे। इस दौरान प्रेमिका सीमा कुमारी का कहना था कि मैं धर्मेंद्र कुमार से ही शादी करूंगी। जबकि प्रेमी की पत्नी सुमंती देवी का कहना था कि मेरे पति तीन बच्चों के पिता हैं। हम लोगों के साथ यह कैसे रहेगी। इसकी कहीं और शादी करा देंगे। इस पर लड़की मान गई थी, लेकिन प्रेमिका के परिजनों का साफ कहना है कि मेरी बेटी के साथ गलत किया है। अगर शादी नहीं करेगा तो केस करेंगे।

100 कमाने पर हम 25 रुपए रखेंगेः हालांकि थाने में घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद दोनों पक्ष पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर की ओर निकले। इसके बाद दोनों की शादी कराई गई। वहीं, प्रेमिका के परिजनों का कहना है कि तुम इसे हमेशा अपने साथ रखना। जितना कमाना दोनों पत्नी को बराबर देना। इस पर धर्मेंद्र का कहना है कि अगर हम 100 रुपए कमाएंगे तो दोनों पत्नी को 75 रुपए भेजेंगे, 25 हम रखेंगे। वहीं, साथ रखने पर कहा कि हम बाहर कमाने जाएंगे, दोनों पत्नी एक साथ एक घर में रहेगी। घटना के संबंध में अतरी थाना की पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है। लड़के के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है। लड़के को PR बॉन्ड पर छोड़ा गया है।

वृद्ध को लगी गोली, घायल, फायरिंग में नमाज पढ़ने जा रहे बुजुर्ग को लगी गोली, 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक बुजुर्ग को गोली मार कर घायल कर दिया गया है। मामला बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा पर का है। घायल की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के खानखा नवा टोली निवासी स्वर्गीय शेख करीम के(60) बेटे मोहम्मद मुसली के रूप में की गई है। घायल को इलाज के लिए परिजनों द्वारा बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया है। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल के मोहल्ले में रह रहे मो.हारु ने बताया कि जमीन कारोबार को लेकर पड़ोसी से उनका विवाद चला आ रहा

है। पड़ोसी बार-बार उनसे समय लेकर पैसे नहीं देता है। आज जब वह पड़ोसी से पूछने गए तो गाली गलौज कर दी। इसके बाद मारपीट होने लगी। तभी पड़ोसी फकरे आलम का बेटा मोहम्मद रिजवी, राजा समेत अन्य लोग घर से हरवे-हथियार लेकर निकल आया और फायरिंग कर दी। वह किसी तरह से बच गए और गोली जाकर उनके मोहल्ले के चाचा मोहम्मद मूसली की दाहिने पैर में लग गई। मोहम्मद हारु ने बताया कि वह जमीन का कारोबारी करते हैं। 4 लाख पड़ोसी के यहां बकाया है। बार-बार वह समय लेकर पैसे नहीं लौट रहा है। इसी मामले को लेकर फकरे आलम के बेटों ने गोली चलाई और उनके साथ मारपीट भी की गई। घायल ने बताया कि वह नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। वह रुक कर देखने लगे। तभी घर के अंदर से एक पक्ष गोली चल रहा था। जिसमें एक गोली उनके पैर में आ लगी। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और 3 लोगों को हिरासत में लिया है। दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में तीसरे पक्ष को गोली लगी है। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई है।

गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

गया में शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग

निज संवाददाता। गया

गया जिले के अतरी प्रखंड अंतर्गत सीढ गांव स्थित खेतों में लगे गेहूं के फसल में भीषण आग लग गई। आग लगने से गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस दौरान सभी लोग फसल में लगी आग को बुझाने के लिए अपने-अपने घरों से बाल्टी लोटा और मग में पानी भरकर खेत की तरफ दौड़े फिर भी आग पर काबू नहीं पाया जा रहा था। फिर किसी तरह मोटर पंप को चालू कर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान गेहूं खेत में लगी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। जिससे किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण राजू ने बताया। आज अतरी प्रखंड के सीढ गांव निवासी सूर्य देव प्रसाद के खेत में किसी तरह आग लग गई। आग लगने के कारण खेत में लगी गेहूं का फसल पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए हम ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की लेकिन आग तेज हवा के कारण आग नहीं बुझ पा रहा था। जिस कारण पीड़ित किसान को लाखों का नुकसान

पीड़ित ने की मुआवजे की मांग

हुआ है। पीड़ित किसान सूर्य देव प्रसाद ने बताया प्रवाहित हजार बिजली की तार मेरे खेत के ऊपर से गुजरा हुआ है। तेज हवा चलने के दौरान शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल में आग लग गई। जिसके बाद हमलोग मोटर पंप चालू कर किसी तरह से आग पर काबू पाए है। लेकिन सब मेहनत बेकार चला गया। गेहूं का फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया गेहूं का फसल तैयार हो गया था। सिर्फ कटाई करना था। घटना को लेकर मुआवजे के लिए अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार को लिखित आवेदन दिया गया है। अतरी प्रखंड के सीओ दिलीप कुमार ने बताया सीढ गांव के रहने वाले सूर्य देव के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि, उनके खेत में लगी गेहूं के फसल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई है। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल आवेदन प्राप्त हुआ है मामले में छानबीन की जा रही है।

सड़कों पर उतरे फायर ब्रिगेड के जांबाज, सख्त हिदायत पर शुरू की पहल, अगलगी पर रोक के बेहतर उपाय बताया

निज संवाददाता। गया

गया जिले में गर्मी का सितम शुरू होते ही अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए फायर ब्रिगेड इन दिनों गया शहर की सड़कों पर उतर गया है। वह लोगों को आग से बचने और ऐसी घटनाओं में कमी लाने के टिप्स देने में जुट गया है। खास बात यह भी कि यह सिलसिला 18 अप्रैल तक चलेगा ताकि लोग अगलगी की घटानाओं को लेकर सजग रहें। यह पहल फायर ब्रिगेड की ओर से जिला प्रशासन के आदेश पर की गई है। दरअसल, गया जिले में अगलगी की घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसी घटना के शिकार ज्यादातर किसान ही होते हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आधा दर्जन से अधिक घटनाएं

हो चुकी हैं। यानी प्रत्येक दिन जिले में अगलगी की एक न एक घटना हो रही है। मानपुर प्रखण्ड में 1, बेला में 2, टिकारी में 1, शेरघाटी में 2, बाराचट्टी में 1, फतेहपुर में अगलगी की 1 घटना हो चुकी है। इन सभी स्थानों पर किसानों के खेत मे गेहूं की पकी हुई फसल में आग लगी है। अब तक किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। वहीं, शहर में बुधवार की देर रात बीएसएनल के दफ्तर में आग लग गई थी। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था इस वजह से दफ्तर को मामूली नुकसान ही उठाना पड़ा। इन तमाम घटानाओं को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को लोगों के बीच जाने और उन्हें अगलगी की घटानाओं से बचने के टिप्स देने की नसीहत दी थी। यही वजह है कि जिला अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र वर्मा ने अपनी टीम को एक योजना के तहत सड़कों पर उतारा है और वे लोगों को अगलगी की घटनाओं से बचने के गुर बता रहे हैं। फायर अधिकारी वर्मा ने बताया कि उनके पास 33 गाड़ियां है जो शहर के विभिन्न थानों से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैनात हैं। न केवल गाड़ी ही बल्कि फायर कर्मी भी तैनात हैं। ताकि अगलगी की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके और कम से कम लोगों को नुकसान पहुंचे।

संक्षिप्त समाचार

भारतीय मूल की मंत्री का बयान- सिंगापुर में बच्चों को जरूर सिखाई जानी चाहिए तमिल भाषा

सिंगापुर, एजेंसी। सिंगापुर की भारतीय मूल की मंत्री ने कहा है कि सिंगापुर में बच्चों को तमिल भाषा की अहमियत बताई जानी चाहिए ताकि वह अपनी मातृ भाषा के तौर पर तमिल भाषा को चुन सकें। सिंगापुर के प्रधानमंत्री कार्यालय की मंत्री इंद्राणी राजा ने ये बात कही। सिंगापुर की शिक्षा व्यवस्था में ऐसा प्रावधान है, जिसमें मातृ भाषा का दूसरी भाषा के रूप में चुनाव किया जा सकता है। जिनमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी और अन्य भारतीय भाषाएं जैसे तमिल, मलय के साथ ही चाइनीज भी शामिल है। एक कार्यक्रम में इंद्राणी राजा ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे बच्चे तमिल भाषा सीखें। तमिल भाषा सभी तमिल लोगों को जोड़ने के लिए पासपोर्ट की तरह काम करेगी। राजा ने कहा कि भाषा को जीवंत तौर पर सीखना चाहिए। ये सिर्फ पढ़ाई के लिए नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें इसका इस्तेमाल करना चाहिए। फिर चाहे ये टीवी के माध्यम से हो, सोशल मीडिया के माध्यम से या फिर प्रिंट माध्यम से। जितना युवा इस भाषा को सुनेंगे, बोलेंगे और इसका इस्तेमाल करेंगे, उतना ही हम इस भाषा को जीवित रख सकेंगे।

ओक्लाहोमा में भारतीय के हत्यारे को दी गई मौत की सजा

ह्यूस्टन। अमेरिका के ओक्लाहोमा प्रांत में दो लोगों की हत्या के दोषी को गुरुवार को मौत की सजा दी गई। हत्यारे ने 2002 में एक भारतीय समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। केओसीओ-टीवी की रिपोर्ट के अनुसार माइकल ड्वेन स्मिथ को मैकलेस्टर शहर में ओक्लाहोमा स्टेट पेनिटेंटरी में प्राणघातक इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी गई। स्मिथ ने 22 फरवरी 2002 को अलग-अलग घटनाओं में भारतीय स्टोर क्लर्क शरत पुल्लुरु और एक अन्य व्यक्ति जेनेट मूर की हत्या कर दी थी। ओक्लाहोमा के अटॉर्नी जनरल जेंटनर ड्रमंड ने स्मिथ की फांसी पर बयान जारी करते हुए कहा, जेनेट मूर और शरत पुल्लुरु के परिवारों के लिए 22 साल कठिन रहे हैं। उन्होंने पीड़ा सही है। दोनों की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वे गलत समय पर गलत जगह पर थे। मैं आभारी हूं कि न्याय मिला। पिछले महीने शरत के भाई, हरीश पुल्लुरु ने बयान जारी कर स्मिथ को क्षमादान न देने की मांग की थी।

लॉस एंजिल्स में चोरों ने तिजोरी से 30 मिलियन डॉलर उड़ाए

लॉस एंजिल्स, एजेंसी। शहर में चोरों ने तिजोरी में रखे 30 मिलियन डॉलर पर हाथ साफ कर दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) मामले की जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने स्थानीय केएबीसी टेलीविजन स्टेशन को बताया कि चोरी ईस्टर के दिन रविवार को सैन फर्नांडो घाटी के उपनगरीय इलाके सिलमार में गार्डावर्ल्ड में हुई । रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार सुबह मामले की जानकारी हुई। प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र, लॉस एंजिल्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह शहर में नकदी चोरी के मामले में अब तक कि सबसे बड़ी चोरियों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां पूरे इलाके के व्यवसायियों से नकदी को इकट्ठा कर रखा जाता था। चोरों को इसके बारे में पूरी जानकारी थी।

अब रोवर कराएगा अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चप्पे-चप्पे की सैर, नासा कर रहा तैयारी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने तीन कंपनियों को एक रोवर के निर्माण का कार्य दिया है जिसपर सवार हो अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह का मुआयना करेंगे। नासा ने बुधवार को एक बयान जारी किया। इसमें बताया कि चंद्रमा पर आर्टेमिस अभियान के दौरान रिसर्च और मंगल पर मानव मिशन में काम आएगा। इस काम को पूरा करने के लिए कंपनियों को 2039 तक का समय दिया गया है। नासा ने लूनर टरेन व्हीकल (एलटीवी) यानी रोवर को विकसित करने के लिए तीन कंपनियों इंट्यूटिव मशीन्स, लूनर आउटपोस्ट और वेंचुरी एस्ट्रोलैब का चयन किया है। 'चांद की सतह पर शोध के लिए आर्टेमिस अभियान के लूनर एक्सप्लोरिंग व्हीकल के निर्माण की उम्मीद करते हैं।

श्रमिक वीजा के लिए ब्रिटेन ने लागू की उच्च वेतन सीमा, अब 38,700 पाउंड होगा वेतन

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में कुशल श्रमिक वीजा के लिए आवेदन करने वाले भारतीयों सहित विदेशी श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल ब्रिटेन ने इस वीजा के लिए उच्च वेतन सीमा लागू हो गई। अब कुशल श्रमिक वीजा आवेदन करने वालों के लिए वेतन सीमा 26,200 पाउंड से बढ़कर 38,700 पाउंड हो जाएगी। यानी कुल मिलाकर वेतन में 48 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस बारे में यूके गृह कार्यालय ने कहा कि यह मजबूत और उचित उपायों के पैकेज का हिस्सा है। अब विदेशों से सस्ते श्रमिकों के प्रवाह को समाप्त करने का समय आ गया है।

ब्रिटेन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली का कहना है कि यह कड़ी मेहनत करने वाले लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा क्योंकि इससे पहले कम वेतन की वजह से वह लोग मुश्किल से अपना गुजारा कर सकते थे। उन्होंने आगे कहा कि हम अपनी आव्रजन प्रणाली पर फिर से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ऐसा इसलिए ताकि पूरी संख्या को कम करते हुए सर्वश्रेष्ठ लोगों को प्राथमिकता दी जा सके, ऐसे लोग जिनके पास हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल है। जेम्स क्लेवरली ने ब्रिटिश लोगों से एक ऐसी प्रणाली का वादा किया था जो उनके हितों की पूर्ति करती हो।

रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा- इस्राइल की सेना गाजा में हमला करने के लिए ले रही एआई की मदद

यरुशलम, एजेंसी। हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब बताया जा रहा है कि इस्राइली सेना हमास के आतंकियों को निशाना बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद भी ले रहा है। बता दें, इस्राइल के खुफिया अधिकारियों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इस्राइली अधिकारियों का यह कहना

इस्राइली अधिकारियों का कहना है कि एआई-आधारित टूल को लैवेंडर कहा जाता था। इसे 10 प्रतिशत गलती करने के लिए भी जाना था। जब इस बारे में इस्राइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) से पूछा गया तो उन्होने टूल के होने पर विवाद नहीं किया। हालांकि, इस बात से इनकार किया कि संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, एक अधिकारी का कहना है कि मशीन रबर स्टैंप की तरह काम करती थी। पहले पुरुष की पहचान करती और 20 सेंकड के अंदर ही हमला कर देती।

रिपोर्ट के अनुसार, एक लंबे बयान में सेना ने इस बात पर जोर दिया की आतंकियों की पहचान करने की प्रक्रिया में सूचना प्रणाली केवल एक टूल है। हम जंग के समय नागरिकों को कम नुकसान हो इसकी कोशिश में लगे हैं। सेना का यह भी कहना है कि विश्लेषकों को नियमों को देखते हुए एक स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।

यह रिपोर्ट ऐसे समय में सामने आई है, जब इस्राइल के सैन्य अभियान की अंतरराष्ट्रीय जांच तेजी से हो रही है। दरअसल, इस्राइल पर आरोप है कि उसके लक्षित हवाई हमलों में फलस्तीनी एन्क्लेव में भोजन पहुंचाने वाले कई विदेशी सहायता कर्मी मारे गए। इसके बाद इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में अबतक 32,916 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की माने तो उत्तरी गाजा में लगभग तीन-चौथाई आबादी भूख से पीड़ित है।

चीन की यूनिवर्सिटी में लड़कियों के लिए मुसीबत बना 20 साल का छात्र

बीजिंग, एजेंसी। इन दिनों चीन की सोशल मीडिया साइट्स पर 20 साल का कॉलेज स्टूडेंट चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, यह छात्र डिल्यूज्नल लव डिसॉर्डर नामक बीमारी से पीड़ति है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार छात्र सेंकड ईयर में पढ़ता है, जिसका सरनेम लियू है। उसे यह लगता है कि उसकी साथ पढ़ने वाली लड़कियां उसे पसंद करती हैं। लियू में इसके लक्षण फरवरी से ही दिखाई देने शुरू हो गए थे, जो अब और बिगड़ गए हैं। यहां तक कि हालात इस कदर बिगड़ गए कि वह अपनी फीमेल कॉलेजमेट्स के साथ अजीब-सा बर्ताव करने लगा। लियू का इलाज करने वाले डॉक्टर लू शेन्जॉ ने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को बताया कि जब छात्र लियू उनके पास आया तो उसने कहा, यूनिवर्सिटी की सभी लड़कियां उसे पसंद करती हैं। डॉक्टर ने आगे कहा कि उसे ऐसा लगता है कि पूरी यूनिवर्सिटी में वह ही सबसे सुदंर लड़का है। हालांकि, जिन भी लड़कियों को लियू ने एप्रोच किया उन सभी ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया फिर भी उसे यह विश्वास था कि वे लड़कियां उसके लिए अपना प्रेम को स्वीकारने में शर्मा रही हैं। इसके कारण यूनिवर्सिटी की लड़कियों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ा। लियू की इस बीमारी में और भी लक्षण दिखाई दिए, जिसके कारण उसे रातभर नींद नहीं आती है और क्लास में भी उसका ध्यान नहीं रहता है।

ब्रिटिश अखबार ने लिखा-पाकिस्तान में टारगेट किलिंग करा रहा भारत

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत पर पाकिस्तान में टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। इस पर विदेश मंत्री एस जयशकंर ने कहा, टारगेट किलिंग करना भारत की विदेश नीति में नहीं है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरोप झूठे हैं और भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है। दरअसल, ब्रिटिश अखबार ने अपनी खबर में लिखा, भारतीय और पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स ने द गार्जियन को बताया कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की। द गार्जियन ने अपनी खबर में लिखा, दोनों देशों (भारत और पाकिस्तान) के खुफिया अधिकारियों के साथ हुए इंटरव्यू और पाकिस्तानी जांचकर्ताओं से मिले डॉक्यूमेंट्स से साफ पता चलता है कि कैसे भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कथित तौर पर विदेशों में हत्याएं करना शुरू किया। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग को सीधे तौर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऑफिस कंट्रोल करता है। मोदी इस महीने तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने जो डॉक्यूमेंट शेयर किए हैं उसमें सात मामलों से जुड़े कुछ सबूत हैं। इसमें गवाहों की बयानों, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स, व्हाट्सएप मैसेज और पासपोर्ट शामिल हैं। पाकिस्तानी जांचकर्ताओं का कहना है कि यह सबूत से पता चलता है कि पाकिस्तानी धरती पर की गई टारगेट किलिंग में भारतीय जासूसों का हाथ है। हालांकि, द गार्जियन ने इन दस्तावेजों को वेरीफाई नहीं किया है। हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था। इसके बाद यह पहली बार है जब किसी भारतीय इंटेलिजेंस ऑपरेटिव ने पाकिस्तान में चलाए जा रहे भारतीय ऑपरेशन पर बात की। आरोपों से यह भी पता चलता है कि भारतीय ऑपरेशन के तहत खालिस्तान आंदोलन से जुड़े सिख अलगाववादियों को पाकिस्तान और पश्चिमी देशों में निशाना बनाया गया था।

अमेरिका और ब्रिटेन के हमलों में 37 लोगों की मौत, हूती का दावा- 424 ठिकानों पर किए गए हवाई हमले

कायरो , एजेंसी। हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि यमन में अमेरिकी और ब्रिटिश हवाई हमलों में 37 लोग मारे गए। वहीं, 30 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि यमन में करीब 424 ठिकानों पर हवाई हमले किए गए।

इजरायल हमास युद्ध में फलस्तीन का समर्थन कर रहे हूती विद्रोहियों ने कुछ दिनों पहले लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाज पर हमले किए। फरवरी महीने से लगातार अमेरिकी और ब्रिटिश की ओर से हूती विद्रोहियों पर कार्रवाई की जा रही है। हूती विद्रोहियों के हमलों की वजह से अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। लाल सागर की ओर से यात्रा करने वाले कई जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास लंबी यात्रा करनी पड़ रही है, जो काफी महंगी भी है। बता दें कि हूती को ईरान से समर्थन प्राप्त है। इस ग्रुप का गठन 1990 में हुसैन अल हूती ने किया था। हूतियों ने यमन के तत्कालीन राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उनके शासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया था। वे खुद को अंसार अल्लाह यानी ईश्वर के साथी भी कहते हैं।

न्यायाधीशों को भेजे गए धमकी भरे पत्रों और जहरीले पाउडर की जांच करेगी सरकार, शहबाज शरीफ बोले



इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को मिले धमकी भरे पत्रों और कथित जहरीले पाउडर की जांच शुरू करेगी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आठ न्यायाधीशों और लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के तीन न्यायाधीशों को संदिग्ध पाउडर के साथ धमकी भरे पत्र मिले थे।

शरीफ ने कहा, बुधवार को कई न्यायाधीशों को पत्र भेजे गए थे और उनमें एक संदिग्ध पाउडर के बारे में जो रिपोर्ट सामने आई है। मुझे लगता है कि हमें इस पर पूरी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए और इसमें किसी तरह की सियासत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सरकार जिम्मेदारी की भावना के साथ इसकी जांच करेगी।

सेलो टेप से सील किए गए सफेद लिफाफों में सभी न्यायाधीशों को सौंपे गए पत्रों में उनके नाम और अदालत का पता लिखा हुआ था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रों में धमकी भरी बातों के संकेत थे और न्यायाधीशों पर पाकिस्तान के लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया है।

दो न्यायाधीशों के कर्मचारियों ने लिफाफे खोले और अंदर संदिग्ध पाउडर मिला। उन्होंने मामले की सूचना इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को दी, जिन्होंने अदालत की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों को तलब किया। एक मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार पत्र, भेजने वाले के अधूरे पते के साथ जारी किए गए थे।

मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत, दोनों देशों के बीच चल रही तनातनी पर बोले मंत्री मोहम्मद सईद

माले, एजेंसी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक ने हिंद महासागर में द्वीप राष्ट्र में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के खिलाफ राष्ट्रपति मुइज्जू के रुख का बचाव करते हुए कहा कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त ही मानता है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 3 अप्रैल तक आने वाले कुल 6,20,358 पर्यटकों में से चीन 69,028 के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद रूस (63,272), ब्रिटेन (61,394), इटली (58,613),जर्मनी (48,581) और भारत (35,378) का स्थान रहा है।

क्या है मामला: गौरतलब है कि पिछले नवंबर में शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू ने भारत से अपने 88 सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मालदीव की संप्रभुता के लिए खतरा थी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक से पूछा गया कि क्या माले चीन और भारत दोनों के साथ दोस्त हो सकता है, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मालदीव सभी देशों का दोस्त है।

मालदीव सभी देशों का मित्र- मोहम्मद शफीक : एक साक्षात्कार में मोहम्मद शफीक ने कहा कि मुझे लगता है कि मालदीव सभी देशों का मित्र है। हम एक पर्यटक देश हैं और दुनिया के लिए खुले हैं। एक छुट्टियां बिताने की जगह के रूप में चीनी और भारतीय दोनों ही हमारी सराहना करते हैं। शफीक ने इस बात पर भी जोर दिया कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त मानता है। उन्होंने कहा कि बेशक, हम दोस्त हैं। हमारे राष्ट्रपति, हमारी सरकार और लोग यहां विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को अस्वीकार करते हैं।मुइज्जू ने कहा था 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैन्यकर्मी, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी, उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

रेस्तरां में खाने गए नूडल्स में मिली बैंडेज- मचा हंगामा

कुआलालंपुर, एजेंसी। एक रेस्तरां में जब शख्स ने खाने के लिए नूडल्स आर्डर किए तो उसमें बैंडेज देख पैरो तले जमीन खिसक गई। दरअसल, एक मलेशियाई व्यक्ति ने फेसबुक पर अपने परिवार के खराब भोजन अनुभव को साझा किया, जिससे भोजन करने वालों ने रेस्तरां में अपनाई जाने वाली स्वच्छता प्रथाओं पर सवाल उठाया। पिछले हफ्ते साझा की गई एक पोस्ट में, शॉन सीजी ने आरोप लगाया कि उन्हें उनके चावल नूडल डिश में इस्तेमाल किया हुआ बैडेज मिला था। लेकिन जिस बात ने उसके परिवार को चौंका दिया वह मालिक की प्रतिक्रिया थी। उसने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना खतरनाक नहीं है।

रेस्तरां मालिक से पूछताछ करने पर शॉन ने कहा कि उनकी पहली प्रतिक्रिया माफ़ी मांगने की नहीं बल्कि रसोई में जाकर देखने की थी। फिर उसने स्वीकार किया कि उसके एक कर्मचारी की उंगली पर बैंडेज लगी हुई थी और गलती से बर्तन दूषित हो गया था और उसने माफी मांगी।

इसके बाद, मालिक ने उन्हें आश्वस्त करने का प्रयास किया कि चिंता की कोई बात नहीं है और वे अभी भी अपने दोपहर के भोजन का आनंद ले सकते हैं। हालाँकि, परिवार ने स्थिति पर अपनी घृणा और बेचैनी व्यक्त करते हुए रेस्तरां छोड़ने का फैसला किया।

शॉन सीजी की पोस्ट के अनुवादित कैप्शन में लिखा है, आज, मैंने अपने ससुराल वालों को दोपहर का भोजन देने का फैसला किया। हमने पके हुए चावल के नूडल्स और भुना हुआ सूअर का मांस ऑर्डर किया। जैसे ही हमने भोजन खाया, मेरे ससुर ने शेफ के चाकू कौशल की सराहना की। लेकिन अचानक, मेरे ससुर ने भुने हुए सूअर के मांस का एक पतला टुकड़ा खाया, और फिर दूसरी तरफ खोला जिसमें बैंडेज देख वह हैरान रह गए और मैंने बॉस महिला को बुलाया और उनसे पूछा कृपया पूछें कि यह क्या है। उनका पहला वाक्य माफी मांगने के लिए नहीं था बल्कि रसोई में जाकर इसे देखने के लिए था। फिर वह वापस आई और कहा कि कर्मचारी के हाथ पर बैंडेज लगी हुई थी जो गलती खाने में गिर गई।



शॉन ने कहा, तब बॉस ने माफी मांगी और कहा कि हाथ पर कीटाणु होंगे। बॉस महिला ने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना गंभीर नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, मैं कर्मचारियों से काम करवाने के लिए 100 प्रतिशत नहीं जा सकती, मुझे आगे और पीछे की देखभाल करनी होती है। इस पोस्ट को देख सोशल मीडिया यूजर ने कई तरह की प्रतिक्रिया दी और रेस्तरां पर गुस्सा निकाला।

राष्ट्रपति जरदारी से मिले सेना प्रमुख, सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोपों को बताया निराधार

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा। जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया।

संक्षिप्त समाचार

निष्पक्ष, निर्भिक व शांतिपूर्ण चुनाव कराने में प्रशासन को करें मदद :डीएम

नवादा। लोकसभा चुनाव के पूर्व जिले के डीएम के तबादले के बाद नवनियुक्त डीएम प्रशांत कुमार एस एच ने अपना योगदान दिया. योगदान के दो घंटे के अंदर पत्रकारों से मुखातिब होते हुये लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भिक व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में अपेक्षित सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि अभी पूरे जिले का भ्रमण करना शेष है। बूथों का जायजा लिया जाना है। चुनाव को चुनौती मानकर शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सुरक्षा के सवालों का जबाब देते हुए कहा इसकी समीक्षा कर जहां जिस प्रकार की आवश्यकता होगी पुरा कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। पत्रकारों को समय समय पर हर संभव तैयारियों की जानकारी उपलब्ध करायी जाती रहेगी। चुनाव कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का कार्य किया जायेगा। मेरी ओर से पत्रकारों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। पत्रकारों के हर सवालों का समय पर जबाब मिलेगा। इसके साथ ही चुनाव तैयारियों से संबंधित कई प्रश्नों का सटीक जबाब दे पहले पत्रकार सम्मेलन में संतुष्ट करने का हरसंभव प्रयास किया। मौके पर अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद समेत जिला कल्याण पदाधिकारी सह प्रभारी जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं मिडियाकर्मी मौजूद थे.

नवादा से आये सर्जन ने किया 11 महिलाओं का सफल बंध्याकरण

रजौली। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में नवादा से आये सर्जन डॉ रामप्रवेश प्रसाद द्वारा 11 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया।अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन एवं जनसंख्या नियंत्रण को लेकर वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को सर्जन के सहयोग से आसपास के क्षेत्रों के महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस सप्ताह भी आसपास के गांवों से आई 11 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया।उन्होंने कहा कि बंध्याकरण कराने वाली महिलाओं को सरकार के तरफ से प्रोत्साहन राशि के अलावे जरूरी दवाइयां आदि भी दी गई है।साथ ही कहा कि सभी मरीजों को 24 घण्टे चिकित्सकीय निरीक्षण में रखने के बाद घर भेज दिया जाएगा।वहीं बंध्याकरण कराने आई महिलाओं के परिजनों ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा दवाई के साथ-साथ रहने की अच्छी व्यवस्था की गई है।इस मौके पर परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार,जीएनएम अनिल कुमार,पुष्पलता सिन्हा,नूतन कुमारी के अलावे दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

उत्पाद एवं पुलिस बलों द्वारा जांच चौकी पर बढ़ी चौकसी में नहीं मिल रहे शराब

रजौली। आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण को निष्पक्ष ढंग से कराने को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बिहार पुलिस बलों द्वारा संयुक्त रूप से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है।जिसका औचक निरीक्षण वरीय पदाधिकारियों के अलावे ऑब्जर्वर के द्वारा भी किया जा रहा है।साथ ही जांच कर्मियों एवं पदाधिकारियों को सम्बंधित महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए जा रहे हैं।पुलिस बलों की बढ़ी चौकसी के कारण शराब बरामदगी,शराब धंधेबाज एवं शराबियों की संख्या काफी कम हो गई है।जबकि पुलिस एवं उत्पाद बलों द्वारा हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के जंगली रास्तों,धमनी पंचायत के बुढ़ियासाख,फरका बुजुर्ग,सवैयाटांड़ एवं अन्य पंचायतों के दूर-दराज जंगली क्षेत्रों में लगातार शराब निर्माण, परिवहन,सेवन,बिक्री एवं भंडारण आदि के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।वहीं जांच चौकी से पहले बिहार-झारखण्ड की सीमा पर के कोडरमा पुलिस-प्रशासन द्वारा बिहार के प्रवेश द्वार पर अस्थाई जांच चौकी का होना भी माना जा रहा है।इसलिए भी लोग पहले की अपेक्षा थोड़ा ज्यादा सतर्क होकर चल रहे हैं।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि गुरुवार की शाम से लेकर शुक्रवार की सुबह तक कुल 11 शराब पीने वाले लोगों को हिरासत में लिया गया है एवं न्यायालय में पेश किया गया।सभी शराब पीने वाले लोगों ने न्यायालय में जुर्माना की राशि जमा कर अपने-अपने गंतव्य स्थान को चले गए हैं।

शराब मामले में फरार चल रहे धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रजौली। थाना क्षेत्र के डीह रजौली से एसआई गौतम कुमार ने शराब मामले में एक सप्ताह से फरार चल रहे शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते 27 मार्च की रात्रि लगभग 8:30 बजे संध्या गस्ती के दौरान डीह रजौली निवासी द्वारिका चौधरी के पुत्र दिनेश चौधरी के घर में शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस बलों के साथ छापेमारी की गई थी।छापेमारी के दौरान दिनेश चौधरी के घर से प्लास्टिक के पाउच में रहे कुल 10 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया था।जबकि शराब धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।वहीं जब्त शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई थी।इसी बीच वांछित शराब धंधेबाज को एसआई गौतम कुमार ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार शराब धंधेबाज को स्वास्थ्य जांच के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सुगमता एक्सप्रेस रथ के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को,मताधिकार करने के प्रति जागरूक किया गया

(हसनगंज)कटिहार। हसनगंज प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में शुक्रवार को दिव्यांग मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने व मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधा की जानकारी प्रदान करने हेतु सुगमता एक्सप्रेस का परिचालन किया गया. जिसको लेकर बीडीओ रितेश कुमार ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रखंड क्षेत्र में सुगमता एक्सप्रेस रथ का परिचालन कर दिव्यांग मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही उनको मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधा की जानकारी प्रदान की गई. बताया सुगमता एक्सप्रेस के माध्यम से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था, व्हीलचेयर, दवा की व्यवस्था, हेल्पलाइन नंबर व सक्षम ईसीआई एप के संबंध में जानकारी दी गई. लोकसभा आम चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सुगमता एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है. बताया सुगमता एक्सप्रेस एक संजीवनी वैन है, जिसका लक्ष्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुगम निर्वाचन के उद्देश्यों को पूरा करना है.

हलफनामा:-1.10करोड़ की मालकिन हैं बीमा, तारिक अनवर से अधिक अमीर हैं उनकी पत्नी हेना

तो किशनगंज के जावेद हैं सबसे अमीर प्रत्याशी,कई फर्म में भी है निवेश

निज संवाददाता। **कटिहार**

1.10 करोड़ की चल-अचल संपत्ति की मालकिन हैं बीमा भारती:- पूर्णिया से राजद प्रत्याशी के रूप में बीमा भारती ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वे रूपौली विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुकी हैं। इस बार जदयू से इस्तीफा देकर राजद से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। अपने नामांकन के दौरान उन्होंने जो हलफनामा दायर किया है, उसमें उन्होंने अपनी आय का ब्योरा प्रस्तुत किया है। उनके पास कुल 1,10,48,999 की चल-अचल संपत्ति है। उनके पति अवधेश मंडल के पास 27,70,266 रुपये की संपत्ति है। उन्होंने प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके विरुद्ध रुपौली और भवानीपुर थाने में तीन मामले दर्ज हैं। इनमें दो मामले आचार संहिता उल्लंघन के हैं जबकि एक प्रताड़ना का मामला है। किसी भी मामले में दोष सिद्ध नहीं। हुआ है। बीमा भारती ने आयकर

• आचार संहिता उल्लंघन और प्रताड़ना के तीन मामले हैं थाने में

पति के पास 2,75,000 व बीमा के पास 45 हजार रुपये नकद इसके अनुसार उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 34,300 रुपये आयकर दिया है। उनके पति अवधेश मंडल उनसे अधिक आयकर देते हैं। उन्होंने 4,83,070 रुपये का आयकर दाखिल किया है।उनके पास नकद 45,000 रुपये हैं, जबकि उनके पति के पास 2,75,000 रुपये हैं।

तारिक अनवर से अधिक अमीर हैं उनकी पत्नी हेना है:- • तारिक के पास 81 लाख तो पत्नी को एक करोड़ के गहने

• पत्नी के पास पजेरो स्पोर्ट्स तो पति रखते हैं मारुति इको

• पोस्ट आफिस और बीमा कंपनी में 10 लाख का निवेश

संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से अधिक अमीर उनकी पत्नी हेना तारिक हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर दिए गए हलफनामे में कांग्रेस प्रत्याशी ने इसकी जानकारी दी है। तारिक अनवर के पास बैंक, निवेश, बीमा व नगद कुल एक करोड़ 11 लाख 15 हजार 211 रुपये हैं। उनकी पत्नी हेना तारिक के पास बैंक में जमा सहित बीमा, निवेश व नगद के तौर पर दो करोड़ 40 लाख एक हजार 89 रुपये हैं। इनके बेटे आरिब हुसैन के पास 24 लाख 50 हजार, बेटी अनूम अनवर के पास 10 लाख बैंक, बीमा व नगद के रूप में और दूसरी बेटी अलीजा अनवर, के पास 24 लाख 50 हजार रुपये हैं।

जावेद हैं सबसे अमीर प्रत्याशी कई फर्म में भी है निवेश:- किशनगंज लोकसभा चुनाव, 2024 में प्रमुख पार्टियों की ओर से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में सबसे अधिक धनवान पूर्व सांसद सह वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी डा. जावेद आजाद हैं। उनकी पत्नी के नाम से भी काफी संपत्ति है। चल और अचल दोनों संपत्तियों में वह एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम और एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान से काफी आगे हैं। प्रमुख पार्टियों में सबसे कम संपत्ति एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान के पास है। जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम भी कांग्रेस के डा. जावेद आजाद से काफी पीछे हैं। एआइएमआइएम प्रत्याशी अख्तरुल इमान पर विभिन्न थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं। मुजाहिद आलम पर एक मुकदमा दर्ज है। नामांकन डा. जावेद आजाद के दर्ज हलफनामे के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी डा. जावेद आजाद के पास नकदी, बैंक खातों और विभिन्न फर्म एवं संस्थानों में निवेश के रूप में 3,98,06,392.68 रुपये हैं। उनकी पत्नी के पास 3,38,69,551.54 रुपये नकदी, खातों में एवं विभिन्न फर्म में निवेश के तौर पर हैं। इनमें जेवरात की कीमत भी शामिल है। दर्ज हलफनामे के अनुसार जावेद आजाद के पास नकदी 3.50 लाख रुपये व उनकी पत्नी के पास चार लाख रुपये हैं।

पीएम के नवादा में 7 अप्रैल को होने वाली सभा की सफलता को ले भाजपा ने किया बैठक

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

नवादा संसदीय सीट से एनडीए उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में 7 अप्रैल को कुंती नगर, में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली सभा की सफलता के लिए भाजपा विधानसभा कार्यालय में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई. काशीचक के पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वारिसलीगंज प्रखंड के 16 पंचायत तथा नगर परिषद के कुल 25 वार्ड के पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. बैठक को संबोधित करते हुए अखिलेश सिंह ने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के लिए इस बार के लोकसभा चुनाव में नवादा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर को विजय श्री दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करें. सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि श्रवण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में 7 अप्रैल को लाखों की संख्या में नवादा कुंती नगर पहुंचाने का आग्रह किया. जिला पार्षद अंजनी कुमार ने एनडीए कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए नवादा से विवेक ठाकुर की जीत दिलाने का आह्वान किया. बैठक का संचालन करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री सह वारिसलीगंज विधानसभा चुनाव प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने भाजपा, लोजपा, रालोजपा तथा हम के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान से लग जाने का आग्रह किया. बैठक को भाजपा नेता श्यामसुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, शैलेंद्र सिंह, निरंजन कुमार, अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, गोपाल कुमार सोनू, रंजन कुमार, संजय कुमार मंगल, सनोज साव, दीनदयाल भगत, विजय मांझी, शेष कुमार, सियाराम सिंह, प्रियरंजन श्रीनिवास, पवन बंका, सुमन कुमार, चंदन कुमार, मिथिलेश पासवान, कार्यानंद शर्मा, राहुल कुमार आदि ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों से 7 अप्रैल की प्रधानमंत्री की नवादा की चुनावी सभा में काफी संख्या में भाग लेने का निवेदन किया.

मतदान करने के लिए लिया संकल्प

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

18 वीं लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान की महत्ता के बारें में जहां कहा,वही आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अपील की। यह कार्यक्रम शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहजपुरा के परिसर में हुआ। आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदी ने बैठक की। और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संकल्प ली। कहा गया पहले मतदान करेंगे,तब जलपान करेंगे,मेरा पहला वोट देश के लिए,मेरा वोट, मेरा कर्तव्य,लोकतंत्र का महापर्व है,जात पात से ऊपर उठकर हमसभी को निभाना है। उक्त बातें कह कर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपील की। आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में जीविका दीदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आगामी 19 अप्रैल 2024 को नवादा लोकसभा चुनाव है। मौके पर जीविका दीदी सरिता देवी, सुमित्रा देवी,मीना देवी,सुनीता देवी,दुलारी देवी,किरण देवी,सीमा देवी,रीना देवी समेत अन्य जीविका दीदी ने आसपास के लोगों को जागरूक करने व मतदान करने का संकल्प लिया।

जात पात और प्रलोभन से ऊपर उठकर करें मतदान

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**

प्रखण्ड क्षेत्र के युवा मतदाता जो पहली बार 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे, इसको लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। युवावों का कहना है कि जात पात और प्रलोभन से ऊपर उठकर मतदान कर सही उम्मीदवार का चयन करें तभी हमारे देश का विकास होगा। युवा और भावी मतदाता के रूप में छात्र छात्राएं है, युवाओं को चाहिए कि अपने परिवार और आस पड़ोस के लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। सभी कामों को छोड़ कर सबसे पहले मतदान करें। सही उम्मीदवार का चयन कर मतदान करें जिससे हमारे देश और गांव का विकास हो सके। प्रवीण कुमार ओलिपुर ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करें। सौरव कुमार, निशांत कुमार ओलिपुर ने कहा कि मतदान उनका अधिकार है तो कर्तव्य भी है। क्षेत्र का विकास ही राष्ट्र का विकास का पैमाना होता है। क्षेत्र का जितना विकास होगा उतना ही लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रभात कुमार बाजितपुर, मुकेश कुमार संगम हसनपुरा से पूछा गया आप किस मुद्दे को लेकर वोट करेंगे। तो उनका जवाब था, हम किसी पार्टी को नहीं बल्कि वैसे उम्मीदवार को वोट करेंगे जो देश की विकास करेगा। युवा वर्ग देश के मंहगाई बेरोजगारी को लेकर चिंता जताया। इसमें भी सुधार की आवश्यकता है। युवाओ ने शिक्षा के लिए भी बड़ी बात कही की कुछ स्कूल में बेहतर शिक्षा का आभाव है। युवाओं ने बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली पर सरकार को धन्यवाद दिया। युवाओं ने स्वास्थ व्यवस्था में बदहाली पर प्रहार करते हुए कहा की हमारे यहाँ स्वास्थ्य की मूल भुत सुविधा नहीं है, इससे गरीबों को परेशानी होती है। युवाओं ने कहा की आयुष्मान कार्ड के साथ हरेक क्षेत्र में बेहतर अस्पताल का निर्माण हो जिससे इलाज के लिए लोगों को बाहर नही जाना पड़े। युवाओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास लिए अच्छे प्रत्याशी का चयन करना हम लोगों का मतदान का मुख्य उद्देश्य होगा।

हसनगंज में पढ़ी गई अलविदा की नमाज, गुनाहों की माफी के साथ मांगी अमन चैन की दुआ

निज संवाददाता। **(हसनगंज)कटिहार**

हसनगंज प्रखंड में पाक रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को हसनगंज प्रखंड के सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ी गई. इस दौरान अकीदतमंदों ने अमन चैन की दुआ मांगी. अलविदा नमाज को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला. गौरतलब हो कि रमजान माह में लोग रोजा रखे हुए हैं. एक माह तक रोजा रखा जाता है। मौके पर ईटवा, हसनगंज, मझला टोला ढेरुआ के जमा मस्जिद के इमामों ने कहा कि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की बारगाह में जितनी भी इबादत कर लें कम है. रोजा रखने के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज पढ़ें.

कुरान-ए-पाक की तिलावत करते रहें. कहा कि रमजान में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है. रमजान में जितना हो सके गरीब व असहायों की मदद करें. उन्होंने ने कहा यूं तो हर जुमा खास होता है, लेकिन अलविदा जुमा खास मखास होता है। इस जुमे की नमाज मुकद्दस रमजान की विदाई का सूचक माना जाता है.

अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

निज संवाददाता। **कटिहार**

माह ए रमजान की आखरी अशरे चल रहा है। आखरी अशरे में मुस्लिम भाई जहन्नम की आग से निजात पाने के लिए लगातार दुआ मांग कर अल्लाह के फर्श पर अपना जगह बना रहे हैं । इस दौरान अलविदा जुमाज की नमाज के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमर पड़ी ।भीड़ को देखते हुए मस्जिद के व्यवस्थापको ने मस्जिद चौक आजम नगर सुन्नी मस्जिद आजमनगर मस्जिद मसलटोली आदि सहित लगभग सभी मस्जिदों में नमाजियों को बैठने के लिए अलग से व्यवस्था किया गया था। प्रखंड क्षेत्र के सभी जामे मस्जिदों में अकीदत के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई।अजान सुनते ही जवानों एवं बुजुर्गों के साथ बच्चे भी अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में पहुंचने लगे। इस बाबत मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।मौलानाओं ने अपने तकरीर में पाक रमजान माह की फजीलतों एवं अलविदा जुमा की अहमियत पर रोशनी डालते हुए रोजेदारों से ईद की नमाज अदा करने से पहले फितरा अदा करने को कहा तथा इस माह में दिल खोलकर जकात व खैरात बाटने की नसीहत दी। फितरा की अदायगी के लिए 2 किलो 45 ग्राम गेंहू या उसके बदले वर्तमान बाजार भाव की कीमत से रुपया गरीब,लाचार,विधवा,मदरसा आदि में बांटने का प्रावधान निहित है। ईद की नमाज अदा करने से पूर्व जन्मे बच्चे का भी फितरा अदा करना पड़ेगा। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने सादगी के साथ देश में अमन शांति,तरक्की एवं आपसी सद्भाव कायम रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब कारोबारियों पर पूर्णिया पुलिस की कार्रवाई लगातार है जारी

निज संवाददाता। **पूर्णिया**

इसी क्रम में दिनांक 04.04.2024 को सूचना मिली कि मालदा से शराब की एक बड़ी खेप पिकअप गाड़ी से पूर्णिया आ रही है तथा उस गाड़ी को एक स्कॉर्पियों से स्कॉर्ट किया जा रहा है। जिसको विभिन्न थाना क्षेत्रों में खपाया जाऐगा। तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय, पूर्णिया के दिशा-निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय, सदर, पूर्णिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा मरंगा थानान्तर्गत उफरैल चौक पर काफी मशक्कत के बाद दोनो गाड़ियों को रोका गया एवं पिकअप गाड़ी पर लदे हुए पुआल के नीचे से एवं स्कॉर्पियो के डिक्की से कुल 101 कार्टून विदेशी शराब, जिसकी कुल मात्रा 997.275 लीटर शराब बरामद किया गया और कुख्यात शराब कारोबारी मो० तफीजुल एवं नीतीश कुमार उर्फ बंटी यादव के साथ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। मो० तफीजुल एवं नीतीश कुमार उर्फ बंटी यादव पिछले महीने में एस०एस०बी० के साथ होने वाले पत्थरबाजी की घटना में भी वांछित है। इसके अलावे पिछले महीने की 11 तारीख को के० नगर थानान्तर्गत की बड़ी खेप कोठीघाट में बरामद में बरामद हुई थी। उस घटना में भी यह वांछित है। इसके अलावे तफीजुल एवं बंटी यादव पूर्णिया और अररिया के कई थाना में वांछित है। इनके अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। बरामद शराब के बैकवॉर्ड एवं फारवॉर्ड लिंकेज के संबंध में पूछताछ के क्रम में कई तथ्य सामने आये है, जिसपर छापेमारी जारी है।

बरामदगी:- 01. 101 कार्टून विभिन्न ब्रांड का विदेशी शराब कुल मात्रा 997.275 लीटर, 02. एक स्कॉर्पियो, 03. एक बोलेरो पिकअप, 04. 06 मोबाईल फोन

गिरफ्तारी: - 01. संजय मंडल पिता स्व० विश्वनाथ मंडल सा० खुटहा रजई लक्ष्मीपुर थाना श्रीनगर जिला मधेपुरा, 02. मो० माजिद पिता मो० इबरार आलम सा० रजोखर थाना रानीगंज जिला अररिया, 03. फखरूद्दीन आलम पिता अलीमुद्दीन सा० रजोखर थाना रानीगंज जिला अररिया. 04. तफीजुल पिता स्व० शर्जुद्दीन सा० रामपुर थाना रानीगंज जिला अररिया, 05. नीतीश कुमार उर्फ बंटी पिता विद्यानंद यादव सा० मंसूरिया थाना सरसी जिला पूर्णिया।

मे० तफीजुल का अपराधिक इतिहास:- 01. रानीगंज थाना कांड सं0-583/20 दिनांक 13.12.2020 धारा-147/ 148/149/241/323/307/379/427/504/506

भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट- 02. रानीगंज थाना कांड सं0-305/21 दिनांक 14.10.21 धारा-30 (ए)

बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम- 03. जोकीहाट (महलगाँव) थाना कांड सं0-20/21 दिनांक 11.01.2022 धारा-272/273/34 भा०द०वि० एवं 30 (ए) बिहार

मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम- 04. रानीगंज थाना कांड सं0-385/23 दिनांक 14.09.2023 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम (वांछित) 05. रानीगंज थाना कांड सं0-436/23 दिनांक 15.11.2023 धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम

छापामारी दल के सदस्य:- 01. पु०नि० रूपक रंजन सिंह, 02. पु०अ०नि० अभय रंजन, 03. पु०अ०नि० उत्तम कुमार, 04. सि0/365 श्रवन कुमार सिंह , 05. सि०/509 अशोक कुमार सिंह, 06. डी००आई०यू० पूर्णिया की टीम

विचार-मंथन

संपादकीय

बेरोजगारी- 'इंडिया एंप्लायमेंट रिपोर्ट 2024' ने बढ़ाई चिंता

अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच अगर बेरोजगारी के आंकड़े में युवाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक स्तर तक दिखाई देने लगे तो सोचने की जरूरत है कि विकास के रास्ते में इस मसले का क्या हल है! हालांकि हाल के वर्षों में युवाओं की संख्या और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया गया और उन्हें विकास का वाहक बताया गया है, लेकिन अब अगर युवाओं का ज्यादातर हिस्सा बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहा है तो उसे कैसे देखा जाएगागुरुवार 04 अप्रैल 2०24 गौरतलब है कि मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने मंगलवार को 'इंडिया एंप्लायमेंट रपट 2024' जारी की है। इस रपट में बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा हो रहा हैगुरुवार 04 अप्रैल 2०24भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर तैयार इस अहम रपट में कुछ विरोधाभासों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इस आलम एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है।

भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना ही संघ का मुख्य लक्ष्य

(प्रह्लाद सबनानी)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक नागपुर में दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को सम्पन्न हुई है। इस बैठक में पूरे देश से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 'श्रीराम मंदिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर' विषय पर एक प्रस्ताव भी पास किया गया। जैसा कि सर्वविदित ही है कि गौरवशाली हिन्दू सनातन संस्कृति विश्व में सबसे पुरानी संस्कृति मानी जाती है और इसी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत का इतिहास वैभवशाली रह पाया है तथा हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार इंडोनेशिया तक एवं सुदूर अमेरिका तक रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि संघ एवं इसके स्वयंसेवक करते क्या हैंगुरुवार 04 अप्रैल 2024 इसके उत्तर में अक्सर यह जवाब दिया जाता है कि संघ को यदि समझना है तो आपको संघ की शाखा में आना होगा। संघ, मां भारती को एक बार पुनः विश्व में गौरवशाली स्थान दिलाने के पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास कर रहा है। इस पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लाखों की संख्या में स्वयंसेवक आज संघ के साथ जुड़ चुके हैं। आज भारत के 45,600 स्थानों पर संघ की 73,117 शाखाएं, 27,717 साप्ताहिक मिलन एवं 10,567 संघ मंडली लगाई जा रही हैं। इन शाखाओं, साप्ताहिक मिलनों एवं संघ मंडलियों में स्वयंसेवकों में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव (राष्ट्र प्रथम) जागृत किया जाता है ताकि वे समाज में जाकर समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर भारत में समाज परिवर्तन का कार्य दक्षतापूर्वक कर सकें। संघ की शाखा सामान्यतः 60 मिनट की लगती है एवं इसमें शारीरिक व्यायाम, योग, प्राणायाम, खेल, बौद्धिक एवं प्रार्थना शामिल रहती है। बौद्धिक में सनातन संस्कृति एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी के साथ साथ भारतीय संतो, महात्माओं एवं महापुरुषों की जानकारी प्रदान की जाती है। समय के साथ साथ संघ ने अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन भी किया है एवं कई नए आयाम एवं कार्य अपने साथ जोड़े हैं। जैसे समाज के किन किन

> *जैसे वर्तमान में जागरण श्रेणी में शामिल कार्य हैं - सेवा, सम्पर्क एवं प्रचार सम्बंधी कार्य। इसके अलावा 6 गतिविधियां भी हैं जो स्वयसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से चलाई जाती हैं। इनमे शामिल हैं - धर्म जागरण समन्वय, गौ सेवा, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण।*

क्षेत्रों में क्या क्या काम करना है यह संघ के स्वयंसेवकों को बहुत स्पष्ट रूप से सिखाया जाता है। संगठन श्रेणी के साथ ही संघ में जागरण श्रेणी भी कार्यरत है। संगठन श्रेणी में शाखाओं के विस्तार, इसे सुचारू रूप से चलाने सम्बंधी कार्य, स्वयसेवकों का प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता विकास आदि कार्य शामिल रहते हैं जबकि जागरण श्रेणी में समाज में जाकर किन क्षेत्रों में जागरण करना है, का निर्धारण किया जाकर इस क्षेत्र में स्वयसेवकों द्वारा कार्य किया जाता है। जैसे वर्तमान में जागरण श्रेणी में शामिल कार्य हैं - सेवा, सम्पर्क एवं प्रचार सम्बंधी कार्य। इसके अलावा 6 गतिविधियां भी हैं जो स्वयसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से चलाई जाती हैं। इनमे शामिल हैं - धर्म जागरण समन्वय, गौ सेवा, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिनांक 1 से 15 जनवरी 2024 तक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के आह्वान पर संघ के स्वयंसेवकों एवं समाज के विविध संस्थानों तथा संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया गृह सम्पर्क अभियान अभूतपूर्व सफल रहा था। देश के समस्त प्रांतों के 578,778 गांवों एवं 4727 नगरों के कुल 19.38 करोड़ से अधिक परिवारों से स्वयंसेवकों सहित 44.98 लाख से अधिक व्यक्तियों ने सम्पर्क किया था। यह भारतीय समाज में संघ की गहरी पहुंच और समाज में उसकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। संघ के 40 से अधिक अनुशांगिक संगठन भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जो हिंदू सनातन संस्कृति एवं भारतीय परम्पराओं के आधार पर समाज में अपने कार्य को आगे बढ़ाते हैं। विश्व में वामपंथी विचारधारा के आधार पर चल रहे विभिन्न मजदूर संगठन अपने श्रमिक सदस्यों को संस्थान के केवल लाभ में हिस्सा लेने की प्रेरणा देते हैं और अपनी मजदूरी में वृद्धि के लिए अक्सर हड़ताल आदि का सहारा लेते हैं। उद्योग संस्थान में हड़ताल होने से न केवल उस विशेष उद्योग संस्थान का बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का भी नुक्सान होता है।जबकि, भारतीय मजदूर संघ, जो कि संघ का ही एक अनुशांगिक संगठन है, अपने श्रमिक सदस्यों को हड़ताल करने के लिए निरुत्साहित करता है और उसका नारा है कि 'संस्थान के लिए करेंगे पूरा काम और काम के लेंगे पूरे दाम'। यह अंतर है वामपंथी विचारधारा और राष्ट्रीय विचारधारा के संगठनों में। इसी प्रकार संघ के अन्य अनुशांगिक संगठनों में शामिल हैं - (1) सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - आरोग्य भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान, आरोग्य भारती, सक्षम (दिव्यांग नागरिकों के लिए), दीन दयाल शोध संस्थान। (2) सामाजिक संगठन - विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, क्रीड़ा भारती, राष्ट्रीय सेविका समिति। (3) शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - विद्या भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय शेक्षिक महासंघ, संस्कृत भारती, शिक्षा संस्कृत उत्थान न्यास। (4) आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - भारतीय किसान संघ, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत। (5) वैचारिक समूह में कार्य करने वाले संगठन - प्रज्ञा प्रवाह, विज्ञान भारती, संस्कार भारती, इतिहास संकलन, साहित्य परिषद, अधिवक्ता परिषद। (6) सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन - सीमा जागरण मंच, हिंदू जागरण मंच, अखिल भारतीय रक्षा परिषद। उक्त समस्त संगठनों को पूर्ण स्वायत्तता प्रदत्त है एवं संघ की ओर से किसी भी प्रकार का बंधन इन संगठनों पर नहीं रहता है। हां, इन संगठनों की कार्य प्रणाली को भारतीय संस्कारों के अनुरूप ढालना आवश्यक रहता है। नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अन्य कई देशों में कार्यरत हैं एवं वहां निवास कर रहे हैं और इन देशों की अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को दिनोदिन मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इन देशों के विभिन्न क्षेत्रों यथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि में भारतवंशियों के योगदान को इन देशों मूल नागरिकों ने पहचाना एवं स्वीकारा है। इसके चलते लाखों की संख्या में विदेशी मूल के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हुए हैं एवं अब ऐसा माना जाने लगा है कि हिंदू सनातन संस्कृति पूरे विश्व में भविष्य का विश्व धर्म होने जा रही है। अतः आज विश्व के 53 देशों में 'हिंदू स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की जा चुकी है एवं इन देशों में 1480 शाखाएं एवं 112 मिलन चलाए जा रहे हैं।

राजनीति में पारदर्शिता

राजनीतिक दलों को चुनाव के लिए मिलने वाले चंदे पर आयकर नहीं चुकाना होता, मगर आयकर नियमों के मुताबिक उन्हें उसका पारदर्शी तरीके से हिसाब देना जरूरी होता है। ज्यादातर पार्टियां इस मामले में लापरवाही बरतती या जानबूझ कर हिसाब देने से बचती देखी जाती हैं। अब आयकर विभाग ने कांग्रेस के पुराने हिसाब-किताब में खामियां निकाल कर उस पर भारी जुर्माने का नोटिस भेजा है, तो राजनीति शुरू हो गई है। पहले ही कई वर्षों के चंदे का ब्योरा समय पर और ठीक-ठीक न देने की वजह से आयकर विभाग कांग्रेस के सारे बैंक खाते अपने कब्जे में ले चुका है। उसे कांग्रेस ने अदालत में चुनौती दी कि जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तब आयकर विभाग ने उसका सारा पैसा जब्त कर लिया है। अब आयकर विभाग ने अलग-अलग वर्षों के आय-व्यय का ठीक-ठीक ब्योरा न दिए जाने पर उसे 1823.08 करोड़ रुपए जुर्माने का नोटिस भेज दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर भी ऐसी ही अनियमितता के आरोप में ग्यारह करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। चूंकि आमचुनाव की रणभेरी बज चुकी है और कांग्रेस खाली हाथ हो गई है, इसलिए उसकी नाराजगी स्वाभाविक है। उसने भाजपा के चंदे का हिसाब-किताब निकाल कर दिखाया है कि उसने भी आयकर विभाग को उचित हिसाब नहीं बताया। उसके अनुसार भाजपा पर भी चार हजार छह सौ करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। यह ठीक है कि सभी राजनीतिक दलों को अपने चंदे का नियम के मुताबिक हिसाब देना चाहिए, लेकिन आयकर विभाग ने ऐसी गड़बड़ियों पर कार्रवाई का जो समय और तरीका चुना है, वह सवालों से परे नहीं माना जा सकता। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अगर कांग्रेस ने कई वर्ष पहले अपने चंदे का सही और समय पर हिसाब-किताब नहीं दिया था, तो उसकी यह गड़बड़ी ऐन चुनाव के वक्त ही क्यों नजर आई। फिर, क्या आयकर विभाग जो कार्रवाई अभी कर रहा है, वह थोड़ा रुक कर नहीं कर सकता था।

इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसुरे स्वर

(ललित गर्ग)

इंडिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओं रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं पीएम मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी। इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है। यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5331

	6				9		8	5
9	4				6			2
	8	1			4			3
6						1		8
				3				
2		8						9
3			1			8	4	
8			6				5	7
4	7		2				3	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5330

5	7	1	6	9	3	2	4	8
9	3	6	2	8	4	1	7	5
8	4	2	5	1	7	6	3	9
7	8	9	3	2	5	4	6	1
2	6	5	1	4	9	7	8	3
3	1	4	7	6	8	5	9	2
1	5	3	9	7	6	8	2	4
4	9	7	8	5	2	3	1	6
6	2	8	4	3	1	9	5	7

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य आपका साथ देगा। आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी और धन लाभ के योग हैं। काफी संघर्ष के बाद आज आपको लंबे समय से चल रही परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज किसी कारण से आपको दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकाल पाएंगे।

वृष

आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपके घर में शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन पर चर्चा होगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए। फालतू की चीजों में पैसे न खराब करें। सांयकाल के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है।

कर्क

आज आपको तेजी से आगे बढ़ने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपकी खुद की नजर भी इन उपलब्धियों को लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने के लिए आपको काफी मेहनत करनी चाहिए। आगे चलकर आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

सिंह

आज का दिन सम्मान से भरा होगा। आपको कारोबार की चिंता परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा। आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुन

आज धन में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज आप उनकी तरक्की का प्रयास करेंगे। आज आपको अपने भी वह चिन्ता आपको परेशान कर सकती है।

कन्या

आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। आज आपको रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के काम में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और सभी कार्य सफल होंगे। रात्रि के समय मांगलिक अवसरों में जाने का मौका मिलेगा।

तुला

आज व्यस्तता में बीतेगा और आपको दूसरों के कार्य पूर्ण करने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। हालांकि नतीजे आपके हित में आ सकते हैं और उससे आपका मन भी काफी प्रस्नन होगा। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। तो आपको राहत होगी। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन लाभ आपको हो सकता है।

वृश्चिक

आज का दिन अधिक अनुकूल नहीं है और आज आपको अकारण ही परेशान और चिंतित होना पड़ सकता है। ग्रहों की खराब दशा की वजह से कुछ परेशानियां हो सकती हैं। आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण कुछ समस्याएं खड़ी कर सकते हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है।

मकर

आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेने से आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल शुभ होने से आपको लाभ होगा। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

कुंभ

आज उच्चाधिकारियों से आपको घनिष्टता प्राप्त होगी और आपके संबंध बेहतर होंगे। लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

धनु

आज आपको अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव को आप अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग के लोगों के बीच में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय बहुत अनुकूल है।

मीन

आज आर्थिक लाभ होगा। ज्ञान विज्ञान का भंडार है। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेंगे। अध्ययन व आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। धन सम्मान के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

वर्ग पहेली 5331

1	2	3	■	4		5	6
7					■	8	
9		■	■	10	11	■	
■		■	12			■	■
13	■	14	■	15		16	17
18			19	■	■	20	
	■	21			■	22	
23		■		■	24		

संकेतः बाएं से दाएं

1. इस देश की सरकार द्वारा 15 मई 1999 को महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक प्रदान किया गया (3)
4. 15 मई 1907 को इस महान क्रांतिकारी का जन्म हुआ था, इन्हें भगतसिंह के साथ फांसी पर लटकाया गया था (4)
7. संध्याकाला के बाद समय (5)
8. नृत्य, संगीत के साथ अंगों का संचालन (2)
9. पुरूष, मर्द (2)
10. प्रभू, भगवान, ईश्वर (2)
12. हुक्म, आज्ञा, टेस्टामेंट (3)
15. ऊपर तक, कगार तक, किनारे तक, लबरेज (4)
19. भारतीय संगीतशास्त्र का आरंभ इसी वेद से शुरू हुआ था (4)
20. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
21. पतंगा, फतिंगा (3)
22. एक चौपहिया वाहन जिसे पर्वतीय क्षेत्रों में आसीनी से घुमाया जा सकता है (2)
23. लगातार घंटे बजने का शब्द (2)
24. दबाव में लाना, गाड़कर रखना (3)

ऊपर से नीचे

1. मुस्लिम का धर्मग्रंथ जिसमें तीस पारे छोटी-बड़ी एक सौ चौदह सूरतें, 6640 आयतें, और 540 स्कूअ है (3)
2. कहते है मृत्यु के पश्चात इस नदी को पार करना होता है जिसमें गोदान करने वाला व्यक्ति ही सफल होता है (4)
3. तपस्या, योग्याभ्यास (2)
4. श्रुति गमय होना (5)
5. प्रदान करना, हस्तांतरित करना (2)
6. वादा संकल्प, प्रतिज्ञा (3)
11. खरगोश को यह भी कहते है (3)
13. आवासिता, भरापन, चहल-पहल (4)
14. उन्माद, उत्तेजना, जोश (3)
16. शिष्टता, नम्रता, शऊर (4)
17. कल्पना करना, दुखी होना (2)
19. रगड़ या पीसकर टुकडे-टुकडे करना (3)

वर्ग पहेली 5330 का हल

जा	पा	न	■	को	य	ल	■
न	न	द	■	स	म	त	ल
की	■	■	सु	■	द्धि	■	त
खै	रि	य	त	■	ती	त	र
र	■	वा	■	■	प	या	म
म	ज	मा	■	र	■	क	वि
ना	■	शू	■	वा	र	ना	■
ना	पा	क	■	ना	त	■	पौ

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

संक्षिप्त समाचार

हरि सिंह राजपूत के प्रयास से नवजात की जिंदगी लौट आई

जमशेदपुर, एजेंसी। रोज कमाने खाने वालें अमन शर्मा के घर सातवे महीने के बेटे का जन्म हुआ, जिसका वजन सिर्फ 1 किलो था। कमजोर और कुछ परेशानियों की वजह से बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया था। कुछ दिन के इलाज के बाद डॉक्टर ने परिवार को जवाब दे दिया और किसी चाइल्ड हॉस्पिटल में ले जाने की सलाह दी जिसमें लाखों का खर्च अनुमानित था। बच्चे के पिता ने कई बड़े नेता और विधायको से मिलकर मदद मांगी। उसे निराशा ही हाथ लगी, फिर किसी ने परिवार को समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत से संपर्क करने को कहा तो हरि ने अपने साथियों की मदद से तत्काल उसे करीब एक लाख की मदद की, जिसके तुरंत बाद परिवार बच्चे को लेकर रांची के रानी चाइल्ड हॉस्पिटल में इलाज के लिए रवाना हुआ और 10 दिन के इलाज के बाद स्वस्थ्य होकर बच्चा अपने घर जमशेदपुर लौट आया ।

फ्लोर पर मन रही थीं रंग रलियां, ग्राहक बन बार पहुंची एसडीओ ने की छापामारी,

जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो थाना क्षेत्र एनएच 33 स्थित रॉयल हिल्स परिसर के पायजन नामक बार में रंग-रलियां मनाई जा रही थी। इसका खुलासा गुरुवार देर रात एसडीओ पारुल कुमार सिंह की छापामारी में हुआ। अधिकारी हैरान रह गए कि वहां बार बालाएं डांस कर रही थीं। ग्राहक सामने बैठे थे। रुपये उड़ाये जा रहे थे। हुक्का, शराब और बीयर का दौर चल रहा था। 10 बार बालाओं को पुलिस ने पकड़ लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बार बालाओं के साथ ठुमका लगा रहे ग्राहक अलग-अलग गेट से भाग निकले। गेट पर तैनात बाउंसर भी गायब हो गए। बार बलाएं पश्चिम बंगाल, नागपुर और मुंबई समेत अन्य क्षेत्र की है। अवैध धंधा लंबे समय से चल रहा था। बार से शराब की बोतलें और अन्य सामान बरामद की गई है। इधर, एसडीओ ने बताया कि गोपनीय सूचना मिली थी कि बार में बार बालाएं डांस करती हैं। सूचना की पुष्टि के लिए वह अपने अंगरक्षक मृत्युंजय कुमार, साधन, दलपति और अन्य के साथ वहां पहुंची। ग्राहक की तरह प्रवेश किया। देखा कि अलग-अलग गेट पर बाउंसर खड़े थे। सभी वॉकी-टॉकी से लैस थे। देखा कि बार बालाएं एक-एक कर आकर डांस फ्लोर पर अश्लील डांस कर रही थीं। बालाओं ने बताया कि रुपये का लालच देकर उन सभी को बुलाया जाता था। फिलहाल एसडीओ की इस कार्रवाई के बाद हाईवे के किनारे के रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट बार संचालकों में हड़कंप मच गया है।

झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन, देर रात दिल का दौरा पड़ा

बोकारो, एजेंसी। डुमरी विधानसभा से तीन बार विधायक रहे झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी उम्र 72 साल थी। रांची में उन्हें अपने आवास पर देर रात बाथरूम में चक्कर आया और वे गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोपहर के बाद उनका पार्थिव शरीर बोकारो जिले के बैधकारो स्थित आवास पर लाया जाएगा। जहां से अंतिम यात्रा निकालकर दामोदर नदी तट पर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। लालचंद महतो ने आरएसएस से जुड़कर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहते हुए राजनीति की शुरुआत की थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण से प्रभावित होकर समाजवादी विचारधारा की ओर रुख कर लिया। आपातकाल के बाद हुए विधानसभा चुनाव में अपने 25 साल की उम्र 1977 में वे जनता पार्टी के टिकट पर डुमरी विधानसभा से विधायक बने थे। उसके बाद वे समता पार्टी के टिकट से चुनाव लड़कर 1990 में एक बार फिर से लालचंद महतो विधायक बने। साल 1999 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू प्रत्याशी के रूप में डुमरी सीट से चुनाव लड़कर तीसरी बार विधायक बने थे।लालचंद महतो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले अपने 24 संगठनों के तीसरा मोर्चा के प्रत्याशी बनने वाले थे। उन्होंने 5 दिनों पहले डुमरी में बैठक कर गिरिडीह संसदीय चुनाव लड़ने की घोषणा की थी।साल 2019 के दिसंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़कर जदयू का न सिर्फ दामन थामा था, बल्कि उसी दल यानी जदयू के प्रत्याशी के रूप में डुमरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था।

झारखंड में गर्मी का कहर, एक दिन में बढ़ा 2 डिग्री तापमान

रांची, एजेंसी। रांची समेत राज्य में गुरुवार का दिन काफी गर्म रहा। रांची के तापमान में एक दिन में दो डिग्री का उछाल दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों के अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अभी अधिक है। अधिकतम तापमान औसत तापमान से तीन से चार डिग्री व न्यूनतम दो से तीन डिग्री तक बढ़ा हुआ है। इसी कारण सतह के साथ वातावरण भी गर्म हो रहा है। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक है।

गुरुवार को यहां अधिकतम तापमान 38.2 और न्यूनतम 21.4 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे की तुलना में अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

कई जिलों में लू का असर

संताल परगना, कोल्हान व पलामू प्रमंडल के जिलों में कहीं-कहीं लू का असर दिखा। गोड्डा राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.9 और पाकुड़ का 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया किया। जबकि, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री रहा। इन शहरों के अलावा देवघर, मेदिनीनगर, गढ़वा और जामताड़ा का भी तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

झारखंड में आंधी-पानी के बाद एक और आफत! गर्मी को लेकर आईएमडी ने चेताया

धनबाद, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के मौसम केंद्र ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष बुलेटिन जारी की है। इसमें बताया है कि छह अप्रैल को धनबाद जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिले में हीट वेव की संभावना है।

हीट वेव की चेतावनी मिलने के बाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की अपील की है। यह भी कहा है कि पर्याप्त पानी पीएं, प्यास न लगी हो फिर भी पानी पीएं, हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्में, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें।

जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। शराब, चाय, काफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। ये शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी है।

हीट वेव के संभावित प्रभाव व बचाव के लिए पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ने की अपील की गई है। बेहोश या बीमार महसूस करने पर तुरंत डाक्टर से मिलें।

ओआरएस, घर में बना पेय लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। जानवरों को छाया में रखने और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी देने के साथ घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। रात में खिड़कियां खुली रखने तथा पंखे का प्रयोग करने, गीले कपड़े पहनने और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करने की सलाह दी है।

वर्ष प्रतिपदा पर भगवामय होगा पूरा देश, देश के सभी पंचायतों में रामोत्सव मनाने की कर रहा तैयारी विहिप

रांची, एजेंसी। वर्ष प्रतिपदा (नव संवत्सर) के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद देश की सभी पंचायतों व गांवों में रामोत्सव मनाएगी। इसे लेकर शहर से लेकर गांवों तक की हर गली और मोहल्ले को भगवामय करने की तैयारी की गई है। यह आयोजन नौ अप्रैल से 24 अप्रैल (हनुमान जयंती) तक होगा।

इस दौरान पंचायतों में संगोष्ठी आयोजित कर युवाओं को भगवान राम के जीवन चरित्र से परिचित कराने, शोभायात्रा निकालने की तैयारी है। इसी के साथ अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने तथा भारतीय नववर्ष का त्योहार धूमधाम से मनाने और एक-दूसरे को बधाई देने का आग्रह लोगों से किया जा रहा है।विहिप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा को लेकर लोगों में जागरूकता आई है। इस दौरान विहिप अपनी युवा पीढ़ी को राम के जीवन चरित्र से अवगत कराएगी।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने और भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार उत्साह और ज्यादा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का उत्सव संघ के स्वयंसेवक उत्साह से मनाते हैं। संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक उत्सव यह भी है।

उन्होंने कहा कि इसी दिन संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन शाखाओं पर होने वाले कार्यक्रमों में उन्हें अलग से आद्य सरसंघचालक प्रणाम दिया जाता है।

प्रांत संघचालक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का महत्व इसलिए भी और ज्यादा है कि नव संवत्सर के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। विक्रम संवत प्रारंभ हुआ था। अभी विक्रम संवत 2080 चल रहा है। इसी दिन चैती नवरात्र प्रारंभ होता है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इसी दिन हिंदू नवर्ष का नया पंचाग शुरू होता है। भगवान राम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था।

दुमका सीट पर अब जमकर होगा खेला, जेएमएम ने उतारा अपना उम्मीदवार

दुमका, एजेंसी। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की कर्मभूमि और उनकी परंपरागत लोकसभा सीट पर अरसे बाद इस बार गुरुजी चुनाव मैदान में नहीं हैं। पाला बदलकर भाजपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ रही उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो को चुनौती दे रही हैं। हालांकि झामुमो ने इस सीट को पारिवारिक प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनने दिया है। यही वजह है कि जेल से ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन को मैदान में उतारा है।

अभी सीता सोरेन शिबू सोरेन या झामुमो के किसी नेता के खिलाफ खुलकर नहीं बोल रही हैं। वहीं, झामुमो के किसी नेता की ओर से भी सीता सोरेन पर हमला नहीं किया जा रहा है।

हालांकि इतना तय है कि इस बार सीता सोरेन और झामुमो के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक रह चुके नलिन सोरेन के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है। दोनों ने एक-दूसरे के प्रति आदर भी व्यक्त किया है।

अब इसे संयोग कह लें या फिर राजनीति का तकाजा की झामुमो से भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को जैसे ही सीता सोरेन ने भाजपा के चुनावी कार्यालय की दहलीज पर कदम रखा वैसे ही रांची में झामुमो की ओर से नलिन सोरेन को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया।

इधर, भाजपा कार्यालय में जब सीता सोरेन से इस पर पहली प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा कि वह हमारे चाचा हैं और उनसे आशीर्वाद लेकर ही हम दुमका में कमल फूल खिलाएंगे। सीता सोरेन ने कहा कि नलिन सोरेन मेरे अभिभावक हैं। उनसे जीत का आशीर्वाद लूंगी। बाबा (शिबू सोरेन) से आशीर्वाद लेती रहती हूं। वहीं भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने भी सीता सोरेन का गर्मजोशी से स्वागत किया, तो सीता ने कहा कि दुमका में मेरी जीत होगी और यह दुमका संसदीय क्षेत्र की जनता की मेहनत की जीत होगी।

इस सवाल पर कि दुमका सीट से उनके श्वसुर शिबू सोरेन की प्रतिष्ठा जुड़ी है और झामुमो के खिलाफ दंगल में उतर रहीं हैं तो शिबू सोरेन के खिलाफ क्या कहेंगी के जवाब में सीता ने कहा कि बाबा हमेशा मेरे अभिभावक हैं। उनसे हमेशा आशीर्वाद मिलता रहा है। उनके खिलाफ चुनाव में क्या कहेंगे, वह तो हमेशा संघर्ष किए हैं। अलग झारखंड राज्य बनाए हैं। अगर वह ठीक व स्वस्थ रहते तो मैं झामुमो में ही रहती। वहीं झामुमो प्रत्याशी बनने के बाद जब नलिन सोरेन से यह पूछा गया कि क्या वह अपनी भतीजी सीता को विजय भव- का आशीर्वाद देंगे तो उन्होंने छूटते ही कहा कि आशीर्वाद तो जरूर देंगे क्योंकि हमारे रिश्ते पूर्व जैसे ही कायम हैं और आगे भी कायम रहेंगे, लेकिन चुनावी दंगल में तो दुमका में सिर्फ तीर-कमान ही चलेगा।

धनबाद में भीषण गर्मी, दोपहर में घर से निकलने से बचें; हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी

धनबाद, एजेंसी। शुक्रवार का दिन धनमौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, दोपहर में लू चलने की प्रबल संभावना है। बाद के लिए काफी गर्म रहने वाला है। जबकि सुबह की धूप ही लोगों को चूभ रही है। सुबह आठ बजे के आसपास तेज धूप थी और दिन बढ़ने के साथ ही यह और भी गर्म होती जा रही है। सुबह के नौ बजे के आसपास तो धूप को सहन करना मुश्किल हो रहा था, जबकि दस बजे तक तो यह असहयनीय हो चुकी है।

स्थिति यह है कि लोग अपने काम-काज, स्कूल, कॉलेज के लिए सिर पर गमछा रख और मुंह ढ़क कर बाहर निकल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार सुबह नौ बजे तक धनबाद शहर का तापमान जहां 32 डिग्री था, वहीं महज एक घंटे के बाद यानी सुबह के दस बजे तक यह 36 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि दोपहर दो बजे तक इसके 40 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है।सुबह सवेरे बरटांड क्षेत्र की बात करें तो यहां की सड़कों के किनारे लगने वाली दुकानें सज चुकी हैं। सभी ने अपने ठेला के ऊपर बड़े आकार का छाता लगाया हुआ है।सब्जी बेचने वाली महिलाएं छाता लेकर या फिर स्कार्फ या गमछा से अपने सिर को ढकी हुई हैं। वहीं राह पर पैदल चल रहे लोग भी गमछे से अपना सिर और मुंह ढ़के हुए हैं।इतना ही नहीं, बाइक या स्कूटी से चलने वाले लोग भी हेलमेट पहनने के बावजूद भी गमछा से अपने चेहरे को ढ़के हुए थे। जिन स्थायी दुकानों के अंदर तक सूर्य की तेज किरण पहुंच रहीं थी, उन्होंने इससे बचने के लिए पर्दा लगा रखा है।सरकारी और निजी कार्यालय खुले हुए हैं। इतनी गर्मी के बावजूद भी लोग अपना काम कर रहे हैं।

रांची के लैंड रिकॉर्ड रूम में चोरी, घोटालों से जुड़े डॉक्यूमेंट्स गायब, अब तक कोई सुराग नहीं

रांची, एजेंसी। रांची में चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कचहरी चौक समाहरणालय स्थित अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में घुसकर चोरों ने जमीन से संबंधित कई दस्तावेज की चोरी कर ली। इस वारदात को चोरों ने बुधवार की देर रात अंजाम दिया। दस्तावेज से छेड़छाड़ की बात भी सामने आई है। हालांकि अबतक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि दस्तावेजों की चोरी हुई है या नहीं।

गुरुवार को कोतवाली पुलिस और रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज ने जांच की। फिलहाल, सभी दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है। रिकॉर्ड रूम की इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के आवेदन पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आवेदन में जमीन के दस्तावेजों में बदलाव की कोशिश और छेड़छाड़ का जिक्र किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को दफ्तर खोलने के समय रिकॉर्ड रूम कार्यालय का ताला तो बंद था, लेकिन जिस रूम में सारे दस्तावेज रखे होते हैं, उसका दरवाजा खुला था। एक खिड़की का ग्रिल भी टूटा मिला। आशंका है कि रिकॉर्ड रूम की इसी खिड़की से चोर अंदर दाखिल हुए। वहां रखे दस्तावेजों की स्थिति देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि रिकॉर्ड रूम में रहकर काफी देर तक जमीन के दस्तावेजों को खंगाला गया। मामले को गंभीर माना जा रहा है क्योंकि कई घपले-घोटाले से संबंधित जमीन के दस्तावेज भी रिकॉर्ड रूम में ही सुरक्षित कर रखे गए थे।

बुधवार शाम पांच से गुरुवार सुबह 10 बजे तक सीसीटीवी बंद था : रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी के आवेदन पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। अपने आवेदन में उन्होंने जमीन के दस्तावेजों की चोरी को लेकर कोई बात नहीं लिखी है। सिर्फ यह लिखा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने जमीन के दस्तावेज में बदलाव और छेड़छाड़ की है। आवेदन में यह लिखा गया है कि बुधवार को शाम पांच बजे से गुरुवार को सुबह 10 बजे तक रिकॉर्ड रूम का सीसीटीवी बंद था। फिलहाल जमीन के सभी महत्वपूर्ण और अति महत्वपूर्ण दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है, ताकि पता चल सके कि किसी दस्तावेज को गायब तो नहीं किया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि किसी दस्तावेज के पन्ने तो नहीं बदले गए हैं।

पुलिस ने रिकार्ड रूम की वीडियोग्राफी कराई : कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के दौरान अगर किसी दस्तावेज के गायब होने की जानकारी मिलती है तो उसे अलग से एफआईआर में जोड़ा जाएगा। एहतियातन पूरे रिकॉर्ड रूम की वीडियोग्राफी कराई गई है। बताया जा रहा है कि चोरों ने रिकॉर्ड रूम की खिड़की का ग्रिल तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। जमीन के अधिकांश दस्तावेज को उलटा-पुलटा गया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जान-बूझकर जमीन के दस्तावेजों में बदलाव के लिए वारदात को अंजाम दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में चोरी का मामला संज्ञान में आया है। आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

चार्जशीट में ईडी का बड़ा दावा- करीबी ने किया कबूल, लिया हेमंत सोरेन का नाम

रांची, एजेंसी। रांची जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर सबसे बड़ा खुलासा उनके ही प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने किया है। पिंटू के बयान का जिक्र ईडी ने 191 पन्नों की चार्जशीट में किया है। चार्जशीट में जिक्र है कि ईडी ने 18 मार्च को पिंटू का बयान लिया था, जिसमें उसने स्वीकार किया था कि हेमंत सोरेन के कहने पर ही उसने रांची की तीन जमीनों का सर्वे कराया गया था।

इधर, चार्जशीट पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने संज्ञान लिया। मामले के दो आरोपी हेमंत सोरेन एवं बड़गाईं के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद अभी जेल में हैं। अन्य आरोपी हेमंत के करीबी बिनोद सिंह, बरियातू के हिलेरियस कच्छप और कथित जमीन मालिक राजकुमार पाहन के खिलाफ कोर्ट ने समन जारी किया है। तीनों को 18 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया है।

ईडी की चार्जशीट में अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू का जिक्र किया गया है। इसके अनुसार बीते 18 मार्च को ईडी के समक्ष दर्ज कराए अपने बयान में पिंटू ने कहा था कि उदय शंकर सीएमओ में कार्यरत हैं, जिनके जरिए वह अधिकारियों को निर्देश भिजवाते थे। बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन के भौतिक सत्यापन का आदेश तत्कालीन सीएम के कहने पर ही उसने दिया था। ईडी ने चार्जशीट में बताया है कि उदय शंकर व पिंटू के बीच मोबाइल चैट भी मिले जिसमें 12 अक्तूबर 2022 को पिंटू ने दो अन्य जमीनों का भौतिक सत्यापन कराने का आदेश दिया था। ये संपत्तियां भी चार्जशीट में हेमंत सोरेन की बतायी गई हैं।

पिंटू के अलावा बड़गाईं के दो पूर्व सीओ और उदय शंकर ने भी लिया नाम

जमीन घोटाले में जेल में बंद भानु प्रताप ने दो बार बड़गाईं की जमीन का सर्वे किया। पूर्व सीओ

शैलेश कुमार और राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के मोबाइल चैट के अनुसार जनवरी 2020 और 21 जनवरी 2023 को इस जमीन का सर्वे किया गया। भानु के मोबाइल से ही तब जमीन का पेपर मिला था। शैलेश कुमार ने बयान में कबूला है कि यह जमीन हेमंत सोरेन की थी। 14 अप्रैल को भानु प्रताप ने अपनी गिरफ्तारी के बाद भी कबूला कि सीओ मनोज कुमार के कहने पर जमीन का सर्वे कराया गया था। सीओ मनोज कुमार ने भी बयान दिया है कि उदय शंकर के कहने पर जमीन का सर्वे हुआ।

बड़गाईं अंचल में मिली सीएम अर्जेंट- पिंटू लिखी फाइल

ईडी ने चार्जशीट में बताया है कि 6 मार्च 2024 को बड़गाईं अंचल के गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक के कमरे का सर्च किया गया था। तब एक फाइल मिली थीं, जिसमें लाल रंग से मोटे अक्षरों में सीएम अर्जेंट- पिंटू लिखा था। इस फाइल में बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन के ही दस्तावेज थे। ईडी ने बिल्कुल वही दस्तावेज भानु के मोबाइल से मिलने की बात भी चार्जशीट में कही है।चार्जशीट में उस फाइल की तस्वीर भी डाली गई है।

हेमंत ने पसंद की बीएमडब्ल्यू, कंपनी के नाम पर हुई खरीद

ने चार्जशीट में बताया है कि सीएम रहते हेमंत सोरेन जिस बीएमडब्ल्यू कार से 28 जनवरी की रात दिल्ली से निकले थे, उस कार के बारे में हेमंत सोरेन ने ईडी के समक्ष कबूला की वह उनकी कार है। ईडी ने जांच में पाया है कि कार को बर्ड ऑटोमोटिव शोरूम जाकर हेमंत सोरेन ने खुद पसंद किया था। लेकिन कार की खरीद धीरज साहू से जुड़ी कंपनी के नाम पर की गई थी।

महाभाग्य राजयोग कैसे बनता है किसे मिलेगी तरक्की और धनलाभ

महाभाग्य योग से जातक मान, सम्मान, पद, प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि पाता है। यह योग लग्न, चंद्रमा और सूर्य की विषम स्थिति होने पर बनता है।

कैसे बनता है महाभाग्य योग

किसी महिला की कुंडली में चंद्र और सूर्य की सम राशि यानी वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन राशि में होना चाहिए तब कुंडली में यह योग बनेगा। यदि किसी पुरुष जातक का जन्म लग्न, चंद्र और सूर्य की विषम राशि यानी कि मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुंभ राशि में होना चाहिए तब महाभाग्य राजयोग बनता है। यदि जन्म दिन में हो तो सूर्य का प्रभाव बढ़ जाता है। पुरुष की कुंडली में दिन का जन्म हो तो लग्न में मेष राशि में सूर्य और सप्तम तुला राशि में चंद्र हो तो महाभाग्य योग निर्मित होता है। स्त्री की कुंडली में कर्क लग्न में चंद्र और पंचम में सूर्य हो तो महाभाग्य योग बनता है। इसकी और भी कई स्थिति होती है।

वृषभ राशि – महाभाग्य राजयोग से आपके दिन पलट जाएंगे। नौकरी और करियर में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे। व्यापार में मुनाफा बढ़ जाएगा। अविवाहित हैं तो विवाह हो जाएगा। अचानक से धन प्राप्ति होगी या कोई बड़ा पद मिलेगा।

मिथुन राशि – आपके लिए यह महाभाग्य राजयोग आपके पराक्रम को बढ़ा देगा। अचानक से आपको धन की प्राप्ति हो सकती है। दांपत्य जीवन में सुख बढ़ जाएगा। व्यापारी हैं तो अटका रुपया हासिल करने में सफल होंगे। नौकरीपेशा हैं तो वेतनवृद्धि होगी।

कर्क राशि – महाभाग्य राजयोग आपको लंबी यात्रा का सुख देगा। व्यापारी हैं तो विदेश से भी ला होने की संभावना बढ़ जाएगी। भूमी, भवन या वाहन खरीद सकते हैं। करियर में सफलता हासिल होगी। नौकरीपेशा हैं तो पदोन्नति हो सकती है।

धनु राशि – आपके लिए यह राजयोग आर्थिक लाभ और महासुख लेकर आया है। व्यापारी है तो कोई बड़ी डील फायनल होगी। नौकरीपेशा हैं तो वेतनवृद्धि होगी। बेरोजगार हैं तो नौकरी मिलेगी। करियर में अचानक से सफलता हासिल होगी।

मंदिर जाने के चमत्कारिक फायदे

मंदिर जाने के वैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। क्या होगा मंदिर जाने से देवालय, शिवालय, रामद्वारा, गुरुद्वारा, जिनालय सभी का अर्थ अलग अलग होता है। मंदिर को अंग्रेजी में टेम्पल नहीं कहते हैं। मंदिर का अर्थ होता है मन से दूर कोई स्थान। मंदिर का शाब्दिक अर्थ घर भी होता है। आओ जानते हैं मंदिर जाने के चमत्कारिक फायदे।

आकस्मिक घटना-दुर्घटना – यदि आप प्रतिदिन मंदिर जा रहे हैं तो आप अपने जीवन में आने वाली उन घटनाओं से बच सकते हैं जो कि आकस्मिक आती है जैसे दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या जैसी नकारात्मकता आपकी जिंदगी से दूर रहेगी।

भूत-पिशाच – मंदिर जाने वाले व्यक्ति के मन में भरपूर सकारात्मकता और आध्यात्मिक बल होता है जिसके चलते उसके आस-पास नकारात्मक ऊर्जा उसके पास फटकती भी नहीं है। आप इस उर्जा को भूत, पिशाच या प्रेत भी कह सकते हैं। मंदिर जाने वाला भयमुक्त जीवन जिता है।

ग्रह बाधा – यदि आप प्रतिदिन मंदिर जाते हैं तो आप पर किसी भी प्रकार के ग्रह और नक्षत्रों का कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। ग्रहबाधा से आप मुक्त रहते हैं। मंगल दोष, शनि या अन्य किसी ग्रह की बाधा है, साढ़े साती, अढ़ाय्या या राहु की महादशा चल रहा है तो घबराने की जरूरत नहीं।

रोग या बीमारी – मंदिर में जाकर आप मंदिर के नियमों का पालन करते हैं। व्रत, उपवास और पाठ में विश्वास करते हैं, सोच-समझकर आहार-विहार करते हैं तो आपको किसी भी प्रकार का रोग या बीमारी नहीं होगी।

दुख या शोक – मंदिर जाकर मन में विश्वास और आत्मबल का संचार होता है जिसके कारण मन में किसी भी प्रकार का दुख या शोक नहीं रहता है। व्यक्ति सभी परिस्थिति में समभाव से रहता है। समभाव अर्थात न तो भावना में बहता है और न ही कठोर होता है। हर परिस्थिति उसके लिए सामान्य होती है।

कोर्ट-कचहरी-जेल – मंदिर जाने से व्यक्ति में सही और गलत को समझने की क्षमता होती है। वह किसी भी प्रकार की फालतू लड़ाई झगड़े में नहीं पड़ता है। जैसे रास्ते में पड़े पत्थर या गड्ढे को देख लेने के बाद हम अपनी गाड़ी को उससे बचाकर निकाल ले जाते हैं उसी तरह व्यक्ति अपनी जिंदगी को समझदारी से गड्ढों से बचा ले जाता है।

तंत्र, मारण-सम्मोहन-उच्चाटन – मंदिर जाने वाले व्यक्ति का कोई शत्रु किसी बुरी विद्या के माध्यम से कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता है। बहुत से व्यक्ति अपने कार्य या व्यवहार से लोगों को रुष्ट कर देते हैं, इससे उनके शत्रु बढ़ जाते हैं। कमजोर शत्रु हमेशा सामने की लड़ाई नहीं लड़ते हुए पीठ के पीछे ऐसे कार्य करते हैं जिनको अंधविश्वास की श्रेणी में रखा जाता है। मंदिर जाने वाले लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

कर्ज से मुक्ति – मंदिर जाने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी ऐसे संकट नहीं आते हैं कि वह कर्ज में डूब जाए। थोड़ा बहुत कर्ज होता है तो कोई फर्क नहीं। कर्ज भी सोच समझकर लें। यदि ज्यादा है तो उसके चुकता होने के निश्चित ही मंदिर से ही रास्ते निकलते हैं। मन मंदिर में विश्वास है तो इस बाधा व्यक्ति मुक्त हो जाता है।

नौकरी और रोजगार – आप बेरोजगार है या आपका व्यापार नहीं चल रहा है तो निश्चित ही आपको प्रतिदिन मंदिर जाना चाहिए। आपको जल्द ही सफलता मिलेगी। हालांकि जो प्रतिदिन मंदिर जाकर प्रार्थना और पूजा पाठ करता है उसके साथ यह समस्या नहीं रहती है। होती भी है तो वह दिमाग पर बोझ नहीं लेकर कर्म करता जाता है और सफल हो ही जाता है।

तनाव या चिंता – बहुत से लोगों को अनावश्यक भय और चिंता सताती रहती है जिसके कारण वे तनाव में रहने लगते हैं। तनाव में रहने की आदत भी हो जाती है जिसके चलते व्यक्ति कई तरह के रोग से भी घिर सकता है। लेकिन मंदिर जाने वाले के दिल और दिमाग में ये सब नहीं रहता है।

गृहकलह – प्रतिदिन मंदिर जाने वाले में मन और मस्तिष्क में कलह या क्रोध नहीं होता है। घर के दूसरे सदस्य यदि उससे झगड़ा करते हैं या घर में गृहकल हो रही है तो वह उसे समझदारी से हेंडल कर माहौल को खुशनुमा बना देता है।

पैदल भ्रमण – प्रात-काल पैदल ही मंदिर जाने से व्यापार भी होता है और हमें प्राणवायु भी अच्छे से प्राप्त होती है। प्रतिदिन सूर्य की धूप के स्पर्ष से सेहत में सुधार होता है।

घंटी की ध्वनि – मंदिर में घंटी की टंकार करीब 7 सेकंड तक गूंजती है जो मन मस्तिष्क से विषाद हटाकर शांति प्रदान करती है। ऐसा भी कहते हैं कि छोटी घंटी से हमारा पित्त दोष सन्तुलित होता है। साथ ही ध्वनि से भी बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं।

फूलों की सुगंध – मंदिर में कई तरह के सुगंधित फूल अर्पित किए जाते हैं जिनकी सुगंध से मन प्रफुल्लित होकर अवसाद से मुक्ति हो जाता है। फूलों के विभिन्न रंग से अंतरमन को शांति मिलती है।

अगरबत्ती – मंदिर में कपूर और अगरबत्ती की सुगंध से एक ओर जहां मन और मस्तिष्क से नकारात्मक विचार हटा जाते हैं वहीं हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। यह हमें जैविक संक्रमण से भी बचाती है। मंदिर का सुगंधित में रहने से बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं और किसी भी प्रकार का वायरल इंफेक्शन नहीं होता है क्योंकि मंदिर में कर्पूर और धुआं होता रहता है।

आरती – जब हम मंदिर में आरती या कीर्तन के दौरान ताली बजाते हैं तो यह एक्यूप्रेशर का काम करती है। इससे हमारे रक्त संचार सुचारू रूप से संचालित होता है और शरीर की मांस पेशियां भी मजबूत होती है।

जप – आरती या चालीसा को जपने पढ़ने से हमारा वाणी दोष भी दूर होता है। ओम् के उच्चारण से हमारा चित एकाग्र होता है।

शंख – आरती के बाद शंख बजाया जाता जो श्रद्धालुओं के लिए बहुत सुखदायी और स्वास्थ्य वर्धक है। शंख बजाने वाले के फेंफड़े मजबूत होते हैं।

जयघोष – आरती के बाद देव देवताओं, भारत माता आदि के जयघोष से आत्म विश्वास के साथ ही देशभक्ति जागृत होती है। इसी के साथ हर मंदिर में गो रक्षा और गौ हत्या बंद होने करने का संकल्प भी लिया जाता है।

ज्योति – आरती लेने से हमारी हथेली की कोशिकाओं को दिव्य उष्मा मिलती है और हमारे भीतर पल रहे सभी विषाणु और जीवाणु समाप्त हो जाते हैं। आखों पर हथेलियां रखने से गर्माहट आंखों के पीछे की सुक्ष्म रक्त वाहिकाओं को खोल देती है और उन में ज्यादा रक्त प्रवाहित होने लगता है जिससे हमारी आंखों कि ज्योति बढ़ती है।

दंडवत – आरती के बाद नमस्कार और दंडवत प्रणाम करने से हमारे मन में विनम्रता और श्रद्धा का भाव जागृत होता है। अहंकार का नाश होता है।

चरणामृत – दर्शन, पूजा और आरती के बाद हमें तुलसी मिला चरणामृत, पंचामृत और प्रसाद मिलता है। यह चरणामृत और पंचामृत हमारी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के मुताबिक यह चरणामृत हमारे शरीर के तीनों दोषों को संतुलित रखता है। चरणामृत के साथ दी गई तुलसी हम बिना चबाए निगल लेते हैं जिससे हमारे सभी रोग ठीक हो जाते हैं।

परिक्रमा – मंदिर में भगवान की परिक्रमा से जहां सेहत के लाभ मिलते हैं वहीं यह धरती के गुरुत्वकार्षण की शक्ति से जुड़कर हमारे शरीर का तनाव निकल जाता है। इसी के साथ ही में गुंबद और उसके कलश से प्रवाहित हो रही ऊर्जा हमारे शरीर को प्रभावित कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।

नग्न पैर – मंदिर भूमि को सकारात्मक उर्जा का क्षेत्र माना जाता है। यह ऊर्जा भक्तों में पैर के जरिए ही प्रवेश कर सकती है। इसलिए हम मंदिर के अंदर नंगे पांव जाते हैं।

मनोकामना का दोहराना – मंदिर में जाकर जब हम अपनी मनोकामना को बार बार दोहराते हैं तो हमें मंदिर की सकारात्मक ऊर्जा का साथ मिलता है और इससे प्रकृति सक्रिय होकर हमारी मनोकामना पूर्ण करने लग जाती है।

वृक्ष – हर मंदिर में पीपल, बरगद, नीम, केला और तुलसी आदि के वृक्ष रहते हैं। इन वर्षों में हम जल अर्पण करते हैं या उन्हें हम नमस्कार करते हैं। इन वृक्षों में भरपूर ऑक्सिजन के साथ ही दिव्यता होती है, जो हमारे मन और मस्तिष्?क को स्वस्थ करते हैं। इससे हमारे मन में शांति आती है।

दान – मंदिर में दिए गए दान के अनेक लाभ होते हैं। दान से हममें कृपणता नहीं रहती है और हम चीजों के प्रति आसक्ति नहीं पालते हैं। इसी के साथ ही हमारे सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाह होता है।

सामाजिक प्रतिष्ठा – मंदिर जाने से हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ ही जान पहचान भी बढती है।

तिथि त्योहार की जानकारी – मंदिर जाने से हमें पंचांग और तिज त्योहारों की जानकारी भी मिलती है।

ज्ञान बढ़ता है – मंदिर जाने से धर्मिक ज्ञान भी बढ़ता है क्योंकि वहां पर गीता, वेद, उपनिषद आदि के बारे में जानकारी भी मिलती रहती है।

हाथ जोड़ना – मंदिर में व्यक्ति हाथ जोड़कर खड़ा रहता है। हाथ जोड़ने से जहां हमारे फेंफड़ों और हृदय को लाभ मिलता है वहीं इससे प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी होता है। कहते हैं कि हथेलियों और अंगुलियों के उन बिंदुओं पर दबाव पड़ा है जो शरीर के कई अन्य अंगों से जुड़े हैं। इससे उन अंगों में ऊर्जा का संचार होता है।

तिलक – प्रतिदिन मंदिर जाकर व्यक्ति अपने मस्तक पर या दोदों भौहों के बीच चंदन या केसर का तिलक लगाता है। इस तिलक लगाने जहां शांति का अनुभव होता है वहीं इससे एकाग्रता बढ़ती है। दरअसल जहां तिलक लगाया जाता है उसके ठीक पीछे आत्मा का निवास होता है। आज्ञाचक्र और सहस्रार चक्र के बीच के बिंदू पर आत्मा निवास करती है जोकि नीले रंग की है। आत्ता अर्थात हम खुद। चंदन लगाने के आध्यात्मिक लाभ भी हैं।

प्रार्थना – प्रार्थना में शक्ति होती है। प्रार्थना करने वाला व्यक्ति मंदिर के ईथर माध्यम से जुड़कर अपनी बात ईश्वर या देव शक्ति तक पहुंचा सकता है। देवता सुनने और देखने वाले हैं। प्रतिदिन की जा रही प्रार्थना का देवताओं पर असर होने लगता है। मानसिक या वाचिक प्रार्थना की ध्वनि आकाश में चली जाती है। प्रार्थना के साथ यदि आपका मन सच्चा और निर्दोष है तो जल्द ही सुनवाई होगी और यदि आप धर्म के मार्ग पर नहीं हैं तो प्रकृति ही आपकी प्रार्थना सुनेंगी देवता नहीं। प्रार्थना का दूसरा पहलू यह कि प्रार्थना करने से मन में विश्वास और सकारात्मक भाव जाग्रत होते हैं, जो जीवन के विकास और सफलता के अत्यंत जरूरी हैं।

पूजा – पूजा एक रासायनिक क्रिया है। इससे मंदिर के भीतर वातावरण की पीएच वैल्यू (तरल पदार्थ नापने की इकाई) कम हो जाती है जिससे व्यक्ति की पीएच वैल्यू पर असर पड़ता है। यह आयनिक क्रिया है, जो शारीरिक रसायन को बदल देती है। यह क्रिया बीमारियों को ठीक करने में सहायक होती है। दवाइयों से भी यही क्रिया कराई जाती है, जो मंदिर जाने से होती है।

आचमन – मंदिर में प्रवेश से पूर्व शरीर और इंद्रियों को जल से शुद्ध करने के बाद आचमन करना जरूरी है। इस शुद्ध करने की प्रक्रिया को ही आचमन कहते हैं। आचमन करने से पहले अंगुलियां मिलाकर एकाग्रचित्त यानी एकसाथ करके पवित्र जल से बिना शब्द किए 3 बार आचमन करने से महान फल मिलता है। आचमन हमेशा 3 बार करना चाहिए। आचमन से मन और शरीर शुद्ध होता है।

मंदिर का शिखर – मंदिर में शिखर होते हैं। शिखर की भीतरी सतह से टकराकर ऊर्जा तरंगें व ध्वनि तरंगें व्यक्ति के ऊपर पड़ती हैं। ये परावर्तित किरण तरंगें मानव शरीर आवृत्ति बनाए रखने में सहायक होती हैं। व्यक्ति का शरीर इस तरह से धीरे-धीरे मंदिर के भीतरी वातावरण से सामंजस्य स्थापित कर लेता है। इस तरह मनुष्य असीम सुख का अनुभव करता है। पुराने मंदिर सभी धरती के धनात्मक (पॉजीटिव) ऊर्जा के केंद्र हैं।

क्या होती है छठी इंद्री

छठी इंद्री को अंग्रेजी में सिक्स्थ सेंस कहते हैं। यह क्या होती है, कहां होती है और कैसे इसे जाग्रत किया जा सकता है यह जानना भी जरूरी है। इसे जाग्रत करने के लिए वेद, उपनिषद, योग आदि हिन्दू ग्रंथों में अनेक उपाय बताए गए हैं। नास्त्रेदमस इसी तरह के उपायों से भविष्यवक्ता बने थे।

- मस्तिष्क के भीतर कपाल के नीचे एक छिद्र है, उसे ब्रह्मरंध्र कहते हैं, वहीं से सुषुन्मा नाड़ी सहस्रकार के जुड़कर रीढ़ से होती हुई मूलाधार तक गई है। इसी नाड़ी के बायीं ओर इड़ा और दायीं ओर पिंगला नाड़ी स्थित है। दोनों के बीच सुप्तावस्था में छठी इंद्री स्थित है।
- यह छठी इंद्री ही हमें हर वक्त आने वाले खतरे या भविष्य में होने वाली घटनाओं का आभास करती रहती है लेकिन कुछ लोग इसे स्पष्ट समझ लेते हैं और कुछ नहीं। यदि आप इसे समझें तो आपके साथ घटने वाली घटनाओं के प्रति ये इंद्री आपको सजग कर देगी।
- छठी इंद्री जाग्रत होने से व्यक्ति में भूत और भविष्य में झांकने की क्षमता आ जाती है। ऐसा व्यक्ति मीलों दूर बैठे व्यक्ति की बातें सुन सकता और उसे देख भी सकता है। दूसरों के मन की बात जान ही नहीं सकता बल्की उनका मन बदल भी सकता है और दूसरों की बीमारी दूर की जा सकती है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार छठी इंद्री कल्पना नहीं, वास्तविकता है, जो हमें किसी घटित होने वाली घटना का पूर्वाभास कराती है। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के रॉन रेसिक के अनुसार छठी इंद्रिय के कारण ही हमें भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वाभास होता है।
- छठी इंद्री को जाग्रत करने का बहुत ही सरल तरीका है। तीन माह के लिए खुद को परिवार और दुनिया से काटकर आपको योग की शरण में जाना होगा। यम, नियम, प्राणायम और योगासन करते हुए लगातार ध्यान करना होगा।
- प्राणायाम सबसे उत्तम उपाय इसलिए माना जाता है क्योंकि हमारी दोनों भौहों के बीच छठी इंद्री होती है। सुषुम्ना नाड़ी के जाग्रत होने से ही छठी इंद्री जाग्रत हो जाती है। प्राणायम के माध्यम से छठी इंद्री को जाग्रत किया जा सकता है।
- मेस्मेरिज्म या हिप्नोटिज्म जैसी अनेक विद्याएं इस छठी इंद्री को जाग्रत करने का सरल और शॉर्टकट रास्ता है लेकिन इसके खतरे भी हैं। हिप्नोटिज्म को सम्मोहन कहते हैं। सम्मोहन विद्या को ही प्राचीन समय से 'प्राण विद्या' या 'त्रिकालविद्या' के नाम से पुकारा जाता रहा है।
- मन के कई स्तर होते हैं। उनमें से एक है सुक्ष्म शरीर से जुड़ा हुआ आदिम आत्म चेतन मन। यह मन हमें आने वाले रोग या खतरें का संकेत देकर उससे बचने के तरीके भी बताता है। इस मन को प्राणायाम या सम्मोहन से साधा जा सकता है।
- त्राटक क्रिया से भी इस छठी इंद्री को जाग्रत कर सकते हैं। आप बिना पलक गिराए किसी एक बिंदु, क्रिस्टल बॉल, मोमबत्ती या घी के दीपक की ज्योति पर देखते रहिए। इसके बाद आंखें बंद कर ध्यान करें। कुछ समय तक इसका अभ्यास करें। इससे धीरे-धीरे छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी।
- ऐसा कई बार देखा गया है कि कई लोगों ने अंतिम समय में अपनी बस, ट्रेन अथवा हवाई यात्रा को कैंसिल कर दिया और वे चमत्कारिक रूप से किसी दुर्घटना का शिकार होने से बच गए। बस यही छठी इंद्री का कमाल है। आप इसे पहचानें क्योंकि यह सभी संवेदनशील लोगों के भीतर होती है।
- यदि आपको यह आभास होता है कि पीछे कोई चल रहा है या दरवाजे पर कोई खड़ा है। कुछ होनी-अनहोनी होने वाली है या कोई खुशी का समाचार मिलने वाला है तो आप अपनी इस क्षमता पर लगातार गौर करें और ध्यान देंगे तो यह विकसित होने लगेगी। जैसे-जैसे अभ्यास गहराएगा आपकी छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी और आप भविष्यवक्ता बन जाएंगे।



सपने में दिख गए हैं भगवान हनुमान तो खुल जाएंगे भाग्य

सपने में स्वप्न में हनुमानजी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है, लेकिन यह भी देखना होगा कि सपने में बजरंगबली आपको किस रूप और अवस्था में दिखाई देते हैं क्योंकि हर सपने के अलग अलग अर्थ होता है। हालांकि आमतौर पर हनुमानजी को सपने में देखने के अर्थ है कि उन पर आपकी कृपा बरसती है और वे कुछ संकेत देने चाहते हैं।

सपने में हनुमान जी को देखना

सपने में हनुमानजी का सामान्य रूप देखने के अर्थ है कि उनकी आप पर कृपा प्रारंभ हो गई है। सपने में यदि आप हनुमानजी का मंदिर देंखे या मूर्ति दिखाई दे तो समझ जाएं कि हनुमानजी की आप पर कृपा प्रारंभ हो चुकी है। इस सपने का अर्थ है कि जल्द ही आपको बड़ी सफलता मिलने वाली है। यदि कोई कानूनी मामले हैं तो उसमें भी विजय मिलने की संभावना है। यह आपके सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाएगा।

सपने में बालाजी को देखना

बालाजी हनुमाजी का बाल रूप है। यदि आपको उनका बाल रूप दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि बहुत जल्द ही कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने वाली है जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

सपने में बंदर को देखना

यदि आपको दो बार किसी बंदर के सपने आए तो आप समझ जाएं कि हनुमानजी की आप पर कृपा है।

सपने में हनुमान जी को गुस्से में देखना

यदि सपने में हनुमान जी का रौद्र रूप दिखाई दे तो इसका अर्थ है कि आपसे कोई बड़ी गलती हुई है। आपको क्षमा मांगकर अपनी गलती सुधारना चाहिए।

सपने में पंचमुखी हनुमान देखना

सपने में पंचमुखी हनुमान जी दिखाई देने के अर्थ है कि आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने वाली है। आप अपने शत्रुओं को हराएंगे।

सपने में हनुमानजी की पूजा करना

यदि सपने आप हनुमानजी जी की पूजा या भजन कर रहे हैं और उनके समक्ष प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं तो आपके सभी कार्य पूर्ण होने वाले हैं और आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

सपने में हनुमानजी का प्रसाद खाना

किसी किर्तन में बैठकर हनुमानजी का प्रसाद खा रहे हैं तो आप पर हनुमानजी की विशेष कृपा है।

सपने में श्रीराम जी के साथ हनुमान जी को देखना

यदि आपको सपने में हनुमाजी या श्री राम जी किसी भी प्रकार से दर्शन दे तो समझ लें कि उनकी कृपा है आप पर।

सपने में भूतों से नहीं डरना

सपने में सपने में आप किसी भूत को देंखे और उससे आपको डर नहीं लगे तो समझें कि हनुमानजी की कृपा आप पर है।

सपने में हनुमान जी को उड़ते हुए देखना

इस सपने का अर्थ ये होता है कि आने वाले दिनों में आपको सफलता के साथ ही आनंद की प्राप्ति होने वाली है। कार्यक्षेत्र में आपका पद बढ़ने वाला है और इसी के साथ मान सम्मान भी बढ़ जाएगा। व्यापारी हैं तो बड़ा फायदे मिलने वाला है।

सपने में हनुमान जी को चोला चढ़ाना

सके अर्थ है कि नौकरी और व्यवसाय में तरक्की होगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में ऊंचाई को छूएंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

सपने में हनुमान जी से बात करना

यदि आप किसी परेशानी से घिरे हुए हैं तो यह सपना इस बात का संकेत है कि आपको अपने किसी मित्र या परिजन से बात करनी चाहिए और समस्या का हल निकालने के लिए उनका साथ लेना चाहिए। आपकी दुविधा दूर होगी।

सपने में हनुमान जी का नाम लेना

इसका अर्थ है कि आप को कोई मदद मिलने वाली है और जल्द ही हनुमानजी आप पर कृपा करेंगे।

कर्ज है तो किडनी बेच लो ना; 100 से ज्यादा गरीब बांग्लादेशी बने शिकार, बड़े कांड का खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी।
बांग्लादेश के गरीब जरूरतमंदों को गुरुग्राम लाकर अवैध तरीके से जयपुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गुरुवार को एक होटल में छापा मारकर किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीज, डोनर और ट्रांसप्लांट करवाने के लिए आए 9 मरीजों को पकड़ा। रैकेट 100 से अधिक लोगों की किडनी निकालकर बेच चुका था। गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला मोहम्मद मुर्तजा अंसारी है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सरगना बीते कई सालों से यह गोरखधंधा चला रहा है। गिरोह की सक्रियता सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर और बांग्लादेश में है। पुलिस के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फेसबुक पेज और अपने नेटवर्क के जरिये कर्ज में डूबे बांग्लादेश के गरीब लोगों को रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए संपर्क करता था। पुलिस गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए सरगना की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने जगह-जगह अपने एजेंट बनाए हैं। वह किडनी लेने और देने वालों के पास इन एजेंटों को भेजता था। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे में बांग्लादेश का 24 वर्षीय शमीम मेहंदी असन मिला। उसने हिन्दुस्तान को बताया कि दुकान बेच देने के बावजूद उसका कर्ज नहीं उतरा। उसके बाद फेसबुक पर रुपये के बदले किडनी डोनेट के बारे में पता

चला। उसने ब्लड ग्रुप लिखने के साथ ही किडनी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। कुछ दिन बाद एक एजेंट ने उससे संपर्क किया। बांग्लादेश में मिलने के बाद उसने पूरी प्रक्रिया बताई। फिर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने संपर्क किया और चार लाख रुपये उसने देने का वादा किया। गिरोह ही मेडिकल वीजा पर बांग्लादेश से हवाई जहाज से दिल्ली लाया और गुरुग्राम के होटल में उसे रुकवाया गया। फिर उसे जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में लेकर गए और वहां पर कुछ टेस्ट करवाए।

सभी रिपोर्ट ठीक आने पर बीते सप्ताह उनकी किडनी निकालकर बांग्लादेश के 66 वर्षीय इस्लाम नुरुल को ट्रांसप्लांट कर दी गई। गिरोह स्वास्थ्य में सुधार के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बबील पैलेस होटल में मंगलवार को दोनों को वापस ले आया। शमीम ने बताया कि उसे एक किडनी देने के लिए बांग्लादेशी मुद्रा में चार लाख रुपये मिले। दो लाख रुपये पहले और दो लाख रुपये ट्रांसप्लांट होने के बाद मिले। उसने रोते हुए कहा कि सिर्फ कर्ज उतारने के लिए उसने किडनी दी। 17 फरवरी को भारत आए कुछ ऐसी ही बातें बांग्लादेश के रूबियल करीम ने बताई। उन्होंने बताया कि अपने 27 वर्षीय बेटे का किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए उन्होंने किसी के माध्यम से मोहम्मद मुर्तजा अंसारी से संपर्क किया। दस लाख रुपये में डोनर मिलने के बाद 17 फरवरी को भारत आए। गुरुग्राम में उन्हें रुकवाया गया, फिर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। वहां रिपोर्ट ठीक न आने पर उनको गुरुग्राम के होटल में ठहराया गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था। इसके लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख देता था। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराता था

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ब्लड रिलेशन या फिर किसी दूसरे से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए जिला स्तर पर बनी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। कमेटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने के बाद ही प्रकिया होती है, लेकिन बिना अनुमति लिए अवैध तरीके से ट्रांसप्लांट किया जा रहा था।

गिरोह 30 साल से कम उम्र वाले डोनर को ज्यादा तवज्जो देता था। इसकी वजह यह है कि उनका स्वास्थ्य अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठीक होता है। छापेमारी के दौरान होटल में जो डोनर मिले, उनकी उम्र 24-25 साल की है, जबकि जिन्हें किडनी की जरूरत थी, उनकी उम्र 32 से लेकर 66 के बीच में है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को राजस्थान की एसीबी से गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बबील पैलेस होटल में बांग्लादेशी लोगों के रुके होने की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह सात बजे संयुक्त टीम होटल में छापेमारी के लिए पहुंची। राजस्थान एसीबी मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

पुलिस ने होटल में मिले सभी नौ बांग्लादेशियों के मोबाइल फोन, ट्रांसप्लांट के दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त कर ली है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है।

संक्षिप्त समाचार

कपिल शो पे चढ़ा क्रिकेट का बुखार, आए रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर बनकर मेहमान

मुंबई, एजेंसी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो, जिसका प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, पहले ही पूरी दुनिया में धूम मचा चुका है! इस शो को बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, और यह 14 देशों में ट्रेंड हो रहा है। इस शनिवार को कपिल शर्मा और उनकी पूरी टीम क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर का स्वागत करेंगेढ्ढ इन दोनों के साथ सेट पर खूब सारी चर्चा और हंसी मजाक देखने को मिलेगा दोनों खिलाड़ियों की घनिष्ठ दोस्ती साफ़ दिखाई दे रही थी, जब वो पूरे एपिसोड में एक दूसरे की खूब 'टांग-खिंचाई' कर रहे थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर के अनेक किस्से सुनाए। रोहित की गुगली से लेकर श्रेयस के सिक्सर तक, इन दोनों की बिंदास बातचीत और पहले कभी ना देखी गई मस्ती देखना ना भूलें। इस बातचीत ने नया मोड़ तब ले लिया, जब सुनील ग्रोवर ने इंजीनियर चुंबक मित्तल के रूप में आकर 'माहौल' को मनोरंजित कर दिया। उन्होंने सीधे-सीधे रोहित से इंडियन क्रिकेट टीम में जगह मांग ली (क्या!), हाँ, इतना जरूर माना की वो ओपनिंग बल्लेबाजी नहीं करना चाहते ङ्क इस पर रोहित ने कहा, ओपनिंग तो भूल ही जाओ यार! सुनील फिर भी टीम में शामिल होने पर अड़े रहे और कहा कि वो निचले क्रम में 11वें नंबर पर भी बैटिंग करने को तैयार हैं, क्योंकि उनकी कौन सी बैटिंग आती है, और अगर बैटिंग आ भी गई तो मैं बोल दूंगा कि तुम्हारे दस कुछ नहीं कर पाए तो मैं क्या कर लूंगा। इस पर रोहित ने कहा, ये बात मोहम्मद शमी, बुमराह, ये सब हमको बोलते हैं। हम देखते हैं ना कि 10थ या 11थ नंबर जब बैटिंग करते हैं, हम बोलते हैं यार 10 रन बना ले भाई, उनकी भी यही थिंकिंग रहती है - तुम तो बना नहीं पाए, पर हमसे एक्सपेक्ट कर रहे हो!

असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त

कछार (असम)। असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन रू01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। आईजीपी, एसटीएफ ने बताया कि दस दिन पहले उन्हें इनपुट मिला था कि पड़ोसी राज्य से ड्रग्स का बड़ा कन्साइनमेंट राज्य में आने वाला है, जहां से इसे दो बड़े शहरों में सप्लाई किया जाएगा।

चुनाव अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की कार

ऊटी, एजेंसी। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से सभी पार्टियां लोगों को लुभाने की कोशिश में है। इस बीच चुनाव में पैसे का गलत इस्तेमाल न हो इसके लिए चुनाव आयोग अपनी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में भी यही आलम है, यहां चुनाव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो रखे हैं। इसके चलते तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी की गाड़ी तक को चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने रोक दिया। चुनाव अधिकारियों ने गाड़ी की जांच के लिए कई देर तक इसे रोके रखा। चुनाव अधिकारी हर राज्य में दिखा रहे सख्ती लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग का उड़न दस्ता जगह-जगह जांच अभियान चला रहा है। चुनावों में गलत चीजों के इस्तेमाल को रोकने के लिए यह अभियान चला रहा है।

दिल्ली की तीन लोकेशन, तीन पॉलिथीन बैग में मिले शव के टुकड़े, पुलिस ने कैसे सुलझाई रशियन शख्स की मर्डर मिस्ट्री

नई दिल्ली, एजेंसी। बाहरी दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस को पॉलिथीन बैग्स मिले जिसके अंदर शरीर के टुकड़े थे, इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया गया है। तीनों स्थानों से मिले शरीर के अंगों का डीएनए टेस्ट कराया गया। जिससे पता चला कि यह एक ही शख्स के हैं। हालांकि मृतक की पहचान के लिए टेस्ट रिपोर्ट काफी नहीं थी। इसी बीच 28 जनवरी को पुलिस ने 41 साल के गौरव किशोर को गिरफ्तार किया जिसकी मदद से पुलिस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाई। माना जा रहा है कि सभी बॉडी पार्ट्स एक रशियन आदमी के हो सकते हैं, जो लापता है।

पिछले साल 21 और 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को राजधानी में तीन लोकेशन से तीन पॉलिथीन बैग जिले। इनमें बिना हाथों वाली बांह, लिंब्स, पुरुष का निचला धड़, और में गर्दन से जुड़ी छाती थी। जनवरी 2024 में डीएनए टेस्ट से पता चला कि ये सभी अंग एक ही व्यक्ति के थे। एक पुलिस अधिकारी ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, आरोपी ने दावा किया कि पिछले साल 20 दिसंबर को उसने एक रशियन आदमी की हत्या कर दी थी, जिसके साथ वह 2014-2023 तक तिहाड़ जेल में बंद था। उसने कहा कि पीड़ित स्पेशल सेल द्वारा दर्ज नशीले पदार्थों के केस के चलते जेल में था और अवैध तौर पर भारत में रह रहा था। किशोर ने कहा कि एक बार जेल से बाहर आने के बाद, रशियन व्यक्ति जबरन बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर में उसके किराए के घर में उसके साथ रहा।

अधिकारी ने कहा कि किशोर ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने रशियन शख्स की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे बहुत परेशान कर रहा था और यह असहनीय था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने एचटी को बताया कि आरोपी ने 2008 में एक इसी तरह हत्या की थी जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया है।

कहीं झुलसाती धूप, कहीं झमाझम बारिश... 6 राज्यों में लू के थपेड़े कर देंगे जीना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी।
मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है।

अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। बार-बार आने वाली गर्मी को लेकर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे वह खुद को बढ़ती गर्मी से बचा सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुहावना दिखा। बादलों के साथ तेज हवाओं के कारण सुबह के वक्त खिली हुई धूप नजर नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा अगले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और

त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में तेज झोंकेदार हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक हवा की गति 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यूपी में दिन की शुरुआत ही चिलचिलाती धूप से हो रही है। दिन के चढ़ते ही यहां का पारा भी बढ़ने लगता है। प्रदेश के हर शहर में दोपहर बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। नतीजा, तीक्ष्ण चिलचिलाती धूप ने सड़कों पर भीड़ कुछ देर के लिए कम कर दे रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहने का आसार जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में बारिश हो सकती है। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। केरल में भी हल्की बारिश की संभवाना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।आइएमडी आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है।

कर्नाटक हाईकोर्ट में भरेंगे जजों के खाली पड़े पद, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की पांच नामों की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से कर्नाटक हाईकोर्ट के पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के तीन अप्रैल के प्रस्ताव के अनुसार, हाईकोर्ट कॉलेजियम ने 20 जनवरी को सर्वसम्मति से सिफारिश की थी कि पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए और अतिरिक्त न्यायाधीश बसवराज का कार्यकाल एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में उल्लेख किया, ''कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उपरोक्त सिफारिश पर अपनी सहमति व्यक्त की है।''

इसने कहा, ''मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने और उपरोक्त प्रस्ताव पर समग्र विचार करने के बाद, कॉलेजियम का विचार है कि जस्टिस चेप्पुडिरा मोनप्पा पूनाचा, जस्टिस अनिल भीमसेन कट्टी, जस्टिस चंद्रशेखर मृत्युंजय जोशी, जस्टिस उमेश मंजूनाथभट अडिगा और जस्टिस तलकाड गिरिगौड़ा शिवशंकर गौड़ा स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए उपयुक्त एवं योग्य हैं।''

प्रस्ताव में कहा गया कि जहां तक जस्टिस बसवराज का संबंध है, तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम, हाईकोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश से पूरी तरह सहमत है और उसका मानना है कि वह एक वर्ष के नए कार्यकाल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के योग्य हैं। इसने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव पर दो सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं क्योंकि जस्टिस गवई यात्रा पर हैं।

खुली अलमारी में लाश, बिखरा सामान; लिवइन पार्टनर फरार, दिल्ली के डाबड़ी में लड़की का मर्डर

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के डाबड़ी इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। लिव इन में रह रहे एक शख्स ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद अलमारी में शव छिपाकर फरार हो गया। युवती की पहचान 26 वर्षीय रुखसार राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 10.40 बजे डाबड़ी थाना पुलिस को गली नंबर-10, राजपुरी में एक युवती की हत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। खुली अलमारी के अंदर शव रखा मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। मेरठ निवासी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी बेटी गुजरात के सूरत में काम करती थी। उसके साथ वहां विपल टेलर नाम का एक शख्स भी काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और करीब डेढ़ माह पहले गुजरात से दिल्ली आकर लिव इन में रहने लगे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रुखसार ने इस बारे में उन्हें फोन पर बताया था।

पिता ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी बेटी ने उन्हें फोन किया था। वह रो रही थी और विपल के साथ रहने के फैसले पर अफसोस जता रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी ने उन्हें विपल द्वारा मारपीट करने की बात बताई थी। बुधवार शाम से ही रुखसार का फोन बंद हो गया था। इसके बाद उन्हें शक होने लगा और वह अपने भाई के साथ दिल्ली आ गए। यहां उन्होंने फ्लैट का गेट तोड़कर अंदर देखा तो उनकी बेटी का शव अलमारी में रखा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच से लग रहा है कि विपल और रुखसार के बीच झगड़ा हुआ था, क्योंकि फ्लैट में सारा सामान बिखरा पड़ा था। रुखसार के शरीर पर 15-16 चोट के निशान मिले हैं। चेहरे पर लगातार वार किए गए हैं। आरोपी ने गला दबाकर वारदात को अंजाम दिया।

यमुना एक्सप्रेसवे से जल्द जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट, दिल्ली-एनसीआर के पैसेंजर्स को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी।
यमुना एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल से जोड़ने वाली 750 मीटर लंबी सड़क लगभग पूरी होने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंटर से 40 किलोमीटर लंबे सर्विस रोड का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट से सितंबर में उड़ान प्रस्तावित हैं।

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सर्विस रोड का निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। यह सर्विस रोड 40 किलोमीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी है। इसे भविष्य में 100 मीटर तक चौड़ा किए जाने की भी संभावना है। पिछले एक माह में नौ किलोमीटर तक सर्विस मार्ग का निर्माण किया गया। सर्विस मार्ग पर 32 स्थान ऐसे

चिह्नित किए गए थे, जहां टुकड़ों में सड़क का काम अधूरा था। टीम ने 18 स्थानों से अवैध निर्माण हटवाकर वहां सड़क बनवाई। 12 शेष प्वाइंट पर निर्माण कार्य तेजी से होने का दावा है। इस सर्विस रोड के बनने से यमुना एक्सप्रेसवे पर भी यातायात का दबाव कम हो जाएगा। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक मालवाहक वाहनों से ढुलाई के लिए उत्तर पूर्वी दिशा में सड़क बननी है। यमुना एक्सप्रेसवे से कार्गो टर्मिनल तक बनने वाली इस सड़क की कुल लंबाई 10 किलोमीटर होगी। इसके लिए चार गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा और दस्तमपुर की कुल 7.4880 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज और 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण हो रहा है। इसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है। एक्सप्रेसवे पर 32 किलोमीटर पर इंटरचेंज बन जाने से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आगरा की तरफ से आने वाले यात्री बिना किसी रुकावट के सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट तक बन रही सड़क इंटरचेंज के जरिए यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगी।

केरल के कन्नूर में ब्लास्ट, दो लोग घायल

कन्नूर (केरल)। केरल के कन्नूर में पनुर इलाके में शुक्रवार को हुए धमाके में दो युवक घायल हो गए। यह घटना रात 1 बजे के करीब हुई। पनुर थाने के एक अधकिारी ने बताया कि धमाके में दो आदमी घायल हुए है। इस मामले में जांच की जा रही है कि यह कैसे हुआ। वहीं, इस बारे में और जानकारी देने से पुलिस ने मना कर दिया। पुलिस अधकिारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज जारी है।

चुनाव आयोग का आतिशी को नोटिस

नई दिल्ली। भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेजा है। उन्हें सोमवार तक जवाब देने को कहा गया है। आतिशी ने आरोप लगाया था कि उनके एक नजदीकी के माध्यम से भाजपा में शामिल नहीं होने पर गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई थी। भाजपा नेता ओम पाठक ने इसकी शिकायत चनाव आयोग से की थी।

शशांक सिंह ने सुनाई जादुई पारी के पीछे की कहानी

मैं बॉलर का नाम नहीं देखता...

नईदिल्ली, एजेंसी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में 29 गेंदों पर 61 रनों की नॉटआउट पारी खेली। पंजाब किंग्स के इस बैटर ने गुजरात टाइटन्स के जबड़े से जीत छीनी और फिर मैन ऑफ द मैच भी चुने गए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का 17वां मैच गुजरात टाइटन्स वर्सेस पंजाब किंग्स था, जहां आखिरी ओवर में पंजाब किंग्स ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। एक समय ऐसा लग रहा था कि पंजाब किंग्स यह मैच हार जाएगा, लेकिन इसके बाद शशांक और आशुतोष शर्मा ने मिलकर मैच का पूरा सीन ही बदल दिया। दोनों अनकैप्ड खिलाड़ियों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स के अनुभवी गेंदबाजी की क्लास लगाई, वो देखकर हर कोई बस दंग ही रह गया।

शशांक ने मैच के बाद कहा कि वह गेंदबाज का नाम नहीं देखते हैं, बस गेंद देखते हैं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलते हैं। मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद शशांक ने कहा, अभी भी कोशिश कर रहा हूं कि यह अहसास पूरी तरह अंदर समा जाए। मैं इस तरह की चीजों को इमैजिन तो करता हूं लेकिन इस तरह की पारी सच में खेलना बहुत शानदार अनुभव है। मैं क्रिकेटिंग शॉट्स खेलता हूं। मैं नंबर-7 पर बैटिंग करता हूं, लेकिन इस मैच में मैंने नंबर-5 पर बैटिंग की। बाउंस काफी अच्छा था, दोनों टीमों ने 200 तक रन बनाए, तो विकेट तो अच्छा था।

गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज लीजेंड्स हैं, लेकिन मैं गेंदबाज का नाम नहीं देखता हूं। मैं गेंद पर रिऐक्ट करता हूं और उसके हिसाब से अपने शॉट्स खेलता हूं। इससे पहले पिछले के पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद से ज्यादा मैच नहीं मिल पाए थे, लेकिन यहां कोचिंग स्टाफ और मैनेजमेंट ने मुझे बैक किया और मैं बहुत कॉन्फिडेंट था।

विल जैक्स को मौका देगी आरसीबी?

जयपुर,एजेंसी। खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को आईपीएल 2024 के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका।

विक जैक्स को मौका देगी आरसीबी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है।

चेस

फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रगनानंदा, वैशाली के सामने कड़ी चुनौती

टोरंटो, एजेंसी। टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रगनानंदा कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ करेंगे। वहीं, ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। गुकेश को शुरुआती हाफ में सफेद मोहरों से खेलते हुए फायदा उठाना होगा। विदित के लिए मोहरों का रंग अधिक मायने नहीं रखता और वह अच्छी स्थिति का फायदा उठाने के लिए जाने जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो कारुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी।

प्रगनानंदा ने कहा, यह रोमांचक होने वाला है। टाइम कंट्रोल का मतलब है कि हमें घड़ी पर भी नजर रखनी होगी क्योंकि शुरुआती 40 चाल तक समय में कोई इजाफा नहीं होगा।

प्रगनानंदा का पलड़ा भारी

टूर्नामेंट के कार्यक्रम को देखते हुए प्रगनानंदा का पलड़ा भारी रह सकता है क्योंकि दूसरा हाफ महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ी को पहले हाफ में नाकामूरा और कारुआना के अलावा हमवतन गुजराती से काले मोहरों से खेलना है। युवा भारतीय खिलाड़ी को उलट मुकाबलों में सफेद मोहरों से खेलने को मिलेगा।

वैशाली के सामने हंपी की चुनौती

महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी। 21 साल की वैशाली प्रगनानंदा की बड़ी बहन हैं। टूर्नामेंट के 'टाइम कंट्रोल' के अनुसार, दो घंटे में 40 चाल होंगी और बाकी मुकाबले के लिए 30 मिनट का समय होगा जिसमें 41वीं चाल से प्रत्येक चाल के बाद 30 सेकंड जोड़े जाएंगे। रूस की दो खिलाड़ी एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना और कैटरीना लेगनो भी पहले दौर में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

पर्थ, एजेंसी। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा। भारत ने आखिरी बाद

2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे सूर्यकुमार यादव

मुंबई, एजेंसी। सूर्यकुमार यादव शुक्रवार शाम तक मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ जाएंगे। वह एड़ी की चोट से उबर रहे थे और फ़िलहाल एनसीए बेंगलुरु में थे। उन्होंने इस साल आईपीएल में अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। हालांकि अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि वह दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ रविवार को होने वाले मैच के लिए पूरी तरह फ़िट हैं या नहीं। सूर्यकुमार अंतिम बार दिसंबर 2023 में क्रिकेट के मैदान में उतरे थे। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ इस मैच के दौरान उन्हें एड़ी की चोट लगी थी। इसके अलावा हाल ही में उनकी स्पोर्ट्स हार्निया की भी सर्जरी हुई थी। फ़िलहाल शुरुआती तीनों मैच हारकर मुंबई अंक तालिका में सबसे नीचे है।

बैडमिंटन : अनमोल सहित पांच भारतीय कजाखस्तान चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में, देविका-अनुपमा का शानदार प्रदर्शन

अस्ताना, एजेंसी। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया। सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया।

17 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब सहित पांच भारतीय शटलरों ने कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है

। अनमोल के अलावा देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीय तान्या हेमंत और इशारानी बरुआ भी महिला एकल के अंतिम-8 में प्रवेश कर लिया। एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जिताने में मदद करने वाली गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने दूसरे दौर में संयुक्त अरब अमीरात नूरानी रातू अजाहरा 21-11, 21-7 से हराया।

सिहाग ने अजरबैजान के केशा फामिता को 21-12, 21-12 से हराया। अब उनकी टक्कर हमवतन अनुपमा से होगी जिन्होंने चेक गणराज्य की पांचवीं वरीय टेरेजा को पराजित किया। सातवीं वरीय तान्या ने इस्राइल के सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी। इशरानी ने न्यूजीलैंड के टिफनी हो 21-10, 20-14 से पराजित किया।

जहां तक रोहित शर्मा को जानता हूं, वो मुंबई इंडियंस को लीड करेंगे लेकिन...

नईदिल्ली, एजेंसी। क्या मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे या फिर मुंबई इंडियंस का साथ ही छोड़ देंगे? इन सवालों के जवाब तो समय आने पर ही मिलेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया और इसके बाद से जो बवाल शुरू हुआ है, वो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में इकलौती ऐसी टीम है, जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। लगातार तीन हार के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर है।

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ जाएंगे, वहीं पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि लगातार तीन हार के बाद हो सकता है कि मुंबई इंडियंस एक बार फिर से रोहित शर्मा को ही कप्तानी सौंप दे। इन सबके बीच पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का सोचना तो सबसे ज्यादा अलग है।

गुजरात को लगा बड़ा झटका, अगले 2 सप्ताह तक टीम का हिस्सा नहीं होंगे मिलर!

नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को हार का सामना करना पड़ा. शिखर धवन की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया. वहीं, अब गुजरात टाइटंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. दरअसल, गुजरात टाइटंस के दिग्गज मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज डेविड मिलर तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान से दूर रहेंगे.

इस वक्त डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं. डेविड मिलर का बाहर होना शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन ऐसा माना जा रहा था कि वह अगल मैच तक फिट हो जाएंगे, लेकिन अब गुजरात टाइटंस मैनेजमेंट और फैंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है. पंजाब किंग्स के खिलाफ डेविड मिलर गुजरात टाइटंस ने केन विलियमसन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया. केन विलियमसन ने 22 गेंदों पर 26 रनों का योगदान दिया. केन विलियमसन ने मिड इनिंग ब्रेक में बताया कि डेविड मिलर चोट से जूझ रहे हैं, वह तकरीबन 2 सप्ताह तक मैदान पर नजर नहीं आएंगे.

पंजाब किंग्स के खिलाफ हारी गुजरात टाइटंस...

पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रनों का स्कोर बनाया. गुजरात टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 48 गेंदों पर 89 रन बनाए. वहीं, इसके जवाब में पंजाब किंग्स ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया. पंजाब किंग्स के लिए शशांक सिंह ने सबसे ज्यादा 29 गेंदों पर 61 रन बनाए. जबकि आशुतोष शर्मा ने 17 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया.

संक्षिप्त समाचार

वीकेएसयू में नामांकन के लिए सीट से अधिक आवेदन पर हंगामा

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में सीट से अधिक नामांकन के लिए आवेदन लिए जाने पर अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। यह आवेदन पीजी सेमेस्टर वन सत्र , 2023- 25 में 17 सीटों पर नामांकन के लिए लिया जाना था। जबकि विश्वविद्यालय ने यह गाइडलाइन जारी किया था कि रिक्त सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर नामांकन होगा। अब चूंकि 17 सीटों पर नामांकन के लिए 60 आवेदन आ चुके है। पहले आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का यह पक्ष है कि जब रिक्त सीटों (17) के अनुसार आवेदन आ चुके थे तो इससे अधिक आवेदन विभाग ने क्यों स्वीकार किए ? कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के हस्तेक्षप के बाद मामला शांत हुआ।

रेल क्रासिंग के पास रेलवे पटरी बदलने के दौरान हाईवे जाम

गड़हनी। आरा-सासाराम रेलमार्ग पर रेलवे पटरी बदलने को लेकर बगवां गांव में रेलवे गुमटी के पास आरा -सासाराम स्टेट हाईवे पर घंटों सड़क जाम लगा रहा। गुमटी के पास दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर तक लम्बी गाड़ियों का लाईन लगी थी। लाईन में खड़ी सवारी गाड़ियों पर बैठे सवारी को गर्मी में बहुत परेशानी हो रही थी। बता दे कि आरा -सासाराम रेलवे लाईन पर नई पटरी ठेकेदार द्वारा बदली जा रही है। जो पिछले करीब एक सप्ताह से हो रही है। जब लंबी लंबी पटरी को गाड़ियों से ट्रैक पर ले जाने के क्रम में गुमटी को बंद कर दिया जाता है जिससे कोई गाड़ी गुमटी के पास ट्रैक पार नही कर सके। जिसके वजह स दोनों तरफ़ से सड़क जाम हो जाता है।

वीर शिरोमणि चौहरमल की तलवार हमेशा न्याय के पक्ष में उठी

आरा। चौहरमल लोक अधिकार मोर्चा द्वारा जवाहर टोला में वीर शिरोमणि चौहरमल का जयंती समारोह मनाया गया। उद्घाटन अखिलभर्तवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने चौहरमल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने किया। यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल एक वीर थे। उनका तलवार हमेशा न्याय के पक्ष में उठता था। उन्होंने न्याय के लिए अपने मित्र से भी लड़ाई लड़नी पड़ी। उस लड़ाई का जीत भी हुआ, उनका अड्डा मोकामा टाल के चराडीह में था। आज के दिन वहां पर एक बहुत बड़ा मेला लगता है, मेला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग श्रद्धा पूर्वक आते हैं तथा उनकी पूजा करते हैं। मौके पर तिलकधारी पासवान, सुरेन्द्र पासवान, नरेंद्र पासवान, भुनेश्वर पासवान, विजय पासवान, सन्तोष पासवान, भिखारी यादव, शिवकुमार साह, सुमेन्द्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्टेट बैंक गड़हनी में 20 हजार से अधिक निकासी पर रोक

गड़हनी। भारतीय स्टेट बैंक, गड़हनी में खाताधारकों को पैसा नहीं मिल रहा है। किसी के यहां शादी है तो किसी को मरीजी को दिखाने ले जाने है तो किसी के बच्चे को स्कूल में फी जमा करना है लेकिन बैंक 20 हज़ार से ज्यादा किसी को नहीं दे रहा है। इस संबंध में बैंक मैनेजर ने प्रीतम रंजन मधु ने कहा कि पैसा नहीं है जिसके चलते सभी को 20 हज़ार रुपये ही दिया जा रहा है। रीजनल ऑफिस से एक करोड़ रुपए आज मांगा गया था। लेकिन मात्र 10 लाख रुपये दिया गया। यदि एक -एक खाताधारकों को 50 -50 हजार रुपये देने पर मात्र 20 लोगों को ही दे पाते। इसलिए सभी ग्राहकों को 20 हजार रुपये ही दिया जा रहा है। यह स्थिति अभी 10 अप्रैल तक रहेगा। कई खाताधारकों ने कहा कि हमारे यहां शादी है। सामान खरीदना है और मात्र 20 हज़ार रुपये ही दिया जा रहा है। इसके शादी का सामान कैसे खरीद सकते हैं।

चौकीदार पर जानलेवा हमले के आरोपी घूम रहे हैं खुलेआम

ब्रह्मपुर। ब्रह्मपुर थाना के चौकीदार के साथ शराब माफिया ने 27 मार्च को ब्रह्मपुर थाने से घर जाते हुए रास्ते में घेरकर जानलेवा हमला किया। बता दे कि विगत 27 मार्च को तेज पांडेयपुर के चौकीदार हरेंद्र यादव को नामजद लोगों ने ओझा पेट्रोल पंप के पास जानलेवा हमला किया। इस वारदात में चौकीदार का सिर फट गया और वह किसी तरह ग्रामीणों की मदद से जान बचाकर भाग निकला। इस संबंध में चौकीदार ने 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के बाद अबतक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। हरेंद्र यादव का कहना है कि शराब तस्कर मुखबिरी का आरोप लगाकर मारपीट की।

अत्याचारी कंस के पापों के लिए भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा : देवाचार्य जी

आरा। 8 दिवसीय भागवत कथा में डीएम कोठी रोड डीएम कोठी रोड, गोविंद अपार्टमेंट में वृंदावन मथुरा से आए देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि, अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए। भागवत कथा के आयोजक विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन में रोजाना प्रातः पूजन और संध्या प्रवचन हो रहा है।

जिला योजना कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग

आरा। गुरुवार को एक बजे के आस- पास जिला समाहरणालय कार्यालय के चाहर दीवारी में स्थित जिला योजना कार्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से कार्यालय के सभी कर्मी किसी अनहोनी की डर से कार्यालय से बाहर निकल कर भागे। आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर हिट होने के बाद ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने के बाद आस-पास के लोगों में भगदड़ हो गई। वही कार्यालय के कर्मी ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने घटना स्थल पर पहुंच आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद करीब एक घण्टा तक कार्यालय का कार्य बाधित हो गया। आग बुझ जाने के बाद बिजली विभाग के कर्मियों ने आकर ट्रांसफार्मर को ठीक कर लाइन चालू किया। ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे कर्मियों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही है। करीब एक घण्टे बाद सभी कार्यालयों में काम शुरू हुआ। घटना स्थल पर उपस्थित लोगों और कार्यालय में काम करने वाले कर्मियों ने बताया की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

करंट की चपेट में आया युवक, मौत, सेंटरिंग का काम करने गया था

ऊपर से गुजर रहे तार को छूने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड स्थित पावर ग्रेड के पास शुक्रवार की दोपहर विद्युत प्रभावित की चपेट में आने से एक सेंटरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के पीरो वार्ड नंबर 8 निवासी विगन पासवान का बेटा रघुवीर कुमार पासवान(29) है। वह पेशे से सेंटरिंग मिस्त्री था। इधर, मृतक के साथ काम कर रहे साथी मिस्त्री मंतोष कुमार ने बताया कि वह हर दिन की तरह शुक्रवार की दोपहर भी पीरो न्यू बस स्टैंड स्थित पावर ग्रेड के पास एक मकान में सेंटरिंग का काम कर रहे थे। जहां ऊपर से बिजली का तार गुजर रहा था। सेंटरिंग का काम करने के दौरान उनका हाथ उसी तार में स्पर्श कर गया। इसके कारण वह बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद सहयोगी साथी द्वारा उसे इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां कलावती देवी, पत्नी समता देवी और दो बेटा ऋषभ और शिवांश है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां कलावती देवी, पत्नी समता देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पिकअप ने रिटायर्ड फौजी को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे शहर थाना क्षेत्र के बरही बाजार के समीप गुरुवार की देर शाम बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार एक रिटायर्ड फौजी को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी का आलम रहा। वही, इस हादसे के आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों का आक्रोश बड़ा कुत्ता और सड़क पर शोक को बीचो-बीच रखकर पिकअप चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। मृत रिटायर्ड फौजी सहार थाना क्षेत्र के बजरिया गांव निवासी स्वर्गीय बच्चू साव के 70 वर्षीय बेटे जनेश्वर साव थे। वह 1987 में दानापुर, बिहार रेजीमेंट से सिपाही के पद से रिटायर्ड हुए थे। इधर, मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर सहार बाजार करने के लिए गए हुए थे। जब देर शाम वापस घर लौट रहे थे तभी बरही मोड़ के समीप बेलगाम पिकअप ने रौंद दिया। इस हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पीड़ित परिवारों ने 10 लख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी सहित अन्य सरकारी सुविधा मुहैया करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। जाम की सूचना मिलने के बाद वरीय पदाधिकारी पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। मृतक की तीन बेटा अजय साह,अजय शंकर सह राकेश कुमार साह है। वही इस हादसे के बाद मृत के घर में कोहराम मच गया है।

शहर में बड़े धार्मिक आयोजन पर भारी वाहनों पर लगी रोक, हटेगा अतिक्रमण

निज संवाददाता। बक्सर



एडीएम कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को बक्सर शहर में यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के जाम की समस्या के निराकरण के लिए बैठक कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर जो भी बड़े संस्कृतिक/धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने वाले हैं उसका रोस्टर तैयार कर लेंगे तथा कार्यक्रम के 2 दिन पूर्व प्रत्येक चौक चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करेंगे, ताकि जाम की समस्या शहर में नहीं हो सके। मुख्य रूप से निर्देश दिया गया कि बक्सर शहर में आने वाले चारों प्वाइंट यथा दानी कुटिया, मठिया मोड़, हुकहा एवं कृत पर कार्यक्रम के दिन ट्रक बस एवं भारी वाहन को रोकेंगे। इस दिन शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।

शहर में ऑटो का रूट होगा निर्धारित: अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (यातायात) को निर्देशित किया गया कि यातायात पुलिस अपने वर्दी में रहें, ताकि उनकी उपस्थिति की पहचान हो सके। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर में चल रहे वाहनों के ड्राइवर या ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का सप्ताह में 2 दिन आवश्यक रूप से जांच करेंगे एवं इसकी सूचना डीएम को देना सुनिश्चित करेंगे। एसडीओ को निर्देश दिया गया कि ऑटो चालक संघ से वार्ता कर ऑटो का रूट निर्धारित करेंगे और निर्धारित रूट का प्लेट बोर्ड ऑटो पर लगाना सुनिश्चित करेंगे, जो स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो सके। सड़क के किनारे अस्थाई अतिक्रमण हटाने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को निर्देशित किया गया की टीम गठित कर शहर में जो सड़क के किनारे अस्थाई अतिक्रमण है, को अतिक्रमण मुक्त करायेंगे। साथ ही जो दुकानदार दुकान के बाहर सामान फैलाकर रखते हैं उन्हें 48 घंटा पूर्व माईकिंग/नोटिस के माध्यम से चेतावनी निर्गत करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

भोजपुर में भाकपा माले का प्रेस कॉन्फ्रेंस, दीपांकर ने NDA सरकार पर साधा निशाना

निज संवाददाता। आरा

संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हराओ देश बचाओ कार्यक्रम को लेकर भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने माले कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार ने 400 पार का नारा दिया है। ताकि बहुमत हो तो संविधान को हम बदल दें। भाजपा को VVPAT से चुनाव पर क्यों दिक्कत हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी यह सवाल आयोग से पूछा है। मुझे लगता है आयोग को SC की सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड पर बात क्यों नहीं कर रही है। मोदी जी बोल रहे हैं जो इन पर बात करेगा वो समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि एक कहावत है, सत्ता के साथ भ्रष्टाचार की संभावना जुड़ी रहती है। इसलिए सबसे भ्रष्ट पार्टी भाजपा है और सबसे भ्रष्ट सरकार मोदी जी की सरकार है। चारों तरफ से भ्रष्टाचार है। भाजपा द्वारा अब तक 400 से ज्यादा विधायकों को खरीदा गया है। विपक्ष के ऊपर हमले हो रहे हैं। राजनीति के लिए भारत रत्न का इस्तेमाल किया गया है। झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। 2024 का चुनाव यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है यह बिल्कुल एक ऐसा चुनाव है जिसकी तुलना 2004 की NDA सरकार की जा सकती है। उस वक्त देश की जनता ने देखा था कि गुजरात में नरसंहार हो रहा है। देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार प्रचार कर रही है कि इंडिया शाइनिंग। ऐसे दौर में जनता ने अटल बिहारी की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। एनडीए सरकार इस समय में पूरी सत्ता चाहती है। पूरे सत्ता पर कब्जा है। उसके बल पर देश में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बीजेपी का मतलब भ्रष्टाचारी जुटाओ पार्टी है। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए लोगों को भारी संख्या में मत करें। ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके। वहीं मनोज मंजिल पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मनोज मंजिल को झूठा केस में फंसाया गया है, ये सभी जानते हैं। लेकिन मुझे न्याय प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। अभी हाई कोर्ट है सुप्रीम कोर्ट है, न्याय प्रक्रिया चल रही है। इस वक्त भाजपा बलात्कारी जुटाओ पार्टी और भ्रष्टाचारी जुटाओ पार्टी बन गया है। सभी सांसद अपना रिपोर्ट कार्ड जारी करें। भारतीय जनता पार्टी देश को लूट लेना चाहती है और अगर मोदी सरकार तीसरी बार लौट कर आई तो देश भी नहीं बचेगा। वहीं, दीपांकर भट्टाचार्य से राहुल गांधी को आरा आने पर पूछे गए सवाल पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी भाकपा माले के लिए चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। लेकिन इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार प्रसार जरूर करेंगे। वहीं कन्हैया प्रसाद भी प्रचार कर सकते हैं। वहीं, दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मैंने अपने सभी प्रचारकों का लिस्ट जारी कर दिया है। इस बार जनता को चुनाव में संविधान बचाने के लिए वोट देना होगा।

बक्सर लोकसभा सीट पर पांच उम्मीदवार उतरेंगे मैदान में, पूर्व IPS आनंद मिश्रा और ददन पहलवान निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोक सभा सीट पर चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एक तरफ जहां जिला प्रशासन चुनाव आयोग के निर्देश पर लगातार कार्य कर रही है। वही दूसरी तरफ इस सीट से चुनाव लडने के लिए पांच प्रत्याशी समाने आ चुके है। जिसमें तीन प्रत्याशी पार्टी से तो वहीं दो निर्दलीय इस चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे है। जिसको लेकर सभी के द्वारा लगातार गांव गांव घूम कर वोटरों को गोलबंद करने का प्रयास किया जा रहा है।अपने अपने तरीके से पार्टी और निर्दलीय नेता जनता को अपने खेमे में करने का प्रयास में लगातर दिन रात मेहनत शुरू कर दिया गया है।

भाजपा से मिथलेश तिवारी मैदान में: बक्सर लोक सभा सीट से दो बार लगातार सांसद रह चुके अश्विनी चौबे का टिकट इस बार काट दिया गया। इस सीट से एनडीए ने गोपालगंज के मिथलेश तिवारी पर भरोसा जताया है। जिनका एक तरफ जहां बक्सर में प्रवेश के साथ ही जहां भव्य स्वागत किया गया तो वही कई जगहों पर बाहरी को टिकट देने पर नाराजगी भी देखने को मिली है। हालांकि मिथलेश तिवारी ने अपने को मोदी का हनुमान बताते हुए बक्सर का विकास बनारस के तर्ज पर करने का लगातार दवा कर रहे है। कहा की बनारस में विश्वनाथ है तो बक्सर में रामेश्वर नाथ और बरमेश्वर नाथ है।वही आगे कहा की जैसे म से मोदी होता है वैसे ही म मिथलेश भी होते है।

राजद से सुधाकर सिंह होंगे प्रत्यासी: गठबंधन से इस बार राजद के नेता और जगतानंद सिंह के बेटा बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह बक्सर लोक सभा क्षेत्र से मैदान में है। उन्होंने कहा की भाजपा के आयातित कैंडिडेट है मिथलेश तिवारी,जिसको बक्सर की जनता इस बार हरा देगी, 4.30 लाख वोटरों में भाजपा को किसी स्थानीय लोगो पर भरोसा क्यों नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा की मैं हूं बक्सर का धरतीपुत्र मेरे खिलाफ काम नहीं करेगा कोई जातीय समीकरण।बता दे की सुधाकर सिंह किसानो के मुद्दों को लेकर लागतार सरकार को घेरने का काम किया है।

बासपा से होंगे अनिल सिंह: इस बार बक्सर लोक सभा सीट से बहुजन समाज पार्टी ने बिहार के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार को अधिकतर कैम्प दलितों और वंचितो के बस्तियों में कैंप कर लगातार बिहार सरकार और स्थानीय सांसद अश्विनी चौबे पर निशाना साधने का काम कर रहे है।कैम्प के दौरान अनिल कुमार ने कहा की उन्होंने कहा कि अगर समाज के वंचितों और दलितों को अगर अपनी दशा सुधारनी है तो उन्हें अपनी वोट की ताकत को पहचानना होगा। जिस समाज का राजनैतिक प्रतिनिधित्व नहीं, वह समाज मृतप्राय हो जाता है। अब समय आ गया है कि हम अपनी ताकत को पहचाने और अपना राजनैतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनडीए और महागठबंधन दोनों बड़े-बड़े धन्ना सेठों की कठपुतली बनकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन जनता के साथ है, और जनता की जन समस्याओं को दूर करना हीं बहुजन समाज पार्टी की पहली प्राथमिकता है।

चाकू से गोदकर राजमिस्त्री की हत्या

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड-3 के राजा पोखरा के पास गुरुवार की रात दरवाजे पर बैठने से मना करने के विरोध में नशे में धुत बदमाश ने एक राजमिस्त्री की चाकू मार कर हत्या कर दी। चाकू शख्स के गर्दन में मारी गई है जिससे अधिक खून निकल जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार वालों में अफरा–तफरी का आलम रहा । मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 3 निवासी खेदु मियां के 45 वर्षीय पुत्र मुस्लिम मियां था। चाकू मारने वाला आरोपित बदमाश बगल के ही चाना पंवारी का पुत्र आफताब है। इधर,उसके भाई मुन्ना मियां ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करने के बाद वह घर आकर गेट के पास बैठे हुआ था। मुन्ना मियां ने बताया कि बगल के ही लखन गोंड के दरवाजे पर उक्त बदमाश समेत कई लोग बैठकर हो हल्ला कर रहे थे, इसी बीच लखन गोंड के परिवार से एक महिला आकर इन लोगों को बैठने से मना कर दिया। तभी मेरे भाई ने कहा कि तुम लोगों का हमेशा की आदत हो गई है कि तुम लोग यहां बैठकर हो हल्ला कर रहे हो । इसी बीच उक्त आरोपी गाली देते हुए अपने कमर से छुड़ा निकालकर उसके गर्दन में मार दिया दिया। मेरे भाई की ही घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद उक्त आरोपित आराम से ही वहां से भाग निकला। घटना के बाद मोहल्लेवासियों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने इस घटना की जानकारी जगदीशपुर थाना पुलिस को दी। शव का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया।

डेढ़ दर्जन घर में लगी भीषण आग, महिला, बच्चें घर में थे मौजूद, ग्रामीणों ने निकाला

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर अंचल क्षेत्र के दामोदरपुर पंचायत के बिंदटोली में अचानक आग लगने से करीब डेट दर्जन झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए हैं। घरों में आग लगने के बाद महिला बच्चे समेत सभी लोग घर से बाहर निकले और मवेशियों को निकालने में सफल रहे। लेकिन तेज हवा और गर्मी के कारण गर्मी के कारण देखते ही देखते डेढ़ दर्जन से ज्यादा झोपड़ीनुमा घर में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण खुद से आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। लेकिन 2 घंटे तक अग्निशमन की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय ग्रामीण और अग्निशमन की कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक अग्निशमन की गाड़ी पहुंची तब तक सभी घर जलकर राख हो चुका था। घरों में रखा सामान, चौकी, खटिया,बिछावन, अनाज, बर्तन सहित अनेकों सामान जल कर भस्म हो गये। शाहपुर, बिहिया और जगदीशपुर से आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मंगाया गया तब जाकर आग की भयावहता पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड यानी दमकल और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने मे सफलता मिली। आग लगी घटना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बीडीओ, थाना प्रभारी एवं स्थानीय मुखिया मौके पर पहुंचे। इसके बाद पीड़ित परिवारों को राहत के लिए अंचलाधिकारी शाहपुर शम्मा परवीन के द्वारा पॉलिथीन सीट के साथ ही मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया।

क्रिकेट खेलने के विवाद में 2 पक्षों में मारपीट, 4 जख्मी , बैट्समैन ने दी थी वाइड, बॉलर ने दी गाली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सिन्हा थाना क्षेत्र के मिल्की गांव में गुरुवार की देर शाम क्रिकेट खेलने के दौरान वाइड देने के विवाद गांव के लड़कों ने एक ही परिवार के चार लोगों की बैट, विकेट और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान 25 से 30 की संख्या में आए बदमाशों ने चारों ज़ख्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। अन्य ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कराया गया। सभी ज़ख्मियों को आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। ज़ख्मियों में सिन्हा थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी राजेंद्र सिंह के 17 वर्षीय पुत्र रिशु राज सिंह, जितेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र निक्कू सिंह, राजेंद्र सिंह का 18 वर्षीय पुत्र और प्रभान सिंह का 18 वर्षीय पुत्र प्रशांत सिंह शामिल है। इधर, जख्मी निक्कू ने बताया की बुधवार की शाम गांव के ही बिंद टोली मोहल्ले के लड़कों के साथ आपस में मैच खेल रहे थे। मैच के दौरान हम बैटिंग कर रहे थे, विपक्षी टीम के बॉलर के द्वारा बॉलिंग करने के दौरान वाइड फेंका था। जब हमने अंपायर से वाइड देने के लिए बोला तो बॉलर ने भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दी। इसी विरोध में दोनों टीमों के बीच नोक झोंक हुई, लेकिन मामला बुधवार की देर शाम खत्म हो गया था।आज हम लोग मिल्की गांव के ही मैदान से देर शाम वॉलीबॉल खेल कर लौट रहे थे। विपक्षी टीम के लड़कों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर बाद विकेट और बेल्ट से पिटाई करवा दी। लड़कों के पास एक देसी कट्टा भी था, जिससे मेरे चचेरे भाई की सिर पर मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से हम लोगों को बचाया गया और घटना की जानकारी हमारे परिजनों को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए। मामला शांत ज़ख्मियों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।